ब्याज व्यय 2017-18 में ₹6849 करोड़ की तुलना में 2018-19 में ₹ 264 करोड़ रुपये के ह्रास के साथ ₹6585 करोड़ हुआ। सभी कोष्ठकों में खुदरा मीयादी जमाराशियों पर ब्याज दर के ह्रास के साथ कम ब्याज व्यय सुनिश्चित किया गया। जमा की लागत 2017-18 में 5.30% से कम होकर 2018-19 में 4.96% हो गया। परिचालनगत लाभ में मार्च 2018 में ₹2683 करोड़ से मार्च 2019 में ₹2948 करोड़ की वृदि हुई है।

व्यापार वृद्धि:

जमाराशि:

बैंक की जमाराशि में 31 मार्च, 2019 तक 4.37% की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए ₹134983 करोड़ तक पहुंच गई। 31 मार्च, 2019 तक बैंक की बचत जमा राशि 10.48% की वृद्धि होते हुए ₹58272 करोड़ तक पहुंच गई। कुल जमा राशि में कासा जमा का अंश 31 मार्च, 2019 तक 51.45% हुआ। बैंक की खुदरा मीयादी जमाराशि में ₹242 करोड़ (0.38%) की वर्षवार गिरावट के साथ ₹63681 करोड़ हुआ। थोक जमाराशि का शेयर आगे मार्च 2018 के 2.13% से घटकर मार्च 2019 तक 1.37% हो गया ।

बैंक का ग्राहक आधार मार्च 2019 तक ₹3.88 करोड़ तक हो गया ।



अग्रिम:

बैंक का सकल अग्रिम 31 मार्च, 2019 तक ₹4431 करोड़ (6.45%) तक बढ़कर ₹73123 करोड़ हो गया। ऋण-जमा अनुपात 31 मार्च, 2019 तक 54.17% हो गया। बैंक ने एएनबीसी द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम के लिए निर्धारित 40% का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। खुदरा ऋण उत्पादों के गहन विपणन के परिणाम स्वरूप आवास ऋण में वृद्धि के साथ खुदरा अग्रिम में काफी वृद्धि हुई।

बैंक का गैर खाद्य ऋण ₹ 68111 करोड़ से बढ़कर ₹71549 करोड़ हो गया और खाद्य ऋण 31 मार्च, 2018 को ₹581 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2019 के अंत तक ₹1574 करोड़ हो गया है।



कुल व्यवसाय:

चालू वित्त वर्ष 2018-19 के अंत तक बैंक का कुल कारोबार ₹208106 करोड़ तक पहुंच गया।

प्रति कर्मचारी करोबार के आधार पर उत्पादकता, 31 मार्च, 2018 को ₹13.22 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2019 तक ₹14.96 करोड़ हो गई है।



खुदरा ऋण परिचालन:

वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान अन्य क्षेत्रों में से खुदरा ऋण बैंक का एक प्रमुख क्षेत्र रहा है। बैंक ने खुदरा ऋण के अंतर्गत विकास के प्रमुख भागीदार के रूप में आवास ऋण और बंधक ऋण पर ध्यान देते हुए खुदरा ऋण की मंजूरी के लिए विशेष जोर दिया है। बैंक के कुल खुदरा ऋण पोर्टफोलियो का यह 82.99% है।

खुदरा ऋण के क्षेत्र में व्यवसाय वृद्धि करने के लिए की गई कार्रवाई:

- "युनाइटेड रीटेल लीग- महा फेस्टिवल धमाका" के नाम एवं रुप में 01.10.2018 से 31.03.2019 तक एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान ₹778.50 करोड़ राशि के कुल 4698 आवास ऋण प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया।
- आवास ऋण परामर्शदाताओं को ₹30 लाख और उससे अधिक के छोटे आकार के आवास ऋण का प्रचार-प्रसार करने के लिए नियुक्त किया गया।
- बैंक ने असम सरकार के कर्मचारियों के लिए "आपन घर" योजना के तहत आवास ऋण प्रदान करने के लिए असम सरकार के साथ एमओयू निष्पादित किया।
- बैंक ने "युनाइटेड होम एडवांटेज" योजना के तहत नए प्रकार के आवास ऋणों की शुरूआत की।
- बैंक ने अपने कार ऋण पोर्टफोलियो को गति प्रदान करने हेतु आवास ऋण के पात्र ग्राहकों (मौजूदा और नए दोनों) के लिए आसान ब्याज दरों, शून्य प्रसंस्करण शुल्क तथा न्यूनतम मार्जिन पर कार ऋण का लाभ उठाने के लिए 20.10.2018 को युनाइटेड कोम्बो ऋण योजना (आवास ऋण + कार ऋण) की शुरूआत की।
- "बी.एड पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए त्रिपुरा में अधिवासित मेधावी छात्रों द्वारा उपयोग किए गए शिक्षा ऋणों पर ब्याज सहायकी के लिए मुख्यमंत्री की बी.एड. अनुप्रेरणा योजना" के तहत एक विशेष योजना की शुरूआत की गई जहां ब्याज सहायकी त्रिपुरा सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।
- 12.82% की वर्षवार वृद्धि के साथ खुदरा ऋण में 31 मार्च, 2018 के 11255 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2019 तक ₹12698 करोड़ होते हुए ₹1443 करोड़ की वृद्धि हुई।
- 11.87% की वर्षवार वृद्धि के साथ आवास ऋण क्षेत्र में 31.03.2018 के ₹8615 करोड़ की तुलना में 31.03.2019 को ₹9638 करोड़ होते हुए ₹1023 करोड़ की वृद्धि हुई।
- 14.94% की वर्षवार वृद्धि के साथ ऑटो क्षेत्र के तहत ऋण में 31.03.2018 के ₹783 करोड़ की तुलना में 31.03.2019 को ₹900 करोड़ होते हुए ₹117 करोड़ की वृद्धि हुई।
- 24.31% की वर्षवार वृद्धि के साथ अन्य खुदरा क्षेत्र के तहत ऋण में 31.03.2018 के ₹1440 करोड़ की तुलना में 31.03.2019 को ₹1790 करोड़ होते हुए ₹350 करोड़ की वृद्धि हुई। वृद्धि में सबसे ज्यादा सहयोग बैंक के वेतनभोगी खाता धारकों के व्यक्तिगत ऋण से मिला है।

बैंकएश्योरेंस व्यवसाय:

बैंक अपने गैर-ब्याज आय को बढ़ाने के लिए बैंकएश्योरेंस के माध्यम से जीवन और गैरजीवन बीमा कंपनियां, दोनों के कॉरपोरेट ऐजेंट के रुप में 2004 से बीमा व्यवसाय में सक्रिय है। बैंक ने 01.04.2019 से आईआरडीएआई से पंजीकरण (कंपोजिट) का प्रमाणपत्र प्राप्त किया है जो कि 31.03.2022 तक लागू रहेगा ।

इस वित्तीय वर्ष में कॉरपोरेट एजेंसी व्यवस्था के तहत बैंक ने लाइफ वर्टिकल के तहत एक नए बीमा भागीदार के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ-साथ और दो साझेदार बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कं. लि. और नॉन लाइफ वर्टिकल के तहत टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कं. लि. और स्टैंडअलोन हेल्थ वर्टिकल के तहत स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के अलावा पुनः एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ गठजोड़ किया है।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बीमा व्यवसाय से ₹15.26 करोड़ का कमीशन अर्जित किया है जिसमें से जीवन बीमा व्यवसाय से ₹6.92 करोड़ तथा गैरजीवन बीमा व्यवसाय से ₹8.34 करोड़ की राशि शामिल है।

राजकोष और अंतरराष्ट्रीय परिचालन:

बैंक का निवेश पोर्टफोलियो 21.61% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.03.2018 के ₹51200.67 करोड़ से बढ़कर 31.03.2019 तक ₹62263.02 करोड़ हो गया है। एसएलआर निवेश पोर्टफोलियो 31.03.2018 के ₹33899.57 करोड़ से घटकर 31.03.2019 तक ₹30569.31 करोड़ हो गया है। पोर्टफोलियो संशोधन की अवधि में पिछले वर्ष के 4.66% की तुलना में मार्च 2019 तक 4.15% तक कमी हो गई। बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस)

पोर्टफोलियों की संशोधित अवधि मार्च 2018 के 2.80 से घटकर मार्च 2019 में 1.38 हो गई है।

बैंक ने 11.83% की कमी दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹1444.14 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान राजकोष के घरेलू क्षेत्र से ₹1273.28 करोड़ का कुल व्यापार लाभ अर्जित किया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान निवेश पर औसतन लाभ 7.39% तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान निवेश प्रतिफल 7.66% था।

31.03.2019 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक का विदेशी मुद्रा कुल कारोबार ₹14147.27 करोड़ का हुआ, जिसमें निर्यात के तहत ₹3303.75 करोड़, आयात के तहत ₹1805.98 करोड़ और धनप्रेषण के तहत ₹9037.54 करोड़ शामिल है।

31.03.2019 तक बैंक का बकाया निर्यात ऋण ₹895.15 करोड़ रहा। बैंक ने वर्ष 2017-18 में ₹136.14 करोड़ की तुलना में 2018-19 में ₹146.47 करोड़ का विनिमय लाभ प्राप्त किया।

बैंक की वैदेशिक उपस्थिति दो देशों जैसे; म्यांमार और बांगलादेश में है। ढाका, बांगलादेश और यांगून, म्यांमार में एकएक प्रतिनिधि कार्यालय है। इंडो-बांग्लादेश एवं इंडो-म्यांमार का व्यापार आधारित भुगतान एवं एल सी (LC) व्यापार हमारे बैंक के जरिए किया जाता है। बांगलादेश के उनतीस (29) बैंकों द्वारा यूएसडी और यूरो मुद्रा में तैंतालीस (43) वोस्ट्रो खाते और म्यांमार के इक्कीस (21) बैंकों द्वारा यूएसडी, यूरो और आईएनआर मुद्रा में इकतीस (31) वोस्ट्रो खाते हमारे बैंक में परिचालित किए जा रहे हैं।

ग्लोबल आईएमई बैंक लिमिटेड, नेपाल के यूएसडी एवं आईएनआर मुद्रा में वोस्ट्रो खाते हमारे बैंक में परिचालित किए जा रहे हैं। बैंक का अंतरराष्ट्रीय परिचालन 620 संवाददाता संबंधों के माध्यम से व्यापक नेटवर्क के जरिए समर्थित है एवं वैदेशिक बैंकों में 7 मुद्राओं में खोले गए 16 नोस्ट्रो खाते विदेशों में परिचालित हैं।

अन्य सेवाएं:

बैंक ने 11.04.2018 को कॉल ऑप्शन का प्रयोग कर ₹940.00 करोड़ राशि की एटी-1 बॉन्ड्स (सीरीज़ I से IV) को पुनः प्राप्त किया एवं 25.03.2019 का टियर-2 बॉन्ड (सीरीज IV) को ₹250.00 करोड़ राशि को पुनः प्राप्त किया।

बैंक के पास सेबी द्वारा जारी बैंकर टू एन इश्यू, डिवेंचर ट्रस्टी एवं मर्चेन्ट बैंकर पंजीकरण प्रमाण है, जिसके अंतर्गत नियामक मानदंडों के अनुसार बैंक परिभाषित कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का निर्वाह करता है।

सरकारी व्यवसाय:

सरकारी लेनदेन विभाग विभिन्न प्रकार के सरकारी व्यवसाय संबंधी कार्य करता है जैसा कि नीचे दिया गया है:

- सभी शाखाओं द्वारा केन्द्र सरकार के राजस्व का संग्रहण; जैसे- प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर (सीबीडीटी), वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), सीबीईसी (कस्टम, केंद्रीय उत्पाद शुल्क आदि) का संग्रहण ।
- विभिन्न राज्यों के राजस्व एवं करों का संग्रहण करना ।
- लघु बचत के अंतर्गत सरकारी निक्षेपों, यथा- लोक भविष्य निधि, वरिष्ठ नागरिकों की जमा योजना (एससीएसएस), सुकन्या समृद्धि खाते (एसएसए), विभिन्न प्रकार के सोवरेन गोल्ड बॉड्स, सेविंग्स बॉड्स आदि का संग्रहण ।
- सरकारी निधियों का संचालन (विभागीयकृत मंत्रालयों के खाते, विभिन्न राज्यों में परिचालित राज्य सरकार के राजकोष) ।
- केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं विभिन्न स्वायत्त संगठनों, यथा- ईएफपीओ, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट, दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, डब्ल्यूबीएसईडीसीएल आदि के विभिन्न प्रकार के पेंशनों का संवितरण।
- नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) को पेंशन फंड रेग्युलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) के साथ लेकर चलने का दायित्व निभाता है।
- समय-समय पर घोषित सरकार प्रायोजित योजनाओं का कार्यान्वयन ।
- पेंशनरों में आवश्यक सूचना के प्रसार की सुविधा के लिए बैंक में 'वेबसाइट एंड ऑनलाईन पेंशनर्स' शिकायत पोर्टल पर एवं पेंशन संवितरण करनेवाली शाखाओं में 'पेंशनर्स चार्टर' प्रदर्शित किया गया है। बैंक के बेबसाइट में पे-स्लीप को कस्टमाइज किया है। जीवन प्रमाण के रूप में पेंशनरों के लिए किया गया लाइफ सर्टिफिकेट का डिजिटाइजेशन काफी प्रयोग में है।
- इस वित्तीय वर्ष **(2018-19)** के दौरान इस तरह के व्यवसाय पर अर्जित एजेंसी कमीशन एवं बैंक द्वारा संचालित सरकारी व्यवसाय के कुल टर्न-ओवर की राशि-

(₹ करोड़ में)

व्यवसाय का प्रकार	टर्नओवर	अर्जित कमीसन
कर	6615.17	3.35
पेंशन	5678.58	22.76
राजकोष, डीएमए, अन्य	8398.38	5.14
पीपीएफ, एससीएसएस, एसएसए, बांड एवं एसडीएस	1864.96	1.13
कुल	22557.09	32.38

आस्ति गुणवत्ता और जोखिम प्रबंधन:

आस्ति गुणवत्ता:

ताजा फिसलन को रोकने और वसूली को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने कई सुधारात्मक उपाय किए हैं। एनपीए प्रबंधन और निगरानी में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग स्वतः पहचान और दबावग्रस्त आस्तियों के वर्गीकरण के लिए अपनाया गया ताकि ताजा फिसलन के साथ-साथ फिसल गए खातों के त्वरित उन्नयन के लिए त्वरित और अग्रसक्रिय कदम उठाए जा सकें।

क्षेत्र स्तर पर एसएमए/एनपीए श्रेणियों में दबावग्रस्त आस्तियों की प्रभावी निगरानी और वसूली तंत्र को फील्ड स्तर पर सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न विभागों/अनुभागों/शाखाओं से समर्पित अधिकारी बल को पूल के माध्यम से प्रतिनियुक्त करके निगरानी और ऋण विभागों को मजबूत किया गया।

दबावग्रस्त आस्तियों की प्रभावी और बारीक अनुवर्ती कार्रवाई के लिए शीर्ष अधिकारियों/नियंत्रक महाप्रबंधकों के समक्ष दैनिक स्थिति रखी गई थी।

2018-19 में बूस्ट रिकवरी के लिए की गई प्रमुख पहल

- अलग तीन टायर वर्टिकल गठित "स्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट वर्टिकल (एसएएमवी)" और 9 स्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट शाखाएँ (एसएएमबी) खोली गईं।
- ओटीएस के माध्यम से वसूली को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई स्पेशल ओटीएस स्कीम 2018-19 (₹25 लाख तक के छोटे टिकट के लिए) और युनाइटेड स्पेशल ओटीएस स्कीम 2018-19 (टिकट का आकार ₹25 लाख से से ₹10 करोड़ तक)।
- स्वचालित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ओटीएस प्रस्ताव का ऑनलाइन प्रसंस्करण लागू किया गया।
- वसूली में हमारे क्षेत्र के कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए पुरस्कृत योजनाओं का प्रारंभ।
- पैन इंडिया आधार पर चार्ज की गई प्रतिभूतियों की मेगा ई-नीलामी का आयोजन किया।
- वर्ष के दौरान 5 चरणों में एआरसी आदि को आस्तियों की बिक्री का संचालन किया।
- संदिग्ध-3 और शैडो खातों में एनपीए से वसूली में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाए गए।

प्रत्येक महाप्रबंधक ने अपने नियंत्रण के तहत 2/3 क्षेत्रों के एनपीए प्रबंधन की निगरानी की थी।

फील्ड स्टाफ और उधारकर्ताओं के साथ प्रधान कार्यालय से शीर्ष प्रबंधन की नियमित बातचीत ओटीएस प्रस्ताव और स्पॉट अनुमोदन के प्रस्ताव के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई।

इन व्यवस्थित प्रयासों के परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2018-19 में ताजा फिसलन पिछले वर्ष के ₹8606.26 की तुलना में घटकर ₹2870.52 करोड़ हो गया और 31.03.2019 को सकल एनपीए 31.03.2018 के ₹16552.11 करोड़ (24.10%) से घटकर 31.03.2019 को ₹12053.38 करोड़ (16.48%) हो गया।

वर्ष के दौरान एनपीए खातों से नकद वसूली की राशि पिछले वर्ष में हुई ₹501.35 करोड़ से उछलकर ₹1264.80 करोड़ पहुँच गई। वित्त वर्ष 2018-19 में, एनसीएलटी के माध्यम से तीन बड़े कंपनी एनपीए खाते, जिनकी कुल बकाया राशि ₹1223.07 करोड़ थी, निपटाए गए और 7 (सात) कंपनी ऋण (कुल बकाया राशि ₹696.97 करोड़) खाते एआरसी समूह को बेच दिए गए।

बैंक का शुद्ध एनपीए अनुपात 31.03.2018 को 16.49% से घटकर 31.03.2019 को 8.67% हो गया। निरपेक्ष शब्दों में, शुद्ध एनपीए 31.03.2019 को ₹5785.61 करोड़ रहा जबकि 31.03.2018 को ₹10316.30 करोड़ था। बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात 31.03.2019 को 72.94% था।

वर्ष 2018-19 के दौरान, पिछले साल में ₹99.53 करोड़ के मुकाबले तकनीकी रूप से बट्टे खाते वाले खातों में नकद वसूली बढ़कर ₹342.27 करोड़ हो गई है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 में आईबीसी-2016 के तहत एनसीएलटी में कई मामलों को संदर्भित किया गया है, जहाँ कंसोर्टियम/बहु बैंकिंग व्यवस्था के तहत हमारा प्रदर्शन ₹4171.09 करोड़ है और एकल बैंकिंग व्यवस्था में ₹657.24 करोड़ है। यह उम्मीद है कि हमारे बैंक को वित्त वर्ष 2019-20 में ऐसे मामलों के समाधान से एक अच्छा-खासा हिस्सा मिलेगा।

पूंजी एवं आरक्षित निधियां

31 मार्च, 2019 को बैंक का निवल मालियत ₹4999 करोड़ निर्धारित किया गया था। बैंक की कुल चुकता पूंजी ₹7428 करोड़ थी। सरकार की बैंक में शेयरधारिता मार्च, 2019 में 96.83% रही।

(₹ करोड़ में)

विवरण	मार्च 2018	मार्च 2019
	बासेल-III मानदंड	बासेल-III मानदंड
जोखिम भारित परिसंपत्तियाँ	63543	59432
सीईटी 1 पूँजी	5331	6028
टीयर 1 पूँजी	6271	6028
टीयर 2 पूँजी	1748	1700
कुल पूँजी	8019	7728
सीईटी 1 अनुपात (%)	8.39	10.14
टियर 1 अनुपात (%)	9.87	10.14
सीआरएआर (%)	12.62	13.00

मार्च, 2019 में पूंजी पर्याप्तता अनुपात बासेल-III के मानदण्डों के तहत 13.00%, टीयर 1 के अनुपात के साथ 10.14% एवं टीयर 2 अनुपात 2.86% निर्धारित किया गया। बैंक के पास व्यवसाय वृद्धि की गति को समर्थन करने हेतु पूंजी बढ़ाने के लिए टीयर 1 और टीयर 2 विकल्पों के तहत पर्याप्त हेडरुम उपलब्ध हैं।

जोखिम प्रबंधन ढांचा:

बैंक के जोखिम सीमा के निर्धारण की समग्रत: जिम्मेदारी और प्रभावी जोखिम प्रबंधन का दायित्व बैंक के निदेशक मंडल और शीर्षस्थ प्रबंधन पर है। बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए बैंक ने एक बोर्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसका नाम निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबीओडी) है। यहां बैंक के विभिन्न जोखिम प्रबंधन कार्यों एवं गतिविधियों का पर्यवेक्षण करने के लिए शीर्ष कार्यपालकों की कुछ अन्य आंतरिक समितियां भी हैं, जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) और आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को)।

बैंक की आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) ब्याज दर और चलनिधि जोखिमों की रणनीतिक प्रबंधन के लिए एक निर्णय लेने योग्य समिति है। एल्को की वर्ष के दौरान 18 बार बैठकें हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई जैसे- ब्याज दरों के परिदृश्य, जमा और अग्रिम दोनों के लिए उत्पाद मूल्य, वृद्धिशील आस्तियों एवं देयताओं के अपेक्षित परिपक्वता रुपरेखा, बैंक नीधियों की मांग, बैंक के एमसीएलआर का पुननिर्धारण, बैंक के नकद प्रवाह, लाभ योजना और समग्र तुलनपत्र प्रबंधन।

परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) पर बैंक की परिचालन जोखिम की निगरानी करने और एक स्पष्ट परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली के अभिकल्पन एवं निर्वाह द्वारा परिचालन जोखिम के निवारण हेतु मूल्यांकन एवं आवश्यक कदम उठाने का दायित्व है। यह सुनिश्चित करती है कि परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति के मानदंडो, नीतियों एवं दिशा-निर्देशों का दृढ़ता पूर्वक पालन किया जा रहा है। परिचालन जोखिम दृष्टिकोण से विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए ओआरएमसी की वर्ष के दौरान 11 बार बैठकें हुई ।

ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) बैंक के व्यापक आधार पर ऋण नीति, प्रक्रिया और विश्लेषण, प्रबंध और नियंत्रण ऋण जोखिम से संबंधित विभिन्न ऋण जोखिम के पहलुओं की निगरानी करता है। ऋण जोखिम के दृष्टिकोण से विभिन्न मुद्दों पर विचारविमर्श करने के लिए वर्ष के दौरान समिति की 12 बार बैठकें हुई ।

जोखिम प्रबंधन की नीतियां:

विभिन्न जोखिमों जैसे ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, चलनिधि जोखिम, विदेशी मुद्रा जोखिम और स्तंभ-II जोखिमों, पर चर्चा करने और ऐसे जोखिमों, जिसमें बैंक की संभावनाएं हैं, को पहचानने, प्रबंधित करने एवं उसके निवारण हेतु, बैंक ने विभिन्न जोखिम प्रबंधन नीतियां तैयार की हैं। इस प्रकार के जोखिमों से निपटने के लिए बैंक के निदेशक मंडल द्वारा ऋण नीति, आईसीएएपी पर नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, व्यवसाय लाइन मैपिंग नीति, आस्ति देयता प्रबंधन नीति, निवेश नीति, प्रकटीकरण नीति, अस्थायी प्रावधान नीति, ऋण लेखा नीति, दबाव परीक्षण नीति और ऋण जोखिम निवारण तकनीक और संपार्श्विक प्रबंधन पर नीति आदि प्रमुख नीतियां विकसित एवं अनुमोदित की गई हैं।

ऋण जोखिम:

ऋण जोखिम से निपटने के लिए, बैंक ने एक ऋण नीति तैयार की है जिसमें ऋण जोखिम संबद्ध समस्त परिचालन क्षेत्रों को शामिल करते हुए ऋण प्रबंधन के नीतिगत दिशा-निर्देश निर्धारित हैं। यह नीति बैंक को अपने ऋण संविभाग में एक नियमित और स्वस्थ विकास के लिए नीतिगत ढांचे द्वारा निर्देशित ऋणगत निर्णयों के द्वारा जोखिम प्रबंधन क्षमताओं की वृद्धि करने के लिए सक्षम बनाती है।

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुयोजन में व्यक्तिगत उधारकर्ताओं, समूह उधारकर्ताओं, प्रवेश स्तरीय निवेश मानदंड, पर्याप्त निवेश सीमा, बेंचमार्क वित्तीय अनुपात, उधारकर्ता मानकों, उद्योगों के लिए निवेश सीमा/अधिकतम सीमा, संवेदनशील क्षेत्रों, मूल्याकंन वर्ग आदि विभिन्न प्रकार की विवेकाधिकार सीमा का निर्धारण किया है। वर्ष के दौरान इस प्रकार की सीमाओं को बोर्ड द्वारा समीक्षित किया गया है।

वर्ष के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक/बैंक के बोर्ड द्वारा तय की गई निवेश सीमा/अधिकतम सीमा के भीतर बैंक के विभिन्न निवेशों को सुनिश्चित करने के लिए छमाही आधार पर विभिन्न निवेश मानदंडों का विश्लेषण किया गया है।

बैंक ने जोखिम मूल्यांकन कार्य से स्वतंत्र अपने ऋण मूल्याकंन कार्य का निर्धारण किया है। ऋण खातों का आंतरिक जोखिम मूल्याकंन, ऋण प्रस्तावों का आकलन एवं उधारकर्ता के मूल्याकंन करने वाले एक सॉफ्टवेयर आधारित मूल्यांकन मॉडल के माध्यम से किया जाता है।

बैंक ने वर्ष के दौरान, बैंक के ऋण संविभाग पर विशेष उद्योग/क्षेत्र के प्रभाव का अध्ययन करने और ऋण संविभाग की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए रणनीतियों को अपनाने और संकेन्द्रण जोखिम के संभावित प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए, त्रैमासिक अंतराल पर ऋण संविभाग विश्लेषण का आयोजन किया ।

वर्ष के दौरान, बैंक ने भी एक वर्ष, दो वर्ष, तीन वर्ष और चार वर्षों की समय सीमा के लिए स्थिरता दर, उन्नयन दर, निम्न कोटि निर्धारण दर एवं चूक दर का विश्लेषण करने के लिए छमाही अंतराल पर अपने उधारकर्ताओं का मूल्याकंन स्थानानंतरण विश्लेषण करने का कार्य शुरू किया है एवं संविभाग की गुणवत्ता को सुरक्षित रखने के लिए उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई की गई है।

बाजार जोखिम:

बाजार जोखिम के प्रबंधन के लिए, बैंक ने नकदी, ब्याज दर, विदेशी मुद्रा और बैंक की इक्विटी जोखिम को मापने, निगरानी एवं प्रबंध करने पर जोर दिया है। व्यापार बही में बाजार जोखिम की निगरनी एवं प्रबंधन उसके उपयुक्त नियत्रंण प्रणाली द्वारा की जाती है। बाजार की स्थिति, वित्त पोषण पैटर्न, अवधि, प्रतिपक्ष सीमा और विभिन्न संवेदनशील मानकों की भी नियमित आधार पर बैंक द्वारा निगरानी की जाती है। उन्नत जोखिम प्रबंधन उपकरण जैसे- जोखिम पर मूल्य (वीएआर), उपार्जन पर जोखिम (ईएआर), निवल एक दिवसीय खुली स्थिति सीमा (एलओओपीएल) और संशोधित अवधि सीमा का भी बाजार जोखिम के प्रबंधन में उपयोग किया जाता है।

बैंक नियमित आधार पर संरचनात्मक चलनिधि विवरणों और शेयर अनुपातों के माध्यम से तुलन पत्र के सभी मदों की चलनिधि जोखिम को मापती एवं निगरानी करती है। बैंक ब्याज दर संवेदनशीलता अंतराल रिपोर्टों के माध्यम से इसके ब्याज दर जोखिम की भी निगरानी करता है।

बैंक ने राजकोष कार्यों के लिए परिचालनगत दिशा-निर्देशों को लागू करने हेतु अपनी निवेश नीति का प्रतिपादन एवं समीक्षा किया है। बैंक ने चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम आदि से निपटने के लिए एक आस्ति देयता प्रबंधन नीति को भी लागू किया है। इन नीतियों में प्रबंधन कार्य, प्रक्रिया, विवेकसम्मत जोखिम सीमा, समीक्षा व्यवस्था और रिपोर्टिंग प्रणाली आदि शामिल हैं। इन नीतियों की समय-समय पर वित्तीय एवं बाजार की स्थिति में परिवर्तन होने के क्रम में समीक्षा की जाती है।

बैंक के निवेश संविभाग के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को सुदृढ़ करने के साथ बाजार जोखिम के लिए पूंजी प्रभार के स्वचालित गणना के साथ चल रहे आधार पर अपने निवेश एवं राजकोष संविभाग की निगरानी के लिए बैंक के पास "एकीकृत राजकोष प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस)" सॉफ्टवेयर है।

परिचालनगत जोखिम:

प्रभावी ढंग से एक परिचालनगत जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक ने एक परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की है। विभिन्न उत्पादों, गतिविधियों और विभिन्न व्यवसाय श्रेणी में आय की संगणना के लिए बैंक ने व्यवसायिक ऋंखला संगणना नीति भी तैयार की है।

बैंक के परिचालनगत जोखिम की निगरानी करने का दायित्व परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) का है। ओआरएमसी द्वारा बैंक द्वारा अपनायी गई प्रणाली, प्रक्रिया, नए उत्पाद तथा परिचालन जोखिम लॉस इभेन्ट डाटा की भी समीक्षा की जाती है और आंतरिक प्रणाली तथा प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए सुधारात्मक/निवारक उपाय करने हेतु यह सुझाव देता है।

बासेल-III अनुपालन:

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी मार्गदर्शी की श्रृंखला में प्रभावी तिथि 31 मार्च, 2009 से बैंक ने बासेल ढांचे की सफलता के साथ ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण (एसए) परिचालनगत जोखिम के लिए मूल संकेत दृष्टिकोण (बीआईए) और पूंजी पर्याप्तता अनुपात की गणना के लिए बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण (एसडीए) का माइग्रेट किया है ।

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देश के अनुसरण में प्रभावी तिथि 01 अप्रैल, 2013 से बासेल पूंजी नियामक मानदंडों का अनुसरण किया है। बैंक द्वारा तिमाही अंतराल में बासेल-III मानदंडों के तहत, जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) में पूंजी की गणना की जाती है।

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के स्तंभ 2 दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के तहत सभी वस्तु जोखिम,जिससे बैंक प्रभावित है एवं जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया, जिसे उन जोखिमों के प्रबंधन एवं समाप्त करने के लिए लागू किया गया है तथा उन जोखिमों के अनुरूप पूँजी पर्याप्तता अनुपात के साथ मूल्यांकन हेतु एक नीति तैयार की है ।

आईसीएएपी नीति के साथ, बैंक वार्षिक आधार पर आईसीएएपी दस्तावेज तैयार करता है और बैंक के निदेशक मंडल द्वारा आंतरिक सत्यापन और अनुमोदन के बाद भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत किया जाता है। वर्ष 2018-19 के लिए बैंक के आईसीएएपी दस्तावेज आरबीआई को प्रस्तुत किया गया है।

बैंक ने बासेल-III के मानदंडों के तहत अपनी पूंजी की आवश्यकता की समीक्षा की और अपने पूंजी आधार को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। बैंक ने आईसीएएपी के तहत इसके जोखिम संकेंद्रण पर तिमाही आधार पर बैंक की पूंजी की आवश्यकता और निगरानी के लिए समीक्षा की है ।

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों और बैंक के तनाव परीक्षण नीति के अनुसार बैंक ने लिक्विडिटी रिस्क, ब्याज दर जोखिम, विदेशी मुद्रा जोखिम और ऋण जोखिम जैसे विभिन्न जोखिमों पर त्रैमासिक अंतराल पर तनाव परीक्षण विश्लेषण का आयोजन किया और पूंजी पर्याप्तता और मुनाफे का आकलन भी किया ।

जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में कौशल विकास के लिए, बैंक ने सीएएफआरएएल, एनआईबीएम, आईबीए, आईडीआरबीटी, सीएबी आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा किए गए जोखिम प्रबंधन पर विभिन्न प्रशिक्षण/सेमिनार के लिए नियमित आधार पर अपने अधिकारियों को मनोनीत किया।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को 31 मार्च, 2019 तक बैंक द्वारा 40% निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध ₹35406 करोड़ ऋण दिया गया है जो कि एएनबीसी का 50.20% है। बैंक ने एमएसएमई के अंतर्गत लघु और सीमांत किसान, माइक्रो उद्यम, इसके अलावा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों के अन्य संभाव्य अवसरों यथा एसएचजी ऋण सहबद्धता, केसीसी, लघु चाय संवर्धक को वित्तपोषण, खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण इकाईयों के वित्तपोषण, दुग्ध उत्पादन की बड़ी इकाईयों को वित्तपोषण, मुर्गी पालन, नियंत्रित हालत में (पाली हाउस) सब्जी और फूल, कृषि आदि के लिए वित्तपोषण किए हैं।

कृषि ऋण:

बैंक ने वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान रु 6417 के लक्ष्य के मुकाबले ₹4040 करोड़ संवितरित कर 63% का लक्ष्य प्राप्त किया है। 31 मार्च 2019 को कृषि क्षेत्र को ऋण ₹13258 करोड़ रहा, जो एएनबीसी के निर्धारित 18% लक्ष्य के मुकाबले 18.80% है। वर्ष 2018-19 में लघु एवं सीमांत किसानों को ₹7108 करोड़ ऋण डीआईवाईएए जीएवाईएए जो एएनबीसी की निर्धारित 8% लक्ष्य के मुकाबले 10.08% है।

कमजोर वर्ग के लिए ऋण:

31 मार्च 2019 को कमजोर वर्ग का ऋण ₹10443 करोड़ हो गया है और जो 14.81% की निर्धारित एएनबीसी के लक्ष्य के मुक़ाबले में 10% है।

अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ऋण:

31 मार्च 2019 की समाप्ति पर बैंक का अल्पसंख्यक समुदाय ऋण ₹5331 करोड़ हो गया जो शर्त के अनुरूप पीएसएल के 15.05% है।

किसान क्रेडिट कार्ड:

केसीसी के दायरे में नए किसानो को लाने हेतु बैंक ने अधिक संख्या में किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए 01.12.2018 से 30.03.2019 के दौरान अनेकों विशेष शिविरों एवं एक कृषि ऋण अभियान का आयोजन किया। वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक ने 19995 नया केसीसी जारी किया जिसकी ऋण सीमा ₹150 करोड़ रहा। 31 मार्च 2019 को कुल बकाया केसीसी की संख्या 595828 रहा, जिसमें कुल बकाया राशि ₹3042 करोड़ रहा। सरकार के दिशा निदेशों के अनुसार सभी केसीसी धारकों को सक्षम रूपे आधारित एटीएम कार्ड जारी करने के संबंध में, बैंक ने केसीसी धारकों (एन.पी.ए.केसीसी को छोडकर) को 31.03.2019 तक ₹5.68 लाख एटीएम कार्ड जारी किया है, इस तरह सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर समस्त परिचालित केसीसी को रुपे केसीसी में पूर्ण परिवर्तित करने के लक्ष्य को प्राप्त किया।

स्वयं सहायता समूह:

31 मार्च 2019, को बैंक का 121427 स्वयं सहायता समूहों के साथ क्रेडिट लिंकेज है, जिसमें कुल बकाया राशि ₹1095 करोड़ है। एसएलबीसी, पश्चिम बंगाल के निर्णय के अनुसार प्रथम ग्रेडिंग के स्वयं सहायता समूह को ₹1.50 लाख की प्रारम्भिक क्रेडिट सीमा प्रदान करते हुए बैंक ने स्वयं सहायता समूह के लिए एनआरएलएम कार्यक्रम को लागू किया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (सीबीआरएम) की सहायता से बैंक ने समुदाय आधारित वसूली तंत्र (एसआरएलएम) में भाग लेना शुरू किया है, जिससे शाखाओं में बैंक सखी/बैंक मित्र को रखा गया है।

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व:

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के रूप में, बैंक ने युनाइटेड बैंक सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रम की नीव (युबीएसईडीएफ) के माध्यम से निम्नलिखित गतिविधियों में कार्य शुरू किया है:

युनाइटेड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (युबीआरएसईटीआई):

बैंक ने अब तक 16 आरसेटी, पश्चिम बंगाल (6), असम (8) और त्रिपुरा (2) राज्यों में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से संभावित उद्यमियों को प्रशिक्षण देने के लिए गठित की है।

आरसेटी सक्रिय रूप से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है यथा एसएचजी मोड के अंतर्गत वीसीआई, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां, अन्य रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा सरकारी कार्यक्रम जैसे - पीएमईजीपी, कौशल विकास आदि।

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, इन संस्थानों ने 9450 उम्मीदवारों के निर्धारित लक्ष्य के एवज में 9853 ग्रामीण युवाओं/महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया है, जिनमें से 42% प्रशिक्षुओं ने आर्थिक उद्यम की स्थापना कर स्वयं को स्थापित कर लिया है। ये संस्थान प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के बाद उन्हें सहारा देते हुए हमारे बैंक की शाखाओं से ऋण की व्यवस्था कराते हैं ताकि वे स्वयं के उद्यम स्थापित करने में सक्षम हो सके।

एफएलसीसी:

समाज के गरीब वर्ग को वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श सेवाओं का विस्तार प्रदान करने के लिए बैंक ने पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और मणिपुर राज्यों में 38 वित्तीय साक्षरता केन्द्र (एफएलसी) का गठन किया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में, यह एफएलसी नियमित रूप से आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें बाहरी गतिविधियों के लिए वित्तीय साक्षरता प्रदान करना भी शामिल है।

युनाइटेड बैंक सामाजिकआर्थिक विकास फाउंडेशन (युबीएसईडीएफ):

बैंक के निदेशक मंडल के निर्णय के अनुसार सामाजिक और आर्थिक विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य तथा समाज के कमजोर और विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग को सहायता प्रदान करने के लिए, 30 मार्च 2007 को युनाइटेड बैंक सामाजिक आर्थिक विकास फाउंडेशन (युबीएसईडीएफ) को स्थापित किया गया था । बैंक ने 31.03.2019 तक अपने सीएसआर गतिविधियों के लिए 93 विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों में ₹327.43 लाख की कुल राशि की वित्तीय सहायता प्रदान किया है। वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान हेल्थ केयर, लाईब्रेरी रूम निर्माण, ई-स्लेटों का वितरण, सामजिक गतिविधियों के लिए कंबल एवं गाडियां आपूर्ति के तहत प्रस्तावों को सहायता देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस साल, बैंक ने 5 परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए संबंधित संगठनों द्वारा समाज हेतु ₹30.28 लाख संवितरित किया है ।

नीतिगत मामलें:

विभाग प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, ग्रामीण और कृषि ऋण संविभागों से संबंधित सभी नीतियों का पहल तथा कार्यान्वयन करता है और तदन्तर परिपत्र भी जारी करता है। यह आरआईडीएफ और आईबीपीसी के माध्यम से निवेश/विस्तारित किए गए धन को भी नियंत्रित करता है एवं उत्पादन ऋण के अंतर्गत उधारकर्ताओं की विभिन्न श्रेणियों के लिए ब्याज और प्रोत्साहन अनुदान योजनाओं को लागू करता है।

इसके अलावा, विभाग के पास ऋण के माध्यम से, बैंक से जुड़े कृषकों के संबंध में पीएमएफबीवाई तथा अन्य सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन की जिम्मेदारियां भी हैं।

एमएसएमई:

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान एम एस एम ई के अन्तर्गत बैंक का अग्रिम 31.03.2018 के ₹11852 करोड़ से बढकर 31.03.2019 तक ₹12522 करोड़ हो गया। समग्र रूप से 2018-19 में वर्षवार बैंक के एमएसएमई संविभाग में 5.65% वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इसे युक्तिसंगत माना जा सकता है।

एमएसएमई, बैंक के उधार में एक प्रमुख घटक होने के कारण, बैंक के एमएसएमई संविभाग को समुन्नत करने के उद्देश्य से निम्नलिखित पहल किए गए:

- टीआरईडीएस (व्यापार प्राप्तियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक छूट प्रणाली) प्लेटफार्म के साथ बैंक ने अपना पंजीकरण करवाया एवं बीजकों के फैक्टरिंग के माध्यम से व्यवसाय परिचालन की शुरूआत की।
- एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम के दौरान बैंक के सर्वोच्च कार्यपालकों की उपस्थिति में एमएसएमई व्यवसाय को बढाने हेतु देश के विभिन्न भागों में अनेक एमएसएमई ग्राहक बैठक आयोजित किए गए ।
- एमएसएमई संविभाग की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए एमएसएमई ऋण पर शाखा प्रबंधकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।
- मुद्रा श्रेणी के अंतर्गत बैंक ने ₹10.00 लाख तक के एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत संपार्श्विक मुक्त ऋण के लिए एवं सीजीटीएमएसई गारंटी कवरेज के तहत ₹10.00 लाख से उपर ₹200 लाख तक के ऋण को प्रोत्साहित किया।
- बैंक ने सही मायने में लक्ष्य समूह अ.जा./अ.ज.जा एवं महिला उद्यमियों को "स्टैंड अप इंडिया" योजना को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से ऋण उपलब्ध कराया है ।
- बैंक ने एमएसएमई के जरूरतों को पूरा करने एवं इस क्षेत्र में ऋण प्रवाह को बढ़ाने हेतु एमएसएमई ऋण की मंजूरी को गति देने के लिए 10 एमएसएमई वर्टिकल की शुरुआत की। अन्य व्यवसायिक केंद्रो पर प्रभावी तिथि 07.05.2019 से 15 नए एमएसएमई वर्टिकल ने कार्य आरंभ किया है। इस तरह कुल एमएसएमई वर्टिकल 25 हो गई।
- भा.रि.बै. के दिशानिदेश के अनुसार बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में उधार देने के लिए एसआरईआई इक्विपमेंट फाइनैन्स लिमिटेड के साथ ऋण का सह-उत्पादन आरंभ किया है।

अग्रणी बैंक प्रभाग और स्टेट स्तरीय बैंकर्स समिति:

अग्रणी बैंक योजना की शुरुआत आरबीआई द्वारा दिसंबर 1969 में की गई थी। अग्रणी बैंक योजना की परिकल्पना आबंटित किए गए जिलों के संबंधित बैंकों, व्यक्तिगत बैंक (सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों) को अग्रणी बैंक की जिम्मेदारियाँ सौपना है। अग्रणी बैंक सदस्य बैंको के संयुक्त प्रयास के माध्यम से समावेशी ऋण वृध्दि संबंधी राष्ट्रीय लक्ष्य को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे।

पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा राज्य में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) का संयोजक है। ऐसा माना जाता है कि, 43 जिलों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है जिसमें पश्चिम बंगाल में 11 जिले, असम में 16 जिले, मणिपुर में 8 जिले और त्रिपुरा में 8 जिले शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल एवं त्रिपुरा राज्यों का अग्रणी बैंक होने के नाते, बैंक दोनों राज्यों के लिए वार्षिक ऋण योजनाओं (एसीपी) को बनाने और अंतिम रूप देने में सक्रिय रूप से शामिल है तथा विभिन्न सामाजिक आर्थिक गतिविधियों के कार्यान्वयन, सरकारी योजनाएं आदि के लिए उपयुक्त कार्य योजना बना रहा है, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखने के अलावा वर्ष के दौरान दोनों राज्यों के आउटरीच कार्यक्रम एवं भारत सरकार की प्रमुख पहल अर्थात ग्राम स्वराज अभियान एवं एमएसएमई सपोर्ट के साथ भी एसएलबीसी सक्रिय रूप से शामिल थी। अग्रणी जिला प्रबंधक जिला ऋण योजनाओं की तैयारी एवं ब्लॉक स्तर पर इसे लागू करने में समान रूप से शामिल हैं।

शाखाओं की कार्यनिष्पादन समीक्षा के लिए एसएलबीसी की बैठकें नियमित रूप से त्रैमासिक आधार पर आयोजित की जाती हैं। पश्चिम बंगाल में एसएलबीसी की 144वीं बैठक दिनांक 12.03.2019 को आयोजित हुई थी जबकि त्रिपुरा में एसएलबीसी की 128वीं बैठक दिनांक 15.03.2019 में हुई। पश्चिम बंगाल के लिए एसएलबीसी की बैठक मुख्य सचिव, वित्त सहित बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में की गई जबकि मुख्य सचिव के साथ प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने त्रिपुरा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा राज्य के लिए संयोजक के रूप में वार्षिक ऋण योजना के सफल क्रियान्वयन की निगरानी के लिए जिम्मेवार है, विभिन्न प्रायोजित योजना अर्थात डीएवाई-एनआरएलएम, डीएवाई-एनयूएलएम, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना। एसएचजी बैंक लिंकेज के संदर्भ में बैंक का प्रदर्शन विभिन्न मंचों पर नोट किया गया था। इसके अलावा, बैंक दोनों राज़्यों के विभिन्न बैंक शाखाओं पर आधार सीडिंग केंद्र स्थापित करने का साधन था और विभिन्न तरह के वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के द्वारा डिजिटल बैंकिंग को प्रसारित करने में सहायता की।

आरबीआई तथा डीएफएस के दिशा निर्देशों के अनुरूप बैंक रहित ग्रामीण केन्द्रों (यू आर सी) मे बैंकिंग आउटलेट खोलने में एसएलबीसी डेस्क सहायक रही है। 2018-19 में, अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सर्वेक्षण की प्रक्रिया के माध्यम से पहचाने गए 72 बैंक रहित ग्रामीण केन्द्रों में से 47 केन्द्रों पर बैंको ने बैंकिंग आउटलेट खोले हैं।

2018-19 में, बैंकों ने पश्चिम बंगाल में 72 यूआरसी में से 47 में बैंकिंग आउटलेट खोले हैं, जैसा कि लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर्स द्वारा सर्वेक्षण की प्रक्रिया के माध्यम से पहचाना जाता है। त्रिपुरा राज्य के लिए भी एसएलबीसी द्वारा इसी तरह के प्रयास किए गए हैं।

मौसम 2018-19 में आलू की बम्पर उत्पादन के कारण आलू को बहुत कम दामों पर बेचने को बाध्य किसानो के लिए राज्य सरकार द्वारा एक पूर्वनिर्धारित दर पर आलू की खरीद के संबंध में मंजूरी एवं तद संबन्धित व्यवस्था एसएलबीसी, पश्चिम बंगाल द्वारा लिया गया एक अभूत पूर्व निर्णय था।

इस प्रयोजन के लिए राज्य के सभी कोल्ड स्टोरों के 15% स्थान को चिन्हित करके खरीदे गए आलू को कोल्ड स्टोर में रखा गया था। इसलिए की गई कार्रवाई से उत्पादक किसानों की प्रसन्नता के लिए आलू की कीमत का स्वतः समायोजन हो गया।

वित्तीय समावेशन

डिजिटल भुगतान और मोबाइल प्रौद्योगिकी के विकास के साथ अब इस सुविधा के द्वारा बैंक सुविधा रहित आम लोगों को उन्नत उत्पाद उपलब्ध करा रहा है। फिनटेक, एक अभूतपूर्व गति से वित्तीय समावेशन का चेहरा बदल रहा है। 13381 गांवों में जहां बैंकिंग सेवा नहीं थी, ऐसे गांवों में 4252 बैंक मित्र के बड़े नेटवर्क द्वारा नवीनतम और उत्तम प्रौद्योगिकी के माध्यम से वंचित लोगों को उनके दरवाजे पर विभिन्न बुनियादी बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

2018-19 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान वित्तीय समावेशन और प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के कार्यान्वयन की उपलब्धियों की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं।

1. बैंक मित्रों ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान ₹1365.66 करोड़ रुपये से आगे बढ़ कर ₹1856.41 करोड़ का संग्रहण किया, जिससे इस अवधि के दौरान ₹490.75 करोड़ (35.94% वृद्धि वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि दर्ज की गई। इसी अवधि में एसबीएफआईएस खातों की संख्या ₹103.37 लाख से बढ़कर ₹113.1 लाख हो गई, जिससे 9.45% वर्ष दर वर्ष की वृद्धि दर्ज की गई।
2. एफआई आवर्ती जमा (आरडीएफआईएस) योजना ने संख्या के संदर्भ में 233.95% (31.03.2019 को 106485 खाते) और 31.03.2019 को ₹1416.39 लाख के संदर्भ में 154.78% की वृद्धि दर्ज की है।
3. युनाइटेड जेएलजी सूक्ष्म वित्तपोषण के अंतर्गत नगण्य एनपीए के साथ कुल संस्वीकृति में 31.03.2019 को ₹434.84 करोड़ (वर्ष दर वर्ष 53.61% की वृद्धि) की वृद्धि हुई।
4. बैंक ने नई आरंभ की गई "युनाइटेड समृद्धि" योजना पर ध्यान केंद्रित किया जिसके अंतर्गत 8002 व्यक्तियों को छोटे ऋण प्रदान किए गए और पोर्टफोलियो 31.03.2018 को ₹45.69 करोड़ से बढ़कर 31.03.2019 तक ₹86.33 करोड़ हो गया। बैंक ने नए भौगोलिक क्षेत्रों में विशिष्ट एमएसएमई क्लस्टर पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ "युनाइटेड समृद्धि" योजना को नए रूप में आरंभ भी किया है।
5. बैंक ने वर्ष दर वर्ष प्रमुख पीएमजेडीवाई योजना के तहत निरंतर प्रगति की, जिसमें 31.03.2019 को खातों की संख्या ₹1.30 करोड़ तक बढ़ी।
6. 31.03.2019 को प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत कुल पंजीकरण ₹4.48 लाख तक बढ़ गया, जबकि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत पंजीकरण 31.03.2019 तक ₹26.29 लाख हो गया। पीएमजेजेबीवाई के तहत एलआईसी के साथ बैंक द्वारा दर्ज 2273 दावों में से 2063 को 31.03.2019 को निपटाया गया था और पीएमएसबीवाई के मामले में, 314 दावों में से 116 दावे एनआईसी द्वारा निपटाए गए थे ।
7. अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत कुल पंजीकरण 31.03.2019 को 212304 पर था।
8. 31.03.2019 को ₹136.14 लाख सक्रिय कासा खातों में आधार दर्ज किया गया (31.03.2018 तक ₹132.95 लाख से ऊपर)। पुनः, 31.03.2019 को यूआईडीएआई के सीआईडीआर के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण की संख्या ₹117.84 लाख थी, जो बैंकिंग उद्योग में अधिकतम में से एक है।
9. बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान भीम (BHIM) आधार पे मर्चेंट पीओएस की भी शुरूआत की और 31.03.2019 तक 2056 टर्मिनलों की स्थापना की।
10. बैंक ने 31.03.2019 को यूआईडीएआई के रजिस्ट्रार के रूप आधार नामांकन और अद्यतन के क्षेत्र में प्रवेश किया और बैंक और आरआरबी की 297 शाखाओं में आधार नामांकन केंद्र लागू किया। बैंक ने आधार नामांकन परिचालक और पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करने के लिए 515 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है और उनका प्रमाणीकरण पूरा किया है।

संगठन एवं सहायता सेवाएं

शाखा नेटवर्क:

पेनलोंग शाखा 25.06.2018 में खोली गई थी। वर्ष 2018-19 के दौरान, बैंक ने 23.10.2018 में वेसु (सूरत) में एक रिटेल हब एवं पांच एसएएमबी (स्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट ब्रांच) खोला है।

01.04.2018 से 31.03.2019 की अवधि के दौरान खोली गई शाखाएं एवं कार्यालय

क्र. सं.	शाखा /कार्यालय का नाम	क्षेत्र	राज्य	खोलने की तिथि	शाखा/कार्यालय का प्रकार
1	पेनलोंग	उतर बंगाल	पश्चिम बंगाल	25.06.2018	सामान्य शाखा
2	एस ए एम बी, गुवाहाटी	गुवाहाटी	असम	25.07.2018	एस ए एम बी
3	एस ए एम बी, सिल्लीगुडी	उतर बंगाल	पश्चिम बंगाल	27.07.2018	एस ए एम बी
4	एस ए एम बी, रांची	झारखंड	झारखंड	27.07.2018	एस ए एम बी
5	एस ए एम बी, कटक	भुवनेश्वर	ओड़िसा	30.07.2018	एस ए एम बी
6	एस ए एम बी, चेन्नई	दक्षिण	तमिलनाडु	19092018	एस ए एम बी
7	रिटेल हब वेसु (सूरत)	अहमदाबाद	गुजरात	23.10.2018	रिटेल हब

बैंक ने वर्ष 2018-19 के दौरान कुल 250 सामान्य शाखाएँ और बैंक रहित गांवों में 39 शाखाएँ खोलने के लिए आर बी आई की पूर्व अनुमति मांगी है। हालाँकि, आर बी आई ने अभी तक पी सी ए के आधार पर नई शाखाएँ खोलने की अनुमति नहीं दी है।

दिनांक 31.03.2019 को कुल 2055 शाखाओं में से, 902 (43.89%) शाखाएं पूरे देश के 85 अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एम सी डी) में स्थित है।

व्यावसायिक गतिविधि को सुव्यवस्थित करने एवं लागत को कम करने के लिए, बैंक ने वर्ष 2018-19 के दौरान शाखा नेटवर्क के औचित्य/समेकन की प्रक्रिया शुरू की थी और बैंक ने वर्ष के दौरान 9 शाखाओं का विलय कर दिया है।

01.04.2018 से 31.03.2019 तक की अवधि के दौरान विलय/बंद की गई शाखाएं और कार्यालय

क्र. सं.	विलय की गई शाखा	सोल आई डी	के साथ विलय	क्षेत्र	सोल आई डी	विलय की तारीख
01	शशिभूषण दे स्ट्रीट	0479	कोले मार्केट	कोलकाता दक्षिण	0075	14.04.2018
02	लोहा पट्टी	0110	पोस्ता	कोलकाता दक्षिण	0556	15.04.2018
03	सर्वे पार्क	1562	संतोषपुर	बेहाला	0146	22.04.2018
04	सयैद अमीर अली एवेन्यू	0674	पार्क सर्कस	कोलकाता दक्षिण	0066	28.04.2018
05	जे एन रोड	0668	न्यू मार्केट	कोलकाता दक्षिण	0107	29.04.2018
06	मुक्ताराम बाबू स्ट्रीट (कोलकाता उत्तर)	0672	जोरासंको	कोलकाता दक्षिण	0080	06.05.2018
07	श्यामपुकुर	0871	बाग बाजार	कोलकाता उत्तर	0090	12.05.2018.
08	सुकान्त मोड़	2105	नेताजी मार्केट	मालदा	0678	13.05.2018
09	हाइलैंड पार्क (बेहाला क्षे.का.)	2211	पियरलेस हॉस्पीटल	कोलकाता दक्षिण	1513	29.05.2018

31.03.2019 तक बैंक की कुल शाखाओं/कार्यालयों की संख्या 2055 है। बैंक के अलावा 36 क्षेत्रीय कार्यालय, 3 कर्मचारी प्रशिक्षण केंद्र, 5 एक्सटेंशन काउंटर, 3 लिंक कार्यालय एवं 02 विदेशी प्रतिनिधि कार्यालय बांग्लादेश के ढाका में और म्यांमार के यंगून में हैं।

कुल शाखा/कार्यालय नेटवर्क की जनसंख्या समूह - वार संरचना:

स्थान	शाखाओं की संख्या (कुल %)	
	31.03.2018	31.03.2019
महानगर	375 (18.23%)	372 (18.10%)
शहरी	481 (23.38 %)	481 (23.41%)
अर्ध-शहरी	424 (20.62%)	424 (20.63%)
ग्रामीण	777 (37.77%)	778 (37.86%)
कुल	**2057**	**2055**

भौगोलिक स्थान-वार शाखा नेटवर्क:

स्थान	शाखाओं की संख्या (कुल का %)	
	31.03.2018	31.03.2019
पूर्वी क्षेत्र	1182 (57.46%)	1176 (57.23%)
उत्तर पूर्वी क्षेत्र	364 (17.70%)	365 (17.76%)
पश्चिमी क्षेत्र	88 (4.28%)	90 (4.38%)
उत्तरी क्षेत्र	126 (6.13%)	126 (6.13%)
दक्षिणी क्षेत्र	139 (6.76%)	140 (6.82%)
केन्द्रीय क्षेत्र	158 (7.67%)	158 (7.69%)
कुल	**2057**	**2055**

बैंक की 246 विशेष शाखाएँ हैं, जो विशिष्ट ग्राहक श्रेणियों के लिए हैं:

विशिष्ट शाखाओं की श्रेणियाँ	31.03.2019
1. एम एस एम ई	180
2. आस्ति वसूली प्रबंधन	9
3. रिटेल हब	26
4. कॉर्पोरेट वित्त शाखा	4
5. सेवा शाखा	19
6. महिला शाखा	4
7. ट्रेजरी शाखा	1
8. केंद्रीय पेंशन प्रसंस्करण केंद्र	1
9. नकद प्रबंधन सर्विस हब	1
10. आवक चेक प्रसंस्करण केंद्र	1
कुल	**246**

सूचना प्रौद्योगिकी:

बैंक की सभी शाखाओं को कोर बैंकिंग प्रणाली के तहत शामिल किया गया है और बेहतर ग्राहक सेवा एवं प्रभावी प्रबंधन को सुविधाजनक बनाने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली, सरकारी व्यवसाय मॉड्यूल, आस्ति देयता प्रबंधन, धन शोधन निवारण और लैंडिंग ऑटोमेशन प्रसंस्करण प्रणाली आदि जैसे अन्य कई अन्य अनुप्रयोगों का भी कार्यान्वयन किया गया है। बैंक की सभी शाखाओं में आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से अंतरबैंक धन प्रेषण की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा हमारे इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग मंच पर भी उपलब्ध है। बैंक स्विफ्ट नेटवर्क के माध्यम से एक ए श्रेणी की एडी शाखा और 41 'बी' श्रेणी की एडी शाखाओं द्वारा सीमापार धन प्रेषण करता है। कोर बैंकिंग प्रणाली को एसएफएमएस प्लेटफार्म के साथ एकीकृत किया गया है ताकि सीधे पूर्ण प्रसंस्करण (एसटीपी) का उपयोग करके देशी साख पत्र (एलसी) और देशी बैंक गारंटी का परिचालन किया जा सके। धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए, अपनी सभी शाखाओं में बॉयोमेट्रिक प्रमाणीकरण प्रणाली को कोर बैंकिंग प्रणाली तक पहुंचने के लिए कार्यान्वित किया गया है।

बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट नेटवर्क आर्किटैक्चर को नेक्स्ट जेनेरेशन के एमपीएलएस प्रौद्योगिकी के लिए नवीनीकृत कर दिया है और उच्च उपलब्धता एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए

नेटवर्क बैंडविड्थ का उन्नयन भी किया है। केबल कटने की स्थिति में नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए बैंक ने वीसैट को समर्पित बैंडविड्थ और हाई स्पीड डेटा कनेक्टिविटी के साथ 3 जी का उपयोग करके शाखाओं में बैकअप कनेक्टिविटी का उपयोग किया है। प्राइमरी लिंक के आउटेज के मामले में और इसके विपरीत होने की स्थिति बैंक निर्बाध ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए सेकेंडरी एमएलपी कनेक्टिविटी लागू करने की प्रक्रिया में है।

बैंक अपने कोर बैंकिंग और अन्य अनुप्रयोगों के साथ-साथ डेटा केंद्र के बुनियादी ढांचे के लिए भी सूचना सुरक्षा (आईएस) लेखा परीक्षा करता है। इसमें कुछ अंतराल पर बाह्य सामना करने वाले अनुप्रयोगों के लिए वीएपीटी (वल्नेरेबिलिटी एसेसमेंट एंड पेनेट्रेशन टेस्टिंग) शामिल है। बैंक अपने व्यापार निरंतरता योजना (बीसीपी) के तहत आवधिक डीआर (आपदा रिकवरी) अभ्यास का आयोजन करता है।

हमारी दूसरी तकनीक पहल के हिस्से के रूप में निम्नलिखित प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं।

एनपीसीआई की कनेक्टिविटी एनएसीएच और एपीबीएस प्लेटफॉर्मों के माध्यम से होस्ट से होस्ट की शुरूआत कर सभी लेनदेन की प्रक्रिया के लिए केंद्रीय भुगतान केंद्र समाधान कार्यान्वित किया गया है। इस मंच में मैनडेट प्रबंधन सेवाएं भी चालू की गई हैं। भविष्य में, सभी कॉर्पोरेट उगाही और भुगतान सेवाओं और आईएमपीएस गेटवे को इस केंद्रीकृत केंद्र (हब) में एकीकृत किया जाएगा।

बैंक ने सार्वजनिक निधि प्रबंधन सेवा (पीएफएमएस) प्लैटफॉर्म का विस्तार किया है और केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न प्रायोजित योजनाओं के लिए डीबीटी भुगतान का संवितरण कर रहा है। इसके अतिरिक्त, इस प्लैटफॉर्म पर दो मंत्रालयों के लिए विभागीय मंत्रालय संबंधी खातों का भी संचालन किया जा रहा है।

बैंक ने ग्रीन इनिशिएटिव के एक भाग के रूप में, पेपररहित प्रणाली से बोर्ड स्तरीय बैठक आयोजित करने के लिए बोर्ड इंफॉर्मेशन सिस्टम (बीआईएस) को कार्यान्वित किया है। विभिन्न बोर्ड स्तरीय समितियों की समस्त कार्यसूची और कार्यवृत्त इस पोर्टल में अपलोड किए जाते हैं।

आवश्यक सूचना की सुलभ और त्वरित उपलब्धता के लिए एमआईएस सोल्यूशन को एक नए सोल्यूशन और आर्किटैक्चर के साथ नवीनीकृत कर दिया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से विनियामक रिपोर्टों को भी स्वचालित किया जा रहा है ।

बैंक के पास एक इंट्रानेट पोर्टल है जिसका उपयोग बड़े पैमाने पर सूचना का आदान-प्रदान करने, ज्ञान प्रबंधन और ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए उपयोग किया जाता है।

चयनित शाखाओं में पासबुक मुद्रण, नकद जमा और चेक जमा जैसी सेवाओं की सुविधा प्रदान करने के लिए सेल्फ सर्विस कियोस्क स्थापित किया गया है। बैंक ने ग्राहकों की सुविधा के लिए खाते में हुए लेनदेन को देखने हेतु मोबाइल एप्लिकेशन के रूप में इलेक्ट्रॉनिक पासबुक (युनाइटेड ईपासबुक) सुविधा की शुरूआत की है।

बैंक ने विभिन्न प्रकार के साइबर हमलों को रोकने के लिए नेक्स्ट जेनेरेशन के कुछ उपकरण लगाए हैं और पेशेवरएजेंसियों को एंटीफ़िशिंग, एंटीफार्मिंग, एंटीट्रोजन और एंटीमैलवेयर परिचालित सेवाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आईएस सुरक्षा परिचालनों के लिए केंद्रीकृत सूचना सुरक्षा स्थिति और कमांड सेंटर की केंद्रीकृत जानकारी प्राप्त करने के लिए बैंक ने सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) का कार्यान्वयन किया है ।

बैंक लगातार अपनी प्रौद्योगिकी और सूचना सुरक्षा उत्पादों को विकसित कर रहा है ताकि वह अपने बहुमूल्य ग्राहकों को बेहतर, सिमलेस और सुरक्षित बैंकिंग अनुभव मुहैया करा सके।

सूचना सुरक्षा:

बैंक लगातार अपनी प्रौद्योगिकी और सूचना सुरक्षा संबंधी उत्पादों को विकसित कर रहा है ताकि वह अपने बहुमूल्य ग्राहकों को बेहतर, सिमलेस और सुरक्षित बैंकिंग अनुभव मुहैया करा सके।

आईएस सुरक्षा परिचालनों के लिए केंद्रीकृत सूचना सुरक्षा स्थिति और कमांड सेंटर की केंद्रीकृत जानकारी प्राप्त करने के लिए बैंक ने सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) का कार्यान्वयन किया है ।

इस वित्तीय वर्ष में, बैंक ने विभिन्न प्रकार के साइबर सुरक्षा की स्थिति को मजबूत करने के लिए कई उपकरण लगाए/उन्नत किए हैं। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के साथ साथ युनाइटेड प्रीमियर शील्ड को आगे की सुरक्षा को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि इंटरनेट आधारित अनेक प्रकार के हमलों को रोका जा सके।

उक्त कार्य के आधार पर, बैंक ने द इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स कंसल्टेंट्स (ईसीकाउंसिल) इंडिया द्वारा आयोजित एक पुरस्कार कार्यक्रम में भाग लिया था। बैंक के प्रोजेक्ट को आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर (नेटवर्क सिक्योरिटी प्रोजेक्ट) में उत्कृष्टता पर शॉर्टलिस्ट किया गया और सम्मानित किया गया। 26 मार्च, 2019 को मुंबई में आयोजित एक समारोह में बैंक द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया गया।

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया हमेशा अपने ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाएँ मुहैया करने के लिए वचनबद्ध है।

केंद्रीयकृत भुगतान केंद्र:

बैंक ने सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से ई-लेनदेन की भारी मात्रा को संभालने के लिए प्रधान कार्यालय मे एक केंद्रीयकृत भुगतान हब (सीपीएच) स्थापित किया है। केंद्रीयकृत भुगतान हब ने 03.11.2014 से अपना परिचालन आरंभ किया है।

एनएसीएच सेवाएं:

यह विभाग निम्नलिखित सेवाएं दे रहा है:

क) एनएसीएच डेबिट

ख) एनएसीएच क्रेडिट

ग) एपीबीएस (आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम)

घ) डेस्टिनेशन बैंक के रूप में एनपीसीआई का मैनडेट मैनेजमेंट सिस्टम

ड.) प्रायोजक बैंक के रूप में एनपीसीआई का मैनडेट मैनेजमेंट सिस्टम

च) डीबीटीएल (एलपीजी ग्राहकों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण)

छ) डेस्टिनेशन बैंक के रूप में ईसीएस डेबिट।

ज) डिजिधन भुगतान।

झ) सभी निपटान खातों का समाधान, आर बी आई खाता, 4 आरआरबी खातें, सर्विस शाखा खाते, भुगतान गेटवे सिस्टम पूल खाते आदि एनएसीएच से संबंधित आवक एवं जावक लेन देन।

ट) भीम प्रोत्साहन भुगतान।

ठ) जीएसटी के लिए लेखांकन के बाद पी/एल खातों में आय और व्यय को प्रभावित करना।

ड) विभिन्न बैंकों के एनएसीएच के सभी उत्पादों से संबंधित जेनरेशन एवं इनवायस की प्रस्तुति।

सीएमएस सेवाएं

i) सीएमएस भुगतान सेवाएँ।
   क) कॉर्पोरेट थोक भुगतान।

ii) सीएमएस संग्रह सेवाएँ।
   क) कॉर्पोरेट अधिदेश आधारित (अधिदेश) डायरेक्ट डेबिट सेवा।
   ख) कॉर्पोरेट नकद संग्रह सेवाएं।

iii) एएसबी (अवरुद्ध राशि समर्थित एप्लीकेशन)
   क) कोर एएसबीए
   ख) सिंडिकेट एएसबीए
   ग) ई-एएसबीए (ई-बैंकिंग/नेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म द्वारा)

iv) इंडो नेपाल रेमिटेंस सर्विस

मानव संसाधन विवरण:

कर्मचारियों की कुल संख्या में अधिकारी 52%, लिपिक 28% और अधीनस्थ कर्मचारी 20% हैं। महिला कर्मचारियों की संख्या 3283 है और यह बैंक की कुल कर्मचारियों की संख्या का 23% है।

प्रशिक्षण/मानव संसाधन विकास (एचआरडी)

बैंकिंग क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए, सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के कौशल उन्नयन के महत्व को महसूस किया गया और इसकी अगली कड़ी के रूप में बैंक ने वर्ष 2018-19 के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निम्नलिखित कदम उठाए:

i) **आंतरिक प्रशिक्षण:** कर्मचारी प्रशिक्षण महाविद्यालय, कोलकाता और अन्य चार प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में 4317 कर्मचारियों को आंतरिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ii) **बाह्य प्रशिक्षण:** समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने बाह्य पेशेवर प्रशिक्षण संस्थानों में जाकर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशाला में कुल 422 कर्मचारियों को प्रशिक्षित कराया है।

ग्राहक उन्मुखीकरण

बैंक ने त्वरित सेवा प्रदान कर, विविधतापूर्ण प्रौद्योगिकी समर्थित उत्पाद/सेवाएँ उपलब्ध करवाते हुए, ग्राहकों की पूछताछ/सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई करके तथा ग्राहकों की शिकायतों का निवारण कर, ग्राहकों के प्रति मैत्रीभाव बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। बीसीएसबीआई द्वारा जारी ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता कोड बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया है तथा देश भर के सभी शाखाओं एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को भी भेजा गया है। ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए ग्राहक सेवा विभाग में एक टॉल-फ्री संपर्क सुविधा प्रदान की गई है ताकि ग्राहक अपनी शिकायतों/सुझावों को दर्ज करा सकें। टॉल-फ्री सुविधा सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध रहती है। एटीएम संबंधी मामलों में ग्राहकों की आसानी के लिए प्रधान कार्यालय में अलग से टॉल-फ्री संपर्क सुविधा प्रदान की गई है, जो 24*7 उपलब्ध रहती है। बैंक ने अपने वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित की है, जहां ग्राहक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और स्थिति का पता लगा सकते हैं।

शिकायतों के शीघ्र और निष्पक्ष निपटान के लिए उपयोगी प्रौद्योगिकी द्वारा बैंक ने एक पोर्टल की शुरूआत की है जिसे व्यापक शिकायत प्रबंधन प्रणाली [सीसीएमएस] नाम दिया गया है। इस प्रणाली के तहत शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रधान कार्यालय के विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों की पावती तत्काल आधार पर दी जाती है और अंतिम निवारण होने तक पोर्टल पर भी निपटारा/निपटान की स्थिति अपलोड की जाती है। ग्राहक सीधे सीसीएमएस पोर्टल पर शिकायतें दर्ज कर सकता है, जो सीसीएमएस के आउट स्टैंडिंग डाटाबेस में प्रणाली से स्वतः जोड़ लिया जाता है।

व्यापक शिकायत प्रबंधन प्रणाली [सीसीएमएस] से प्रत्येक शिकायत की स्थिति की खोजखबर रखने तथा एक विशेष अवधि में बैंक द्वारा प्राप्त कुल शिकायतों पर व्यापक दृष्टि रखने में सहायता मिलती है। शिकायतों के शीघ्र निपटान हेतु संबंधित शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय/प्रधान कार्यालय के विभाग के साथ तुरंत आवश्यक अनुवर्ती उपाय किए जाते हैं। इस प्रणाली से ग्राहक सेवा विभाग के प्राधिकारियों को शिकायत की प्रकृति का वर्गीकरण करने में तथा यह जानने में सहायता मिलती है कि शिकायत किन उत्पादों और सेवाओं से संबंधित है। डेटा विश्लेषण का उद्देश्य है सेवा के जिस क्षेत्र में कोई कमी पाई जाती है, उसमें सुधार हेतु उचित कार्रवाई करने के लिए बैंक प्रबंधन की सहायता करना।

विभिन्न स्रोतों, जैसे - मेल एवं डाक द्वारा प्राप्त शिकायतों को सीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करना होता है। सीसीएमएस पोर्टल पर सभी स्रोतों से प्राप्त शिकायतों का समेकन

करने से प्रबंधन को शिकायतों का विश्लेषण करने, उनके प्रकार और क्षेत्र की पहचान करने तथा उनके निवारण में लगने वाले समय के बारे में पता चलता है। इस तरह के विश्लेषणात्मक अध्ययन का लक्ष्य है, ग्राहक सेवा के स्तर में सुधार करना तथा उन क्षेत्रों की पहचान करना जिसमें कर्मचारी सदस्यों को प्रशिक्षित किया जाना है तथा उत्पादों और सेवाओं में संशोधन अपेक्षित है और प्रणाली को मजबूत करने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई की जानी है।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित दामोदरन समिति की सिफारिश के अनुसार हमारे बैंक ने आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति 07/12/2015 को ग्राहकों के विश्वास स्तर को बढ़ाने के लिए की है।

कोलकाता स्थित शाखाओं में ग्राहक सेवा की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अनुभव करने के उद्देश्य से प्रधान कार्यालय के प्राधिकारियों ने गुप्त दौरे किए जिसमें अतिरिक्त रूप से सजावट सफाई, अनुशासन, समय की पाबंदी तथा बैंक और ग्राहकों के पारस्परिक हितरक्षा हेतु निवारक सतर्कता से संबंधित मामले भी शामिल किए गए।

बैंक के उत्पादों और सेवाओं से भलीभाँति अवगत कराने तथा शीघ्र एवं उत्कृष्ट ग्राहक सेवाएं प्रदान करने के संबंध में बैंक के युवा अधिकारियों को शिक्षित करने के अलावा जून 2015 में एक क्वेस्ट नामक एप्लिकेशन की शुरूआत की गई है। 'क्वेस्ट' एक ऐसा एप्लिकेशन है जिसके द्वारा बैंक के सभी पंचाट कर्मचारी और अधिकारी परिचालन बैंकिंग से संबंधित संदेह समाशोधन कर सकते हैं। उस पूछताछ का उत्तर प्रधान कार्यालय के चयनित प्राधिकारियों द्वारा 24 घंटे के अंदर दिए जाते हैं। प्रश्न और उत्तर की प्रक्रिया शुरूसे ही नियमित रूप से चल रही है और क्वेस्ट पर प्राधिकारियों की अनुक्रिया उत्साहजनक और अत्यंत सकारात्मक रही है।

क. यदि इस नीति का कोई विशिष्ट प्रावधान किसी निदेश, अधिसूचना, केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के साथ मतभेद की स्थिति में है तो उक्त निदेश, अधिसूचना, दिशा-निर्देश कायम रहेंगे।

ख. बैंक का निदेशक मंडल लाभांश से संबंधित मामले में इस नीति से किसी भी विचलन की अनुमति देने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।

20. कार्यान्वयन:

यह नीति बोर्ड द्वारा अपनाए जाने की तिथि से प्रभावी हो जाएगी और तब तक लागू रहेगी जब तक कि बोर्ड द्वारा संशोधित या समाप्त नहीं किया जाता है, या आरबीआई, भारत सरकार, सेबी और अन्य विनियामकों के संबद्ध प्रावधानों में संशोधन, कोई होता है।

21. खुलासा

यह नीति बैंक की वेबसाइट www.unitedbankofindia.com पर अपलोड की जाएगी और वार्षिक रिपोर्ट में एक वेब लिंक प्रदान किया जाएगा। जब भी इस नीति में कोई परिवर्तन किया जाएगा, बैंक अपनी वेबसाइट पर इसको अद्यतन करेगा।

अनुबंध *II*

साचिविक लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र सं. CIR/CFD/CMD1/27/2019 दिनांक 08-02-2019 को सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) (संशोधन) विनियम, 2018 के विनियमन 24ए के साथ पढ़ें]

सेवा में,
सदस्यगण
युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
"युनाइटेड टॉवर"
11, हेमंत बसु सरणी
कोलकाता-700001

हमने 1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के दौरान साचिविक लेखापरीक्षा के लिए लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (इसके बाद बैंक कहा जाएगा) द्वारा कंपनी पद्धतियों के पालन का लेखापरीक्षा किया। साचिविक लेखापरीक्षा इस तरीके से संचालित किया गया, जिससे हमें कॉर्पोरेट आचरण /सांविधिक अनुपालन का मूल्यांकन और उसके संदर्भ में अपनी राय व्यक्त करने के लिए एक उचित आधार प्रदान किया।

इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म पर मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज (ओं) के पास दाखिल किए गए बही, कागजात, कार्यवृत्त बही, प्रपत्रों और रिपोर्टों, विवरण, दस्तावेजों और बैंक द्वारा अनुरक्षित अन्य रिकॉर्ड और साचिविक लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान बैंक, इसके अधिकारियों, रजिस्ट्रार और बैंक के शेयर अंतरण एजेंट द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं के हमारे सत्यापन के आधार पर, जिसे हम अपनी राय में एतदद्वारा रिपोर्ट करते हैं, बैंक ने 1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 (लेखापरीक्षा अवधि) तक की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, एतदधीन सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी कि बैंक के पास उचित बोर्ड प्रक्रिया और मौजूदा लागू अनुपालन क्रियाविधि हैं, इसी रुप में विषय की रिपोर्टिंग इसके पश्चात की गई है।

हमने इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म पर मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज (ओं) के पास दाखिल किए गए बही, कागजात, कार्यवृत्त बही, प्रपत्रों और रिपोर्ट, विवरण, दस्तावेजों और प्रावधान के अनुसार लेखापरीक्षा अवधि के लिए बैंक द्वारा अनुरक्षित अन्य अभिलेखों की जाँच की है:

(i) विशेष रूप से बैंक के लिए लागू बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949;
(ii) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों, अधिसूचनाओं का अनुपालन;
(iii) बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970
(iv) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970
(v) युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (शेयर और बैठक) विनियम, 2010;
(vi) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (एससीआरए) और इसके तहत बनाए गए नियम;
(vii) निपेक्षागार, अधिनियम 1996 और विनियम और इसके तहत ढाँचागत बनाए गए कानून;
(viii) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशा-निर्देश बैंक के लिए लागू सीमा तक:-
  क. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, (शेयरों का वास्तविक अधिग्रहण एवं अधीनीकरण) विनियम, 2011;
  ख. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 1992;
  ग. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का निर्गम) विनियम, 2009;
  घ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट्स) विनियम, 1993
  ड़. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमन, 2014;
  च. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015;

हमने बैंक द्वारा स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल किए गए सूचीबद्ध करार के लिए लागू शर्तों के अनुपालन की भी जांच की है। हम रिपोर्ट करते हैं कि बैंक ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के लागू शर्तों का अनुपालन किया है, इसके साथ-साथ विनियमन में जैसा कि कंपनी अभिशासन के प्रावधान 17, 17ए, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 24ए, 25, 26, 27 और उप नियम (बी) से (आई) उप विनियमन (2) के विनियमन 46 और अनुसूची V का पैरा सी, डी एवं ई का विस्तारित प्रावधान उस सीमा तक बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970, युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियम, 2010 और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी अधिसूचनाओं, परिपत्रों का उल्लंघन नहीं करता है।

लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, बैंक ने उपर्युक्त उल्लिखित अधिनियमों, नियमों, विनियम, दिशा-निर्देशों, मानकों, सूचीबद्ध करार आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है, समयबद्ध कार्यान्वयन और स्विफ्ट परिचालन के सुदृढ़ीकरण पर भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न निदेशों का गैर अनुपालन करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए तीन करोड़ का जुर्माना लगाया है।

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि:

बैंक के निदेशक मंडल का विधिवत गठन कार्यकारी निदेशकों, गैरकार्यकारी निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों के समुचित संतुलन के साथ किया गया है। लेखा परीक्षा अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में किए गए बदलाव बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 और या भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा जारी अधिसूचना /परिपत्र प्रावधानों के अनुपालन में किए गए।

सभी निदेशकों को निर्धारित बोर्ड की बैठकों की कार्यसूची और कार्यसूची पर विस्तृत नोट की समुचित सूचना कम से कम सात दिन पहले भेजी जाती हैं और बैठक से पहले कार्यसूची की मदों पर स्पष्टीकरण एवं आगे की जानकारी प्राप्त करने और मांग करने तथा बैठक में अर्थपूर्ण प्रतिभागिता के लिए एक प्रणाली मौजूद है।

निर्णय बहुमत के माध्यम से लिया जाता है, जबकि असंतुष्ट सदस्यों के विचारों को कार्यवृत्त के हिस्से के रूप में अधिकृत और रिकॉर्ड किया जाता है।

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि लागू विधि, नियमों, विनियम और दिशानिदेशों की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक के आकार और परिचालन के अनुरुप बैंक के पास पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं।

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, बैंक के निम्नलिखित निर्धारित कार्यक्रम हैं:

(i) केंद्र सरकार द्वारा राजपत्र अधिसूचना संख्या S.O 585, दिनांक 16-04-2018 के माध्यम से प्राधिकृत शेयर पूजी को बढ़ाकर ₹ 3000/ करोड़ से ₹ 5000/ करोड़ एवं राजपत्र अधिसूचना सं. S.O. 053 दिनांक 07-01-2019 के माध्यम से ₹5000/ करोड़ से ₹8500/ करोड़ बढ़ाना।

(ii) कर्मचारी शेयर क्रय योजना के तहत सूचीबद्ध इकाई ने कर्मचारियों (निदेशकों सहित) को 29202589 इक्विटी शेयर जारी किए हैं।

(iii) केंद्र सरकार के आदेश के संदर्भ में सूचीबद्ध इकाई ने अधिमान्य आवंटन के आधार पर भारत के राष्ट्रपति को दो अवसरों पर 1817340067 और 2573889392 शेयर जारी किए हैं।

(iv) बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (16-10-2006 को प्रविष्टि की गई) की धारा 10बी के प्रावधान और भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के संदर्भ में, वित्त मंत्रालय के द्वारा जारी पत्र सं. F.No..7/93/2013-BOA दिनांक 21-05-2014, वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए सूचीबद्ध इकाई के ₹621278 राशि की अदत्त और अदावी लाभांश भारत सरकार द्वारा स्थापित निवेश शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को स्थानांतरित कर दिया गया है। हालाँकि, केंद्र सरकार की ओर से किसी विशिष्ट निदेश के अभाव में, ऐसे अदत्त /अदावी लाभांश के संबंध में शेयरों को आईईपीएफ को हस्तांतरित नहीं किए गए।

हम यह भी प्रमाणित करते हैं कि:

(i) बैंक और उसके निदेशकों और अधिकारियों के खिलाफ लेखापरीक्षा अवधि के दौरान सेबी अधिनियम, एससीआरए, निपेक्षागार, अधिनियम, सूचीबद्ध करार, नियमों, विनियम और दिशा-निर्देशों के तहत कोई अभियोजन की शुरुआत नहीं की गई और न ही अर्थदंड या जुर्माना लगाया गया।

(ii) निदेशकों ने अपने नियुक्ति की पात्रता, अपने स्वतंत्र होने और निदेशक और प्रबंधन कार्मिकों के लिए व्यावसायिक आचरण और आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में प्रकटीकरण अपेक्षाओं का अनुपालन किया है।

(iii) कोई भी निदेशक बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 और या राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 और या भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अधिसूचना / परिपत्र के तहत निदेशक होने के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि प्राप्त सूचनाओं और अभिलेखों के आधार पर बैंक में लागू विधि, नियमों, विनियम और दिशा-निर्देशों के निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक के आकार और परिचालन के अनुरुप बैंक के पास पर्याप्त प्रणालियाँ और प्रक्रियाएं हैं।

कृते टी. चटर्जी एंड एसोसिएट्स
एफआरएन सं. - P2007WB067100

ह./-
बिनीता पांडे
भागीदार
सदस्यता संख्या: 41594
सीओपी सं.: 19730

दिनांक : 13 मई, 2019, कोलकाता

(इस रिपोर्ट को हमारे समतिथि के पत्र के साथ पढ़ा जाना है जो अनुलग्नक ए के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का एक अभिन्न हिस्सा है।)

साचिविक लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुलग्नक ए

सेवा में,
सदस्यगण
युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
"युनाइटेड टॉवर"
11 हेमंत बसु सरणी
कोलकाता-700001

सम-तिथि की हमारी रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढ़ा जाए।

1. साचिविक अभिलेखों का रखरखाव बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी यह है कि हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन साचिविक अभिलेखों पर राय व्यक्त करना।

2. हमने लेखापरीक्षा पद्धितयों और प्रक्रियाओं का पालन किया है, जो साचिविक अभिलेखों की सामग्री की सटीकता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। साचिविक अभिलेखों में परिलक्षित सटिक तथ्यों को सुनिश्चित करने हेतु सत्यापन, जाँच के आधार पर किया गया था। हम मानते हैं कि हमारे द्वारा अनुसरण किए गए प्रक्रियाओं और पद्धितयों ने हमारी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान किया।

3. जहां कहीं आवश्यक था, हमने विधि, नियमों और विनियम के अनुपालन और घटनाओं आदि के संबंध में प्रबंधन प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।

4. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ("सेबी अधिनियम") और विनियम, परिपत्रों, दिशानिदेश के तहत जारी किए गए प्रावधानों के अनुपालन; और प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ("एससीआरए"), के तहत बनाए गए नियम और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी किए गए विनियम, परिपत्रों, दिशानिदेश; प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारा परीक्षण जाँच क्रियाविधि के आधार पर सत्यापन तक सीमित था।

5. साचिविक लेखापरीक्षा न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता के लिए एक आश्वासन है और न ही उस प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के साथ, जिसके लिए प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है।

कृते टी. चटर्जी एंड एसोसिएट्स
एफआरएन सं. - P2007WB067100

ह./-
बिनीता पांडे
भागीदार
सदस्यता संख्याः 41594
सीओपी सं.: 19730

दिनांक : 13 मई, 2019, कोलकाता

अनुबंध *III*

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया - कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 से संबंधित विवरण

क) **आईसीएआई द्वारा जारी कर्मचारी शेयरआधारित भुगतानों के लिए लेखांकन पर दिशा-निर्देश नोट या समय-समय पर निर्धारित कोई अन्य प्रासंगिक लेखांकन मानकों के अनुसार प्रासंगिक प्रकटीकरण -**

i) युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया - कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 (युबीआई-ईएसपीएस 2018) और 27 फरवरी, 2018 को बैंक के शेयरधारकों द्वारा दी गई अनुमोदन के संदर्भ में इस योजना के तहत निर्गम मूल्य ₹10.55/- को बैंक की इक्विटी शेयरों की अंतिम मूल्य के साप्ताहिक उच्च और निम्न मूल्य के औसत पर 5% की छूट पर निर्धारित किया गया था, जो 5 पैसे के गुणक में पूर्णांकित करने हेतु पेशकश की तारीख (जिस तारीख से यह निर्गम पात्र कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराया गया) से पूर्व दो सप्ताह के दौरान बैंक के शेयरों में ट्रेडिंग की उच्चत्तर मात्रा स्टॉक एक्सचेंज में उल्लिखित है।

ii) बैंक ने युबीआई-ईएसपीएस 2018 के तहत प्रीमियम सहित ₹10.55/- प्रति शेयर के मूल्य पर प्रत्येक ₹10/- के अंकित मूल्य की 2,92,02,589 इक्विटी शेयरों को आबंटित किया है। निर्गम के तहत इक्विटी शेयरों को बैंक की इक्विटी शेयरों की अंतिम मूल्य के साप्ताहिक उच्च और निम्न मूल्य के औसत पर 5% अर्थात प्रति शेयर ₹0.54/- की छूट पर जारी किया गया था, जो 5 पैसे के गुणक में पूर्णांकित करने हेतु पेशकश की तारीख अर्थात 30 जुलाई, 2018 से पूर्व दो सप्ताह के दौरान बैंक के शेयरों में ट्रेडिंग की उच्चत्तर मात्रा स्टॉक एक्सचेंज में उल्लिखित है।

iii) युबीआई-ईपीएस 2018 के तहत आवंटित इक्विटी शेयरों के लिए छूट (₹ 0.54/- प्रति इक्विटी शेयर) के माध्यम से कर्मचारियों को दी जानेवाली रियायत के आधार पर बैंक के लाभ और हानि खाते से कुल ₹1,57,69,398.06/- नामे किया गया है।

ख) **विनियम के तहत कवर की गई सभी योजनाओं के अनुसार शेयरों की निर्गम पर डायल्यूटेड ईपीएस को आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक 20 - अर्जन प्रति शेयर या समय-समय पर निर्धारित कोई अन्य प्रासंगिक लेखांकन मानकों के अनुसार प्रकट की जाएगी।**

31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों का डायल्यूटेड ईपीएस के अंश के रूप में प्रतीत होनेवाले आंकड़े।

ग) ईएसपीएस से संबंधित विवरण

i) प्रत्येक ईएसपीएस का विवरण जिसके तहत वर्ष 2018-2019 के दौरान आवंटन किए गए -

क्र.सं.	ब्यौरा	विवरण
(क)	शेयरधारकों के अनुमोदन की तारीख	फरवरी 27, 2018
(ख)	जारी शेयरों की संख्या	प्रत्येक ₹10/- का 2,92,02,589 इक्विटी शेयर
(ग)	वह मूल्य जिस पर ऐसे शेयरों को जारी किया गया	प्रति इक्विटी शेयर ₹10.55/-
(घ)	लॉक इन अवधि	आवंटन की तारीख (13.09.2018) से अधिकतम एक वर्ष की अवधि। युबीआई-ईएसपीएस 2018 के तहत आवंटित इक्विटी शेयरों का लॉक्ड इन 12 सितम्बर, 2019 तक है।

ii) वर्ष की समाप्ति तक प्रत्येक ईएसपीएस के तहत आवंटन का विवरण:

क्र.सं.	ब्यौरा	विवरण
(क)	ईएसपीएस के तहत जारी शेयरों का विवरण	प्रत्येक ₹10/- का 2,92,02,589 इक्विटी शेयर*
(ख)	वह मूल्य जिस पर ऐसे शेयरों को जारी किया गया	प्रति इक्विटी शेयर ₹10.55/-
(ग)	निम्नलिखित को जारी किए गए शेयरों का कर्मचारीवार विवरण – (i) वरिष्ठ प्रबंधकीय कार्मिक;; (ii) कोई अन्य कर्मचारी जिसे उस वर्ष के दौरान 5% या उससे अधिक के शेयर किसी भी एक वर्ष में जारी किया गया; (iii) चिह्नित कर्मचारी जिन्हें शेयर जारी करते समय बैंक की जारी पूंजी के समतुल्य या 1% से अधिक शेयर किसी भी एक वर्ष के दौरान जारी किया गया;	वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों की सूची, जिनके पास योजना के तहत शेयर जारी किए गए हैं, यहां संलग्न हैं; शून्य शून्य
(घ)	यदि बैंक द्वारा सीधे योजना को लागू किया जाता है, तो शेयर जारी करने के विरुद्ध विचार किया जाता है	₹30,80,87,313.95/- (₹29,20,25,890.00/- शेयर पूंजी खाता में जमा किया गया और ₹1,60,61,423.95/- शेयर प्रीमियम खाता में जमा किया गया)
(च)	ट्रस्ट द्वारा वर्ष के दौरान प्राप्त उपयोग मूल्य से चुकाया गया ऋण	लागू नहीं

*यूबीआई-ईएसपीएस 2018 के तहत जारी किए गए 2,92,02,589 इक्विटी शेयरों की आवंटन पश्चात, और सूचीकरण, शेष इक्विटी शेयर (यानी 2,07,97,411 इक्विटी शेयर) की पेशकश नहीं की गई/योजना के तहत सदस्यता रद्द कर दी गई है और यूबीआई-ईएसपीएस 2018 समाप्त हो गया है।

युबीआई-ईएसपीएस 2018 के तहत वरिष्ठ प्रबंधकीय कार्मिक को जारी किए गए शेयरों का कर्मचारीवार विवरण:

नाम	पदनाम	आवंटित शेयरों की संख्या
श्री नरेश कुमार कपूर***	महाप्रबंधक	10,000
श्री संजय कुमार**	महाप्रबंधक	10,000
श्री मानष धर***	महाप्रबंधक	10,000
मोहम्मद अब्दुल वाहिद***	महाप्रबंधक	10,000
श्री उमेश कुमार रॉय	महाप्रबंधक	10,000
श्रीमती सुनंदा बसु***	महाप्रबंधक	10,000
श्री बाला राजू कुंतिला***	महाप्रबंधक	10,000
श्री विनय गंदोत्रा	महाप्रबंधक	10,000
श्री गौरी प्रसाद शर्मा	महाप्रबंधक	10,000
श्री सुभाशीष विश्वास***	महाप्रबंधक	10,000
श्री वी सुंदरेसन^	महाप्रबंधक	10,000
श्री दिलीप कुमार दुर्लभराम नायक	उप महाप्रबंधक	10,000
श्री मनीष अग्रवाल	उप महाप्रबंधक	10,000
श्री बिक्रमजीत सोम	उप महाप्रबंधक	10,000

** बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में दिनांक 20 सितंबर, 2019 से नियुक्त।
*** 31.03.2019 को या उससे पहले सेवानिवृत्त हुए महाप्रबंधक की सूची शामिल है।
^ यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति पर।

टिप्पणियां:

1. 'वरिष्ठ प्रबंधन' में टीईजी-स्केल VII में शीर्ष कार्यपालकगण और स्केल VI में स्वतंत्र प्रभार और कंपनी सचिव के लिए बैंक के आचार संहिता के साथ निदेशक और शीर्ष कार्यपालकगण शामिल हैं।
2. www.unitedbankofindia.com के वेबलिंक पर बैंक की वेबसाइट पर आवश्यक प्रकटीकरणों को अपलोड किया गया है।
3. अन्य प्रकटीकरण जो बैंक पर लागू नहीं होते हैं, उन पर अलग से टिप्पणी नहीं की गई है।

अनुबंध *IV*

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया-कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 के लिए लेखापरीक्षकों का प्रमाण पत्र

सेवा में

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यगण

यह प्रमाण पत्र भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 (इसके अतिरिक्त कोई संशोधन या आशोधन सहित) के विनियमन 13 के अनुसार जारी किया गया है और इसे सेबी परिपत्र सं. CIR/CFD/POLICY CELL/2/2015 दिनांक 16 जून, 2015 के साथ पढ़ा जाए।

हम, मुखर्जी बिश्वास एण्ड पाठक, अरुण के. अग्रवाल एंड एसोसिएट्स, एसबीए एसोसिएट्स और दिनेश जैन एंड एसोसिएट्स, युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया ("बैंक") के केंद्रीय सांविधिक के केंद्रीय लेखा परीक्षकों, 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक द्वारा सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 के अनुपालन की जांच की है।

हमारी जाँच बैंक द्वारा उक्त विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया-कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 (इसके बाद "युबीआई-ईएसपीएस 2018" के रूप में संदर्भित किया गया) के कार्यान्वयन तक सीमित थी।

हमारे अभिमत में तथा प्राप्त सूचना और हमें दी गई स्पष्टीकरण के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि युबीआई ईएसपीएस 2018 सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 और 27 फरवरी, 2018 को आयोजित असाधारण आम बैठक में बैंक के शेयरधारकों द्वारा पारित संकल्प के अनुसार लागू किया गया है।

कृते अरुण के. अग्रवाल एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन 003917 एन
ह/-
सीए अरुण कुमार अग्रवाल
भागीदार
एम.सं.: 082899

कृते मुखर्जी बिश्वास एंड पाठक
सनदी लेखाकार
एफआरएन 301138ई
ह/-
सीए शंकर प्रसन्न मुखर्जी
भागीदार
एम.सं.: 010807

कृते दिनेश जैन एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन 004885एन
ह/-
सीए नेहा जैन
भागीदार
एम.सं.: 514725

कृते एसबीए एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन 308136ई
ह/-
सीए नीलंजना सेन
भागीदार
एम.सं.: 061768

दिनांक : 13 मई, 2019
स्थान : कोलकाता

व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट 2018-19

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियमन 34(2)(एफ) के अनुसार इस बैंक के निदेशक वित्तीय वर्ष 2018-19 का व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट प्रस्तुत करते है।

खंड क: इस बैंक के बारे में सामान्य जानकारी

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया(युबीआई) एक सार्वजनिक क्षेत्र का व्यवसायिक बैंक है जो बड़े और मध्यम कॉर्पोरेट्स तथा खुदरा एवं कृषक समुदाय के ग्राहकों-दोनों ही वर्ग को विभिन्न प्रकार के अतिलघु, लघु एवं मध्यम उद्यम(एमएसएमई) हेतु बैंकिंग एवं वित्तीय उत्पादों की सेवा प्रदान करता है। यह बैंक अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के ग्राहकों एवं कंपनियों को अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है। बैंक का व्यवसाय मुख्य रूप से खुदरा बैंकिंग, कृषि बैंकिंग, कॉर्पोरेट बैंकिंग, अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग, एमएसएमई बैंकिंग, प्राथमिकता प्राप्त ऋण, ट्रेजरी परिचालन और अन्य वित्तीय सेवाओं जैसे डीमैट/ट्रेडिंग सर्विसेज, मर्चेंट बैंकिंग सेवा, डिवेंचर ट्रस्टी, तृतीय पक्ष के उत्पादों का वितरण जैसे बीमा, म्यूचल फंड उत्पाद, मनी ट्रांसफर सर्विसेज, मर्चेंट एक्वायरिंग सेवा, पेंशन और कर संग्रहण सेवा आदि क्षेत्रों में बटा हुआ है।

यह बैंक उन 14 बड़े बैंको में शामिल है जिनका राष्ट्रीयकरण 19 जुलाई, 1969 को हुआ था। इस बैंक का पूर्वाधिकारी युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया लिमिटेड था जिसका गठन 1950 में निम्नलिखित चार बैंको के समामेलन से हुआ था - कुमिल्ला बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (1914), बंगाल सेंट्रल बैंक लिमिटेड (1918), कुमिल्ला यूनियन बैंक लिमिटेड (1922) और हुगली बैंक लिमिटेड (1932) (इन चारो बैंको की स्थापना इनके नाम के पास कोष्ठक में दिए गए वर्ष में हुई थी) इस तरह इस बैंक की उत्पति का इतिहास 1914 से आरम्भ होता है।

राष्ट्रीयकरण के बाद इस बैंक ने अपनी शाखाओं का विस्तार व्यापक रूप से किया और विकासात्मक कार्यकलापों में सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेष रूप से इसने राष्ट्रीयकरण के उद्देश्यों के मद्देनजर विकासात्मक कार्यो में अपनी सक्रियता ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में दिखाई। इस बैंक की इसी भूमिका को मान्यता देते हुए इसे विभिन्न जिलों में अग्रणी बैंक होने का सम्मान मिला और फिलहाल यह बैंक पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर और त्रिपुरा के 43 जिलों में अग्रणी बैंक है। यह बैंक पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति का संयोजक भी है।

इस बैंक ने बैंकिंग सेवाओं के विस्तार को देश के विभिन्न भागों विशेषकर पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अबतक 04 क्षेत्रीय ग्रमीण बैंको को प्रायोजित किया है। इनमें एक पश्चिम बंगाल में, एक असम में, एक मणिपुर में और एक त्रिपुरा में है। इन चार क्षेत्रीय ग्रमीण बैंकों की कुल 1174 से अधिक शाखाएं हैं। इस बैंक को लोग चाय बैंक के रूप में भी जानते हैं। क्योंकि यह बैंक बहुत पहले से ही चाय बगानों को वित्त प्रदान करता रहा है। यह बैंक चाय उद्योग का सबसे बड़ा ऋणदाता है।

हमारे बैंक का लक्ष्य है एक गतिशील, प्रौद्योगिकी उन्नत, ग्राहक हितैषी, प्रगतिशील और वित्तीय रूप से मजबूत अखिल भारतीय बैंक के रूप में अपनी पहचान बनाना और व्यवसायिक परिवेश में विश्वास और पारदर्शिता के साथ जोखिम प्रबंधन पर समुचित बल देते हुए अपने व्यवसाय के विकास और लाभप्रदता पर अपना ध्यान केन्द्रित करना।

बैंक संबंधी अन्य विवरण:

कंपनी पहचान सं.	**युटीबीआई**
संगठन का नाम	**युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया**
पंजीकृत पता	**युनाइटेड टावर** 11, हेमन्त बसु सरणी, कोलकाता -700001
वेबसाइट	www.unitedbankofindia.com
ई-मेल पता	co.sec@unitedbank.co.in
वित्तीय वर्ष रिपोर्ट	1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019
संबंधित क्षेत्र जिनमें बैंक कार्यरत है (औद्योगिक क्रियाकलाप कोड के अनुरूप)	विभाग - के - वित्तीय एवं बीमा कार्यकलाप. राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (समस्त आर्थिक कार्यकलाप) 2008. समूह : 641 वर्ग : 6419 विवरण : मौद्रिक मध्यस्थता अन्य मौद्रिक मध्यस्थता
तुलन पत्र के अनुसार तीन मुख्य उत्पादों/सेवाओं की सूची जो यह बैंक देता है	1. थोक बैंकिंग 2. खुदरा बैंकिंग 3. ट्रेजरी परिचालन
अवस्थानों की कुल संख्या जहाँ से यह बैंक अपना व्यवसायिक क्रिया-कलाप चलाता है। अन्तरराष्ट्रीय अवस्थान की संख्या राष्ट्रीय अवस्थान की संख्या	 दो (2) बांगलादेश एवं म्यांमार 2055 शाखाएं
बैंक सेवा बाजार	घरेलू : 2055 शाखाएं अखिल भारतीय स्तर पर अन्तरराष्ट्रीय : बांगलादेश एवं म्यांमार में प्रतिनिधि कार्यालय

खंड ख: बैंक का वित्तीय ब्यौरा

1.	चुकता पूँजी	₹7427.92 करोड़
2.	कुल आय	₹10944.46 करोड़
3.	कर पश्चात् कुल लाभ	(₹2315.93 करोड़
4.	कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर कुल व्यय कर के पश्चात् मुनाफा (%)	अप्रयोज्य (वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक को हानि हुआ)
5.	कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पर हुए खर्च की क्रियाकलापवार सूची	बैंक ने युनाइटेड बैंक सामाजिक आर्थिक विकास न्यास (युबीएसईडीएफ) के जरिए 5 (पांच) सामाजिक कल्याण परियोजना पर कुल 30.28 लाख रूपए खर्च किए।

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत किए गए कार्य

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व या क्रिया-कलाप की पहचान	परियोजना का क्षेत्र	परियोजना या कार्यक्रम पर खर्च की गई राशि	खर्च राशि: सीधे या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से
लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, महिलाओं का सशक्तिकरण और सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की असमानता को कम करना।	महिला सशक्तिकरण एवं समाजिक उत्थान	₹3.41 लाख	युनाइटेड बैंक सामाजिक आर्थिक विकास न्यास के जरिए
शिक्षा, अनुसंधान एवं अध्ययन को बढ़ावा देना जिसमें विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजर्गों और दिव्यांगों को विशेष शिक्षा एवं रोजगार देना, उनकी व्यवसायिक क्षमता को बढ़ाना।	शिक्षा, समाजिक सहायता और विकास	₹19.87 लाख	
अन्य पहल जैसे प्रतिरोधात्मक स्वास्थ्य सेवा, सफाई, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था, आधारभूत विकास, ग्रामीण विकास, अच्छे अस्पताल की सुविधा उपलब्ध कराना आदि जैसे कामों को बढ़ावा देना।	स्वास्थ्य एवं सफाई, पेयजल आदि।	₹7.00 लाख	
कुल खर्च		₹30.28 लाख	

खंड ग: अन्य ब्यौरे

बैंक की अपनी कोई समनुषंगी इकाई नहीं है। इस बैंक ने चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को प्रायोजित किया है और यह प्रायोजन केन्द्र सरकार तथा पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर और त्रिपुरा सरकार के सहयोग से हुआ है जिन्होंने बैंक के व्यवसायिक दायित्व की पहल में सहभागिता की है। 31 मार्च, 2019 को चार बैंकों का कुल व्यवसाय ₹44405.90 करोड़ था। बैंक अपने आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों, सेवाप्रदाताओं और अन्य हितधारकों को जिम्मेदार तरीके से व्यवसाय करने को प्रोत्साहित करता है।

खंड घ: व्यवसाय दायित्व जानकारी

1. निदेशकों से संबंधित विवरण जिनपर व्यवसाय का दायित्व है

(क)	निदेशकों से संबंधित विवरण जिनपर व्यवसाय दायित्व नीति/नीतियों के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी है डीआईएन सं. : 07748272 नाम : अशोक कुमार प्रधान पदनाम : प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
(ख)	व्यवसाय दायित्व के प्रधान का विवरण नाम : राकेश चन्द्र नारायण पदनाम : महाप्रबंधक, योजना एवं विकास टेलीफोन सं.: 033 22624014 ई-मेल आईडी : gmpd@unitedbank.co.in

2. सिद्धांतवार (एनवीजी के अनुसार) बीआर नीति/नीतियां:

कॉर्पोरेट मामला मंत्रालय द्वारा व्यवसाय की सामाजिक, पर्यावरण संबंधी और आर्थिक जिम्मेदारी पर जारी राष्ट्रीय स्वेच्छा मार्गनिर्देश (एनवीजी) के अनुसार बैंक ने निम्नलिखित नौ व्यवसायिक दायित्व को अपनाया है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

पी 1	व्यवसाय को नैतिक, पारदर्शी और दायित्वशील तरीके से चलाया जाना चाहिए।
पी 2	व्यवसाय को ऐसी वस्तुएं और सेवाएं उपलब्ध करानी चाहिए जो सुरक्षित हो और आजीवन अपना योगदान देता रहे।
पी 3	व्यवसाय को अपने कर्मचारियों की भलाई को बढ़ावा देने वाला होना चाहिए।
पी 4	व्यवसाय को ऐसा होना चाहिए जो अपने हितधारकों खासकर सुविधाविहीन, अत्यंत कमजोर और हाशिए पर पड़े हितधारकों के हित का सम्मान करें और उनके प्रति जिम्मेदार हो।
पी 5	व्यवसाय को मानवाधिकार को सम्मान देना वाला और बढ़ावा देने वाला होना चाहिए।
पी 6	व्यवसाय को पर्यावरण का सम्मान करने वाला, उसकी संरक्षा देने वाला और उसे सुरक्षित रखने वाला होना चाहिए
पी 7	जनता को और नियामक नीति को प्रभावित करते समय व्यवसाय को जिम्मेदाराना तरीके से किया जाना चाहिए।
पी 8	व्यवसाय को समावेशी वृद्धि और समान विकास का समर्थक होना चाहिए।
पी 9	व्यवसाय को अपने ग्राहको और उपभोक्ताओं के साथ जिम्मेदाराना तरीके से पेश आना चाहिए और उनको सम्मान दिया जाना चाहिए।

(क) अनुपालन का ब्योरा (हां/नहीं में जवाब दें)

सं.	प्रश्न	पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
1$$	क्या आपके पास नीति/नीतियां हैं (एनबीजी में बताए गए प्रत्येक सिद्धांत)	हां*	हां^	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	हां
2	क्या संबंधित हितधारकों के साथ परामर्श करके नीति तैयार की जा रही है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	हां
3	क्या नीति किसी भी राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है? यदि हां, तो निर्दिष्ट करें? (50 शब्द)	हां, पी-7 को छोड़कर सभी के लिए। बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली सभी नीतियां विभिन्न नियामकों और अन्य सांविधिक निकायों जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, वित्त मंत्रालय, सेबी, भारत के संविधान और प्रयोज्य अन्य कानूनी अथवा सांविधिक अपेक्षाओं द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं। इसलिए, ये राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है।								
4	क्या नीति को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है? यदि हां, क्या यह एमडी/मालिक/सीईओ/उपयुक्त बोर्ड निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है?	हां, पी-1 एवं पी-7 को छोड़कर सभी के लिए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा नीतियों पर हस्ताक्षर किया जा रहा है।								
5	क्या नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए बैंक की एक विशिष्ट समिति/ निदेशक/आधिकारिक समिति है?	हां, पी-7 को छोड़कर सभी के लिए (विभिन्न नीतियों के अंतर्गत इसे आवधिक रूप में समीक्षा की जाती है)								
6	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक का बताइए।	Link: http://www.unitedbankofindia.com**								
7	क्या नीति औपचारिक रूप से सभी प्रासंगिक आंतरिक और बाह्य हितधारकों को भेजी गई है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	हां
8	क्या नीति/नीतियों को लागू करने के लिए बैंक की आंतरिक संरचना है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	हां
9	क्या नीति/नीतियों से संबंधित हितधारकों की शिकायतों को दूर करने के लिए नीति/नीतियों से संबंधित बैंक की शिकायत निवारण व्यवस्था है?	हां, पी-7 को छोड़कर सभी के लिए।								
10	क्या बैंक ने आंतरिक या बाहरी एजेंसी द्वारा इस नीति के काम की स्वतंत्र लेखा परीक्षा/मूल्यांकन किया है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	नहीं

$$. बैंक द्वारा कई तरह की नीतियां औपचारिक रूप से बनाई गई हैं। उक्त नीतियों द्वारा बैंक के विभिन्न कार्यों को नियंत्रित किया जाता है और इससे व्यापार के संचालन में नैतिकता और पारदर्शिता का समर्थन और उसे बढ़ावा मिलता है। यह कार्यस्थल पर कर्मचारियों के साथ-साथ हितधारकों के मानवाधिकारों को सुरक्षित रखता है। यह कर्मचारियों का कल्याण सुनिश्चित करता है, दुर्भावनापूर्ण, कमजोर और हाशिए पर ध्यान दिया जाता है। इससे समाज में हित की चिंता के साथ समसामयिक विकास का समर्थन किया जाता है और ग्राहकों को एक जिम्मेदार तरीके से गुरूत्व प्रदान किया जाता है।

*सिद्धांत 1 के अनुसार बैंक द्वारा प्रारंभिक रूप में केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी सतर्कता मैनुअल में सीबीसी दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जाता है। (लिंकः http:/?cvc.nic.in/man04.pdf)।

^ सिद्धांत 2 के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलापों को बैंक की आंतरिक ऋण नीति द्वारा परिचालित किया जाता है। यह आंतरिक उपयोग के लिए है। इसे ऑन लाइन देखा नहीं जा सकता।

** सिद्धांत 3 के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलाप (कर्मचारी-कल्याण) आंतरिक उपयोग के लिए हैं। इसे ऑनलाइन देखा नहीं जा सकता।

पी 7 के लिए नीति न होने का कारण

हालांकि, सिद्धांत 7 के लिए कोई लिखित नीति नहीं है, यह बैंक देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक होने के कारण यह बैंक आम जनता के हित, सुशासन, प्रशासन, आर्थिक, समावेशी विकास नीतियां, खासकर बैंकिंग क्षेत्र के सुधारों के संबंध में नीति निर्माताओं और नियामकों के साथ जुड़ा हुआ है ।

(ख) यदि प्रश्न क्रम संख्या 1 के एवज में किसी भी सिद्धांत का उत्तर नहीं है तो कृपया बताएं कि क्यों:
(2 विकल्पों तक टिक करें)

सं.	प्रश्न	पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
1	बैंक ने सिद्धांतों को नहीं समझा है	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य
2	बैंक एक ऐसे चरण पर नहीं है जहां विशिष्ट सिद्धांतों पर नीतियों को तैयार और कार्यान्वित करने की स्थिति में वह खुद को पाता है	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य
3	उक्त कार्य के लिए बैंक के वित्तीय या जनशक्ति संसाधन उपलब्ध नहीं हैं	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य
4	यह अगले 6 महीनों के भीतर किए जाने की योजना है	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य
5	यह अगले 1 साल के भीतर किए जाने की योजना है	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य
6	कोई अन्य कारण (कृपया स्पष्ट करें)	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य

3. बीआर से संबंधित अभिशासन

क.	बैंक के निदेशक मंडल, बोर्ड की समिति या सीईओ कितने बार बीआर का मूल्यांकन करते हैं, स्पष्ट करें।	वार्षिक।
ख.	क्या बैंक द्वारा बीआर या एक स्थिरता रिपोर्ट प्रकाशित किया जाता है? इस रिपोर्ट को देखने के लिए हाइपर-लिंक क्या है? इसे कितनी बार प्रकाशित किया जाता है?	बीआर रिपोर्ट वार्षिक आधार पर एवं वेबलिंक के माध्यम से बैंक के वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। http://www.unitedbankofindia.com/english/Annual-Report.aspx

अनुभाग ड. : सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन

सिद्धांत 1: नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही

1. क्या नैतिकता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार से संबंधित नीति केवल बैंक को कवर करती है? हां/नहीं। क्या समूह/संयुक्त उपक्रम/ गैरसरकारी संगठन/ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ता/और अन्य के लिए लागू है?

   हां, यह सिर्फ बैंक को कवर करता है।

   भ्रष्टाचार, कदाचार, ग़डबड़ी और निधि के दुरुपयोग को रोकने के लिए बैंक की अलग व्यवस्था है।

2. पिछले वित्तीय वर्ष में कितने शेयरधारकों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा उनमें से कितने प्रतिशत शिकायतों को संतोषपूर्वक हल किया गया है? यदि हां, तो इसके बारे में लगभग 50 शब्दों में विवरण प्रदान करें।

	ब्योरे	संख्या
	ग्राहक	
क	वर्ष के प्रारंभ में लंबित पड़ी शिकायतें	721
ख	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतें	169711
ग	वर्ष के दौरान हल की गई शिकायतें	169158
घ	वर्ष के अंत तक लंबित शिकायतें	1274

	ब्योरे	संख्या
	शेयर धारक	
क	वर्ष की शुरुआत में लंबित शिकायतें	0
ख	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतें	27
ग	वर्ष के दौरान निवारण की शिकायतें	27
घ	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतें	0

सिद्धांत-2 उत्पादों एवं सेवाओं की स्थिरता

अपने 3 उत्पादों या सेवाओं की सूची दें, जिनके उद्देश्य में सामाजिक या परिवेश से संबंधित समस्याओं, जोखिमों और/या अवसरों को शामिल किया है ।

क. स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)

बैंक ने निर्धन व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए एसएचजी को एक प्रभावी माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्हें बचत की आदतों के साथ-साथ अपनी जीविका निर्वाह करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बैंक द्वारा ऋण प्रदान किया है। बैंक द्वारा एसएलबीसी, पश्चिम बंगाल के निर्णय के अनुसार एसएचजी के प्रथम श्रेणीकरण पर ₹1.50 लाख की ऋण सीमा प्रदान करके एसएचजी को एन आर एल एम कार्यक्रम में कार्यान्वित किया जा रहा है।

ख. युबीआरसेटी (युनाइटेड बैंक ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान)

बैंक ने अब तक पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा राज्यों 16 आरसेटी स्थापित किए हैं ताकि समाज के दलित समुदाय से संभावित उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया जा सके।

ग. एफएलसी (वित्तीय साक्षरता केंद्र)

बैंक ने पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और मणिपुर राज्यों में वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श सेवाएं देने के लिए एचएससी की स्थापना की है, जो कि समाज के गरीब वर्ग के लिए है।

2. प्रत्येक ऐसे उत्पाद के लिए उपयोग संशाधन, (एनर्जी, जल, कच्चा माल आदि) के बारे में निम्नलिखित ब्योरा प्रदान करें। प्रति यूनिट उत्पाद (यह विकल्प है) की जानकारी दें।
   (क) मूल्य श्रृंखला में पिछले वर्ष से प्राप्त सोर्सिंग/उत्पादन/वितरण के दौरान कटौती?
   - लागू नहीं।
   (ख) पिछले साल से उपभोक्ताओं (ऊर्जा, पानी) द्वारा उपयोग के दौरान कमी की गई है?
   - लागू नहीं।
3. क्या बैंक की स्थायी सोर्सिंग (परिवहन सहित) के लिए प्रक्रियाएं हैं?
   (क) यदि हां, तो आपके इनपुट का प्रतिशत कितनी मात्रा में लाया गया था? इसके अलावा, इसके बारे में विवरण प्रदान करें, लगभग 50 शब्दों में।
   - लागू नहीं।
4. बैंक ने स्थानीय और छोटे उत्पादकों से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए कोई कदम उठाया है, जिसमें उनके काम के आस-पास के समुदायों को शामिल किया गया है?
   (क) यदि हां, तो स्थानीय और छोटे विक्रेताओं की क्षमता में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?
   - लागू नहीं।
5. क्या बैंक के उत्पादों और अपशिष्ट को पुनः उपयोग करने के लिए एक तंत्र है? यदि हां, उत्पाद और कचरे के रीसाइक्लिंग का प्रतिशत क्या है (अलग से <5%, 5-10%, >10%)। इसके अलावा, इसके बारे में लगभग 50 शब्दों में विवरण प्रदान करें।
   - लागू नहीं।

सिद्धांत-3: कर्मचारियों की भलाई

1. कृपया कर्मचारियों की कुल संख्या दर्शाएं : 31.03.19 को 14296
2. कृपया अस्थायी/अनुबंध/आकस्मिक आधार पर काम पर रखे गए कर्मचारियों की कुल संख्या दर्शाएं : शून्य
3. कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं : 3283
4. कृपया विकलांग स्थायी कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं : 230
5. क्या आपके पास कर्मचारी संघ है जो प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त है? हाँ
6. इस मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ में, आपके स्थायी कर्मचारियों का प्रतिशत क्या हैं : 96.74%
7. वित्तीय वर्ष के अंत में बाल मजदूर, मजबूर मजदूर, अनैच्छिक मजदूर, यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों एवं लंबित शिकायतों की संख्या बताएं।

स.	श्रेणी	वित्तीय वर्ष के दौरान दर्ज शिकायतों की संख्या	वित्तीय वर्ष के अंत तक लंबित शिकायतों की संख्या
1	बाल मजदूर, मजबूर मजदूर, अनैच्छिक मजदूर	लागू नहीं	लागू नहीं
2	यौन उत्पीड़न	2	1
3	भेदभावपूर्ण रोजगार	शून्य	शून्य

8. अपने निम्नांकित कर्मचारियों में से कितने प्रतिशत को पिछले वर्ष, सुरक्षा और कौशल उन्नयन में प्रशिक्षण दिया गया ?
   (क) स्थायी कर्मचारी: 5.03%
   (ख) स्थायी महिला कर्मचारी: 5.02% (स्थायी महिला कर्मचारियों में से)
   (ग) आकस्मिक/अस्थायी/ठेका कर्मचारी: लागू नहीं
   (घ) विकलांग कर्मचारी: 5.34% (विकलांग व्यक्तियों में से)

सिद्धांत-4: हितधारक की नियुक्ति

1. क्या बैंक ने अपने आंतरिक और बाह्य हितधारकों को चिह्नित किया है? हाँ
2. उपरोक्त में से, बैंक ने वंचित, कमजोर और हाशिए वाले हितधारकों की पहचान की है। हाँ
3. क्या वंचित, कमजोर और हाशिए वाले हितधारकों के साथ वचनबद्धता के लिए बैंक द्वारा कोई विशेष कदम उठाए गए हैं? यदि हां, तो इसके बारे में करीब 50 शब्दों में ब्योरा प्रदान करें।

जाति, पंथ और धर्म के किसी भी भेदभाव और पूर्वाग्रह के बिना बैंक सभी कर्मचारियों से समान व्यवहार की नीतियों का पालन करता है। बैंक ने आंतरिक वंचित, कमजोर और हाशिए वाले हितधारकों जैसे नो फ्रिल खाते, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूहों को ऋण, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, महिला उद्यिमयों को ऋण आदि के लाभ और विस्तार करने के लिए कई एक पहल की है।

I. कर्मचारी शिकायत निवारण तंत्र

स्टाफ सदस्यों से संबंधी शिकायतों की जांच के लिए दो स्तरीय शिकायत निवारण समिति कार्य कर रही है।

II. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी का कल्याण:

विशिष्ट आरक्षित श्रेणियों के पदोन्नति में जोन ऑफ़ कंसिडरेशन/रोजगार में आरक्षण के लिए सरकार के दिशानिर्देशों का बैंक सावधानीपूर्वक पालन कर रहा है।

सिद्धांत-5: मानवाधिकार का सम्मान करना

1. क्या मानव अधिकार संबंधी बैंक की नीति केवल बैंक को कवर करती है या इसकी पहुंच समूह/संयुक्त उपक्रम/आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों/गैरसरकारी संगठनों/अन्य लोगों तक भी है?

   मानव अधिकारों की रक्षा करने वाली बैंक की विभिन्न नीतियां सीधे या परोक्ष रूप से बैंक के केवल परिचालन को हीं कवर करती हैं और इसकी पहुंच बाहरी पार्टी तक नहीं है।

   बैंक इस तथ्य के प्रति सचेत है कि सभी इंसान स्वतंत्र और समान हैं और व्यक्तियों के मूल मानवाधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए।

   बैंक कार्यस्थल पर कर्मचारियों के मानवाधिकारों को अच्छी तरह समझता है। बैंक संघों की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार का सम्मान करता है।

   यौन उत्पीड़न की रोकथाम

   कार्यस्थल पर बैंक द्वारा यौन उत्पीड़न पर रोक लगाई गई है, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए विशेष धाराएं हैं। तदनुसार, कार्यस्थलों पर विशेष रूप से महिला कर्मचारियों से संबंधित मुद्दे को संबोधित करने के लिए, बैंक के पास पर्याप्त व्यवस्था है। इन मामलों को देखने के लिए बैंक ने आंतरिक शिकायत समिति बनाया है।

   बैंक की वेबसाइट के माध्यम से जनता के बीच सूचना का प्रसार

   बैंक अपने उत्पाद/सेवाओं/जनता के लिए उपलब्ध सुविधाएं/अन्य कोई सूचना की अद्यतित जानकारी उपलब्ध रखता है, जिसे सार्वजनिक डोमेन में बताया जा सकता है। एक सूचीबद्ध कंपनी होने के नाते, बैंक जनता की जानकारी के लिए वित्तीय परिणामों को प्रदर्शित करता है।

   युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 में एक जन प्राधिकरण है और इस प्रकार जनता के सदस्यों को जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य है।

   शिकायत का निवारण

   शिकायतों के जल्द और निष्पक्ष गैर भेदभावपूर्ण निवारण के लिए, बैंक ने तकनीक की सहायता से "व्यापक शिकायत प्रबंधन प्रणाली" (सीसीएमएस) की शुरूआत की है। इस प्रणाली के अंतर्गत शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रधान कार्यालयों के विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों को संबंधित शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय/प्रधान कार्यालय के विभागों द्वारा "ऑन लाइन शिकायत निवारण" पोर्टल पर अपलोड/दर्ज करेगा, जो इंट्रानेट लिंक में उपलब्ध है और निपटारा/निपटान की स्थिति रियल टाइम आधार पर भी अपलोड किया जायेगा। सीसीएमएस के बकाया डेटा बेस में ग्राहक द्वारा ऑनलाइन की गई शिकायत को प्रणाली द्वारा जोड़ा जाएगा।

   व्यापक शिकायत प्रबंधन प्रणाली हमें प्रत्येक शिकायत की स्थिति का पता लगाने और अवधि के दौरान बैंक द्वारा प्राप्त कुल शिकायतों के संबंध में व्यापक देखरेख करने में सहायता करेगा। शिकवा और शिकायतों के शीघ्र निपटान के लिए तत्काल आवश्यक अनुवर्ती उपाय किए जाएंगे। प्रणाली शिकायतों की प्रकृति को उन उत्पादों और सेवाओं के साथ वर्गीकृत करने में सक्षम है जिनसे शिकायत संबंधित हैं। डेटा का विश्लेषण बैंक प्रबंधन को फ्रंट लाइन सेवा को सीधे सुधारने में मदद करेगा, जिसमें ग्राहक सेवा मानक को अद्यतन करना, संचार में सुधार करना, उत्पाद और सेवाओं संबंधी कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान करना, प्रणालीगत मुद्दों आदि के लिए उपचारात्मक कार्रवाई करना शामिल है।

2. पिछले वित्तीय वर्ष में कितने हितधारक से शिकायतें प्राप्त हुई हैं और कितने प्रतिशत को प्रबंधन द्वारा संतोषपूर्वक हल किया गया है?

   वर्ष के दौरान, बैंक को ग्राहकों से 169711 शिकायतें मिली हैं और वर्ष की शुरुआत में 721 शिकायत लंबित थीं। कुल 169158 शिकायतों में से वर्ष के दौरान 99.25% शिकायतों को प्रबंधन द्वारा संतोषजनक ढंग से निवारण किया गया।

   वर्ष के दौरान, बैंक को विभिन्न हितधारकों से 27 शिकायतें मिली हैं और वर्ष की शुरुआत में कोई शिकायत लंबित नहीं थी। कुल 27 शिकायतों में से वर्ष के दौरान 100% शिकायतों को प्रबंधन द्वारा संतोषजनक ढंग से निवारण किया गया।

सिद्धांत-6: पर्यावरण की देखभाल

1. क्या सिद्धांत 6 से संबंधित नीति केवल बैंक को कवर करती है या समूह/संयुक्त उपक्रम/आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों/गैरसरकारी संगठनों/अन्य लोगों को भी कवर करती है?

नीति केवल बैंक को कवर करती है।

2. जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग आदि जैसे वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए क्या बैंक के पास रणनीतियाँ/पहलें हैं? हां/नहीं। यदि हां, तो कृपया वेबपृष्ठ आदि के लिए हाइपरलिंक दें।

   - हाँ

   क) बैंक की ऋण नीति के अनुसार, बैंक पर्यावरणीय रूप से खतरनाक उद्योगों जैसे ओजोन को समाप्त करने वाले तत्व सीएफसी को वित्त प्रदान नहीं कर रहा है।

   ख) जहरीले प्रदूषक उत्सर्जन करने वाले विनिर्माण इकाइयों के मामले में, बैंक सुनिश्चित करता है कि उधारकर्ता को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आवश्यक एनओसी प्राप्त हो।

3. क्या बैंक संभावित पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान और आकलन करता है?

   हाँ, टीईवी (टेक्नो आर्थिक व्यवहार्यता) अध्ययन में, संभावित पर्यावरणीय खतरों और परियोजना मूल्यांकन में इसका मिटीगेशन भाग है।

4. क्या बैंक के पास स्वच्छ विकास तंत्र से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हां, तो इसके बारे में विवरण प्रदान करें, लगभग 50 शब्दों में या तो इसके अलावा, यदि हां, तो क्या कोई पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट दायर की जाती है?

   बैंक ने पेपरलेस बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तकनीकें अपनाई हैं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस, आंतरिक और बाहरी संचार के लिए ईमेल, जो कागज के न्यूनतम उपयोग को सक्षम बनाती हैं और पेट्रोल/डीजल आदि को बचाने के लिए यात्रा को कम कर कार्बन फूटिंप्रट को कम करता है।

5. क्या बैंक ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा आदि पर कोई अन्य पहल की है। हां/नहीं, यदि हां तो कृपया वेब पेज आदि के हाइपरलिंक दें।

   गैरमहत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए कुछ भौतिक सर्वरों को वर्चुअल वातावरण में मजबूत करके बैंक ने ग्रीन पहल की है। वर्चुअल सेवाओं को सक्षम करके, बैंक ने बिजली की खपत, कार्बन फूटप्रिंट को कम किया है और इस तरह से डेटा सेंटर में बेहतर सर्वर प्रबंधन को सक्षम किया है।

6. क्या रिपोर्ट की गई वित्तीय वर्ष में, बैंक द्वारा उत्पन्न उत्सर्जन/अपशिष्ट सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा अनुमत सीमा के भीतर है?

   लागू नहीं

7. वित्तीय वर्ष के अंत में सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त लंबित (अर्थात संतोषजनक हल नहीं किया गया) कारण बताओ/कानूनी नोटिसों की संख्या।

   लागू नहीं

सिद्धांत-7: दायित्वपूर्ण वक्तव्य

1. क्या आपका बैंक किसी व्यापार एवं चैम्बर अथवा संगठन का सदस्य है? यदि हां तो केवल उनमें से प्रमुख का नाम बताइए जिनके साथ आपका व्यवसाय होता हैः हां।
   - भारतीय बैंक संघ (आई बी ए)
   - फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई)
   - भारत चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स (बीसीसी)
   - बंगाल नेशनल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (बीएनसीसीआई)
   - बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान
   - द क्लियरिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सी सी आइ एल)
   - नेशनल पेमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (आईएनपीसी)
   - इंडियन इंस्टिच्यूट्स ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनेंश
   - नेश्नल इंस्टिच्यूट्स ऑफ बैंक मैनेजमेंट

2. क्या जनहित में वृद्धि अथवा सुधार के लिए उपर्युक्त संगठनों के माध्यम से आपने अपनी बात रखी है/पैरवी की है ? हां/ना; यदि हां तो इसके बारे में स्पष्ट करें। (ड्राप बॉक्स : अधिशासन एवं प्रशासन, आर्थिक सुधार, समावेशी विकास नीतियां, ऊर्जा सुरक्षा, जल, खाद्य सुरक्षा, सतत व्यवसाय सिद्धान्त, अन्य)

   हां, व्यवसाय में सामान्य सुधार के लिए आई.बी.ए में बैंक ने लगातार अपनी बात रखी ।

सिद्धांत-8: समावेशी वृद्धि एवं साम्यिक विकास के लिए सक्षम बनाना

1. क्या बैंक ने सिद्धान्त 8 से संबंधित नीति के अनुसरण में कार्यक्रमों /पहलों/ योजनाओं को निर्दिष्ट किया?

   बैंक ने समाज के समावेशी एवं साम्यिक विकास की दृष्टि से अनेक कार्यक्रम/पहल/योजना बनाई है।

   वित्तीय समावेशन:

   बैंक रहित ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण लोगों को कम कीमत पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने तथा समावेशी विकास के लिए उन्हें मुख्य आर्थिक धारा में लाने के लिए बैंक ने वित्तीय समावेशन परियोजना लागू की है। बैंक ने बैंकिंग सेवा से वंचित लोगों को 4252 बैंक मित्रों के माध्यम से मूलभूत सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु 13381 बैंक रहित ग्रामों को कवर किया है।

2. क्या अपनी आंतरिक टीम/अपने फाउंडेशन/बाहरी एनजीओ/सरकारी संरचनाओं/कोई अन्य संगठनों के माध्यम से कार्यक्रमों/परियोजनाओं को चलाया जाता है?

   वित्तीय समावेशन परियोजना बैंक के आंतरिक टीम द्वारा चलाई जाती है ।इस प्रयोजन के लिए महाप्रबंधक के नेतृत्व में एक अलग विभाग स्थापित किया गया है ।

3. क्या आपने अपनी पहलों के प्रभाव का मूल्यांकन किया है?

   - हां।

4. समुदाय विकास परियोजनाओं के संबंध में आपके बैंक का प्रत्यक्ष योगदान क्या है - राशि, भारतीय रुपयों में तथा चलाई जा रही परियोजनाओं के ब्योंरे।

   बैंक ने 31.03.2019 तक सीएसआर क्रियाकलापों के लिए कुल ₹30.28 लाख के माध्यम से 93 विभिन्न कल्याणकारी क्रियाकलापों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक की गतिविधियां हेल्थ केयर, लाईब्रेरी रूम निर्माण, ईस्लेटों का वितरण, कंबल एवं सामाजिक कार्यकलापों के अंतर्गत सहायता प्रदान करने पर केन्द्रित था। इस वर्ष बैंक ने सामाजिक गतिविधियों में लगे संबंधित संगठनों के माध्यम से 5 परियोजनों के लिए ₹30.28 संवितरित किया।

5. क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाया है कि समुदाय विकास संबंधी इस पहल को समुदाय ने सफलता पूर्वक ग्रहण किया है? कृपया लगभग 50 शब्दों में बताएं।

   बैंक ने समुदाय विकास कार्यक्रम आरंभ किया है जैसे 16 यु.बी.आर.एस.इ.टी.आई (युनाइटेड बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान) और 38 एफ.एल.सी (वित्तीय साक्षरता केन्द्र)। इन संस्थानों केन्द्रों की गतिविधियों की निगरानी प्रधान कार्यालय द्वारा की जाती है। यु.बी.आर.एस.इ.टी.आई योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं/महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। कुल 75% प्रशिक्षुओं ने अपने आर्थिक उद्यमों द्वारा स्वरोजगार स्थापित किया है। वित्तीय साक्षरता केन्द्र (एफ.एल.सी) पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और मणिपुर राज्यों में समाज के गरीब वर्गों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढावा दे रहे हैं और उन्हें ऋण परामर्श सेवा प्रदान कर रहें हैं।

सिद्धांत-9: उपभोक्ता मूल्य प्रदान करना

1. वित्तीय वर्ष के अंत में कितने प्रतिशत ग्राहक शिकायतें/उपभोक्ता मामले लंबित है।

   बैंक को वर्ष के दौरान 169711 ग्राहक शिकायतें प्राप्त हुई और वर्ष की शुरुआत में 1274 शिकायत लंबित थीं। कुल 169198 शिकायतों में से वर्ष के दौरान 99.25% का निपटान किया गया।

   वर्ष के दौरान 27 शेयर धारकों की शिकायतें प्राप्त हुई और वर्ष की शुरुआत में कोई शिकायत लंबित नहीं थी। कुल 27 शिकायतों में से वर्ष के दौरान 100% का निपटान किया गया।

2. क्या स्थानीय कानूनों के मुताबिक अनिवार्य रूप से उत्पाद लेबल पर उत्पाद सूचना प्रदर्शित की जाती है?

   - हां/नहीं/अप्रयोज्य/टिप्पणी (अतिरिक्त जानकारी)।

   - अप्रयोज्य।

3. क्या बैंक के खिलाफ किसी भी हितधारक ने पिछले पांच वर्षों के दौरान अनुचित व्यापार पद्धतियों, गैरजिम्मेदार विज्ञापन और /या प्रतिस्पर्धात्मक विरोधी व्यवहार के संबंध में कोई मामला दायर किया है और क्या वह वित्तीय वर्ष के अंत तक लंबित है। यदि हां, तो इसके बारे में लगभग 50 शब्दों में विवरण प्रदान करें।

   - शून्य

4. क्या आपके बैंक ने कोई उपभोक्ता सर्वेक्षण किया है/उपभोक्ता संतुष्टि प्रवृति का पालन किया है?

   - नहीं।

ह/-

अशोक कुमार प्रधान

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

डीआईएन : 07748272

कंपनी अभिशासन पर युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया के निदेशक मंडल की रिपोर्ट: 2018-2019

1. परिचय :

यह बैंक कंपनी अभिशासन के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने के लिए प्रयासरत है और अपने सभी पणधारियों (स्टेक होल्डर्स) सहित अपने ग्राहकों, शेयरधारकों, कर्मचारियों, सामान्य लोगों, समाज, संरक्षकों, भारत सरकार और नियामकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने प्रकटीकरण, पारदर्शिता, व्यवसाय नीतिपरायणता संबंधी सर्वश्रेष्ठ चलन को अपनाया है जिसका लक्ष्य है इस संस्थान के पणधारियों के अंतर्निहित मान की श्रीवृद्धि करना।

2. अभिशासन संहिता पर बैंक का नजरिया :

इस बैंक में कंपनी अभिशासन का आधारभूत नजरिया बैंक द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन से निर्देशित होना और प्रभावी प्रबंधन एवं नियंत्रण द्वारा मूल्यसृजन करना है। बैंक की नीतियों और उन नीतियों पर अमल करना केवल सांविधिक जरूरत ही नहीं बल्कि इस संस्था को परवर्ती स्तर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं का मान रखना भी है। बेहतर अभिशासन प्रथाओं ने व्यवसायिक परिचालनों के बदलते स्वरूप के लिए उपयुक्त अधिक प्रभावी आंतरिक नियंत्रणों को लागू करने, कार्यनिष्पादन में सुधार लाने और इसके व्यवहार, गतिविधियों और नीतियों में पारदर्शिता को बढ़ाने में बैंक को सक्षम बनाया है।

इस बैंक ने कंपनी अभिशासन को एक वैसी क्रमबद्ध प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया है जिसकी बदौलत कोई संगठन एक सुपरिभाषित नैतिक स्तर बरकरार रखने के लिए निर्देशित और नियंत्रित होता है और साथ ही अपनी धन उत्सर्जन क्षमता भी बढ़ाता है। बोर्ड समग्र रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेवार है कि कंपनी अभिशासन शर्तों का अनुपालन करते समय बैंक की कार्रवाई, आस्तियां और संसाधन को प्राप्त करने के लिए कंपनी अभिशासन की प्रक्रिया की संरचना की गई है। बैंक एक ओर शेयरधारकों के मूल्यों के प्रति अत्यंत सचेष्ट है और दूसरी ओर अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और कॉर्पोरेट विकास की जरूरतों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझता है। यह गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में नैतिक मूल्यों, वित्तीय अनुशासन और अखंडता के उच्च मानकों को पहचानता है। बैंक निम्नलिखित के माध्यम से कॉर्पोरेट उत्कृष्टता की घोषणा करना चाहता है

- स्थापित सिद्धांतों की सीमा में राष्ट्र के कानूनी ढांचे के भीतर शेयरधारकों के महत्व की मर्यादा को बनाए रखना;
- बोर्ड की प्रक्रिया तथा कार्यपालक प्रबंधन के साथ बोर्ड के संपर्क के संबंध में स्पष्ट विवरणी।
- पारदर्शी कंपनी रणनीति की संरचना, प्रभावी नीति, दक्ष प्रक्रिया, कठोर नैतिक मानकों, सटीक विधिक जिम्मेदारियां तथा समग्र पेशेवर दृष्टिकोण को बढ़ावा देना।
- ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करना।
- वृहत्तर रूप में कर्मचारियों, ग्राहकों और समाज के लिए एक अनुकूल परिवेश की उदघोषणा करना,
- पूर्वाग्रहमुक्त सक्रिय प्रबंधन को सुनिश्चित करना।

बैंक स्वयं को पणधारकों का न्यासी समझता है और उनके प्रति न्यासी स्वरूप अपनी जिम्मेदारियों को स्वीकार करता है। यह अभिस्वीकृति उसके धन का सृजन करके और उसकी अभिरक्षता करते हुए देता है। सुरक्षा, हिफाजत, सम्मान, उत्कृष्टता और टीम वर्क स्थायी कार्यनिष्पादन के मौलिक कारक हैं।

3. निदेशक मंडल

बैंक के निदेशक मंडल का गठन बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (इसके आगे 'अधिनियम' के रूप में कहा गया) और राष्ट्रीय बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 (इसके आगे 'योजना' कहा गया) के अनुसरण में किया गया है।

3.1. 31 मार्च, 2019 तक निदेशक मंडल की संरचना :

बैंक के निदेशक मंडल में 31 मार्च, 2019 को 3 कार्यपालक और 4 गैरकार्यपालक निदेशक थे। कार्यपालक निदेशकों की नियुक्ति अधिकतम 5 वर्षों के लिए अथवा उनके सेवानिवृत्त होने तक होती है। केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के नामांकितों को छोड़कर गैरकार्यपालक निदेशक 3 वर्षों के लिए नियुक्त होते हैं। केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के नामांकित भारत सरकार की संतुष्टि तक कार्यालय से जुड़े रहते हैं। शेयरधारक निदेशकों को छोड़कर अन्य सभी निदेशक केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त होते हैं। शेयरधारक निदेशकों का चयन केंद्र सरकार के शेयरधारकों को छोड़कर अन्य शेयरधारकों के बहुमत के आधार पर किया जाता है। केंद्र सरकार द्वारा बोर्ड के गठन को जरूरत पड़ने पर परिवर्तित किया जा सकता है।

नाम	वर्ग	डीआईएन	बोर्ड की बैठक		पिछली एजीएम में उपस्थित	इस बैंक समेत अन्य निदेशकत्व	इस बैंक समेत समिति की सदस्यता	इस बैंक समेत समिति अध्यक्षता
			अवधि के दौरान आयोजित	उपस्थित				
श्री अशोक कुमार प्रधान	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	07748272	5	5	अप्रयोज्य	1	0	0
श्री संजय कुमार	कार्यपालक निदेशक	06741352	5	5	अप्रयोज्य	1	1	0
श्री अजीत कुमार दास	कार्यपालक निदेशक	अप्रयोज्य*	5	5	अप्रयोज्य	1	1	0
श्री समीर कुमार खरे	सरकार द्वारा नामित निदेशक	07103204	10	10	नहीं	2	1	0
श्री दिनेश सिंह	गैरकार्यालयी निदेशक (सीए श्रेणी)	08038875	10	10	हाँ	1	2	1
श्री सिद्धार्थ प्रधान	गैरकार्यालयी निदेशक	06938830	10	10	हाँ	3	1	0
श्री एस.सूर्यनारायण**	शेयरधारक निदेशक	00739992	9	9	अप्रयोज्य	1	1	1

*नोटः बैंक, बैंकिंग (कंपनी अधिग्रहण एवं उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत गठित एक निकाय कॉरपोरेट है। कॉरपोरेट मामले मंत्रालय द्वारा डीआईआर-3 के रुप में किए गए तात्कालिक परिवर्तनों के मद्देनजर, डीआईएन को हमारे कार्यपालक निदेशक को आवंटित नहीं किया जा सकता है।

**शेयरधारक निदेशक के रुप में श्री एस. सूर्यनारायण, निदेशक का कार्यकाल 10 जून, 2018 को पूरा हो गया और 03 अगस्त, 2018 को शेयरधारक निदेशक के रुप में उनका पुनःचयन किया गया। बोर्ड की बैठकों से संबंधित विवरण में उनकी नियुक्ति के दोनों कार्यकाल में सम्पन्न हुई बैठकों और उसमें उनकी उपस्थिति की संख्या दोनों उल्लिखित है।

- निदेशकत्व /समिति की सदस्यता बैंक द्वारा प्राप्त नवीनतम प्रकटीकरण पर आधारित है। अन्य निदेशकत्व में सभी सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों, चाहे वह सूचीबद्ध हो या नहीं, में निदेशकत्व शामिल है और सभी अन्य कंपनियों जैसे, प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों, विदेशी कंपनियों और कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 8 के तहत कंपनियों को उसमें शामिल नहीं किया गया है। समिति में सदस्यता में लेखापरीक्षा समिति की सदस्यता और केवल सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों में शेयरधारक संबंधी समिति की सदस्यता शामिल है।
- निदेशकों में से, श्री सिद्धार्थ प्रधान, गैरसरकारी निदेशक, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड नामक बैंक से भिन्न एक सूचीबद्ध इकाई, में एक स्वतंत्र निदेशक हैं।
- बोर्ड के सदस्यों में से कोई भी 10 से अधिक समितियों में सदस्य नहीं है या सेबी के विनियमन 26 (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (यथा संशोधित) के संदर्भ में 5 से अधिक समितियों के अध्यक्ष नहीं हैं (इसके पश्चात "सूचीकरण विनियम" के रूप में संदर्भित)।
- कोई भी निदेशक एक-दूसरे से संबंधित नहीं है।
- गैर कार्यपालक निदेशकों में से, श्री एस. सूर्यनारायण बैंक के 200 इक्विटी शेयरधारक हैं। बैंक ने समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान अपने किसी भी गैरकार्यपालक निदेशकों को कोई भी परिवर्तनीय लिखत जारी नहीं किया है।
- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बोर्ड की 10 (दस) बैठकें 11.05.2018, 28.05.2018, 25.07.2018, 09.08.2018, 17.09.2018, 31.10.2018, 13.11.2018, 14.12.2018, 15.01.2019 और 05.02.2019 को आयोजित हुई।
- निदेशकों की सुविधा हेतु वेबलिंक- http://www.unitedbankofindia.com
- स्वतंत्रता के मानदंडों के आधार पर, केवल शेयरधारक निदेशक को बैंक के बोर्ड के स्वतंत्र निदेशक के रूप में माना जा सकता है। श्री एस. सूर्यनारायण, शेयरधारक निदेशक द्वारा प्रस्तुत उद्घोषणा के क्रम में निदेशक मंडल द्वारा इसकी पुष्टि की गई है कि शेयरधारक निदेशक सूचीबद्ध विनियमन (लागू होने की सीमा तक) में दिए गए स्वतंत्रता की शर्तों को पूरा करते हैं और बैंक के प्रबंधन में स्वतंत्र हैं;
- समग्र रुप में बैंकिंग व्यवसाय और उद्योग के लिए यथाअपेक्षित बोर्ड द्वारा पहचान किए गए और उपलब्ध निदेशक मंडल के कौशल/ विशेषज्ञता/ क्षमता में से मैट्रिक्स सेटिंग-

क्र.सं.	क्षमता क्षेत्र (कौशल / क्षमता / विशेषज्ञता)
1.	**व्यक्तिगत** (इसमें ईमानदारी, अखंडता और साउंड वैल्यु सिस्टम जैसी विशेषताएं शामिल हैं)
2.	**बोर्ड का अनुभव** (बोर्ड स्तर पर पूर्व अनुभव, कॉर्पोरेट प्रशासन की समझ, हितों के बचाव से संबंधित मुद्दों से निपटना शामिल है।)
3.	**वित्त और बैंकिंग** (इसके सभी पहलुओं में वित्त की समझ, बैंकिंग परिचालन, विवेकपूर्ण वित्तीय निर्णय लेने में अनुभव, लेखा अभ्यास शामिल है।)

क्र.सं.	क्षमता क्षेत्र (कौशल / क्षमता / विशेषज्ञता)
4.	**प्रबंधन** (कॉर्पोरेट रणनीति प्रक्रियाओं, विश्लेषण, हितधारक प्रबंधन, परिष्कृत जोखिम प्रबंधन मॉडल और विधि, मानव संसाधन प्रबंधन और प्रतिभा विकास, निर्णय लेने में मार्गदर्शन करने के लिए विश्लेषणात्मक क्षमता, नेतृत्व क्षमता और प्रबंधन को समर्थन और रचनात्मक आलोचना देने की क्षमता शामिल है।)
5.	**वित्त पोषण और पूंजी संरचना** (पूंजी योजना का ज्ञान, ऋण और इक्विटी पूंजी के मिश्रण के माध्यम से पूंजी जुटाना, नियामक ढांचा, प्रासंगिक विधायी मुद्दों का ज्ञान शामिल है।)
6.	**पेशेवर और उद्योग** (इसमें बैंकिंग उत्पादों और प्रौद्योगिकी से संबंधित ज्ञान, बैंकिंग उद्योग और विभिन्न बाजारों, जिसमें बैंक परिचालन करता है, उसकी जानकारी शामिल है ।)
7.	**सूचान प्रौद्योगिकी** (बैंकिंग क्षेत्र में आईटी प्रणाली और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को लागू करने का ज्ञान, "नई डिजिटल" दुनिया को आमतौर पर डिजिटल बैंकिंग कहे जाने की समझ शामिल है।)

3.2. वर्ष के दौरान निदेशकत्व में हुए परिवर्तन का ब्यौरा (कालक्रम के अनुसार):

परिवर्तन	निदेशक का नाम	पदनाम	कार्यालय में कार्यग्रहण/ कार्यालय छोड़ने की तारीख	बोर्ड की बैठकें	
				अवधि के दौरान आयोजित	उपस्थित
कार्यग्रहण	श्री एस.सूर्यनारायण	शेयरधारक निदेशक	03.08.2018	7	7
	श्री संजय कुमार	कार्यपालक निदेशक	20.09.2018	5	5
	श्री अशोक कुमार प्रधान	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	01.10.2018	5	5
	श्री अजीत कुमार दास	कार्यपालक निदेशक	01.10.2018	5	5
कार्यमुक्त	श्री एस.सूर्यनारायण	शेयरधारक निदेशक	10.06.2018	2	2
	श्री अर्णव राय	आरबीआई द्वारा नामित निदेशक	30.06.2018	2	1
	श्री पवन कुमार बजाज	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	30.09.2018	5	5
	श्री अशोक कुमार प्रधान	कार्यपालक निदेशक	30.09.2018	5	5

3.3. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान नियुक्त/ पुन: नियुक्त किए गए निदेशकों का प्रोफाइल

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक के निदेशक मंडल में नियुक्त/ पुन: नियुक्त/ नामित और कार्यग्रहण करने वाले निदेशकों का प्रोफाइल निम्नप्रकार है:

- **श्री अशोक कुमार प्रधान, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

  श्री अशोक कुमार प्रधान ने 01 अक्टूबर, 2018 को बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस बैंक में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे 18 फरवरी, 2017 से युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया के कार्यपालक निदेशक थे। श्री प्रधान, एम. कॉम और सीएआईआईबी ने जुलाई 1985 में एक परीविक्षाधीन अधिकारी के रूप में स्टेट बैंक ऑफ़ बीकानेर एवं जयपुर में कार्यभार ग्रहण किया था। 32 वर्षों से अधिक के कैरियर में उन्होंने बैंकिंग के लगभग सभी क्षेत्रों में विशेष रूप से ऋण एवं एसबीआई के 04 सहयोगी बैंकों स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर और स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर में शाखा बैंकिंग में कार्य किया है। बैंक में कार्यपालक निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे स्टेट बैंक त्रावणकोर में मुख्य महाप्रबंधक थे। श्री प्रधान के पास युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 के तहत आवंटित किए गए 20,000 इक्विटी शेयर हैं।

- **श्री संजय कुमार, कार्यपालक निदेशक**

  श्री संजय कुमार ने 20 सितंबर, 2018 को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। श्री कुमार ने एम.एससी और सीएआईआईबी किया है। वे 1985 में युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया में नियुक्त हुए। 32 वर्षों से अधिक के कैरियर में उन्होंने बैंकिंग के लगभग सभी क्षेत्रों में विशेष रूप से राजकोष, कंपनी लेखा, ऋण, वसूली एवं ऋण निगरानी और शाखा बैंकिंग में काम किया है। कंपनी लेखा के प्रभारी महाप्रबंधक के रूप में उन्हें बैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में नामित किया गया था। कार्यभार संभालने से पूर्व वह बैंक के महाप्रबंधक तथा वसूली एवं ऋण निगरानी के प्रभारी थे। श्री कुमार के पास बैंक का 10,300 इक्विटी शेयर है जिसमें से 10000 इक्विटी शेयर युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया - कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 के तहत आवंटित किए गए हैं।

- **श्री अजीत कुमार दास, कार्यपालक निदेशक**

  श्री अजीत कुमार दास, बी.एलआईबी.एससी., बी.एससी. और सीएआईआईबी, का कैरियर एक बैंकर का रहा है और उन्होंने नवम्बर, 1986 में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में केनरा बैंक में कार्यभार ग्रहण किया था। 31 वर्षों के कैरियर में उन्होंने विशेष रूप से ऋण और वित्तीय समावेशन समेत बैंकिंग के लगभग सभी क्षेत्रों में कार्य किया है। इस बैंक के कार्यपालक निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे केनरा बैंक के महाप्रबंधक थे। श्री दास का बैंक में किसी भी प्रकार की इक्विटी शेयरधारिता नहीं है।

- **श्री एस. सूर्यनारायण, शेयरधारक निदेशक**

  श्री एस सूर्यनारायण एक कैरियर बैंकर रहे हैं और उन्होंने 1976 से 2012 के बीच आंध्र बैंक में विभिन्न पदों में काम किया है, जहां से वे मुख्य महाप्रबंधक के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। बैंकिंग के सभी क्षेत्रों जैसे ऋण, जोखिम प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, शाखा बैंकिंग, मानव संसाधन, आंतरिक लेखापरीक्षा, निवेश संबंध आदि सभी क्षेत्रों में उनका अनुभव रहा है। उन्होंने भारत और विदेश में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की है जिनमें से केलॉग बिजनेस स्कूल, यूएसए और बैंकिंग समर स्कूल, लक्जमबर्ग में कुछ प्रशिक्षण उल्लेखनीय हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने ईआरपी, एचआर पर एक बड़ी कंपनी के सलाहकार के रूप में 1 वर्ष का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने 2014 एवं 2015 में आईबीपीएस के साक्षात्कार पैनलों की अध्यक्षता भी की है। श्री एस. सूर्यनारायण 3 अगस्त, 2018 से प्रभावी तीन वर्षों के लिए दूसरी बार बैंक के निदेशक मंडल में शेयरधारक निदेशक के रूप में चयनित हुए। इसके पहले श्री सूर्यनारायण बैंक की बोर्ड में 11.06.2015 से 10.06.2018 तक एक शेयरधारक निदेशक के रूप में कार्यरत थे। श्री सूर्यनारायण के पास बैंक का 200 इक्विटी शेयर धारित है।

3.4. बोर्ड बैठक की प्रक्रिया:

बोर्ड बैठक की सूचना बहुत पहले दी जाती है। आम तौर पर बोर्ड की बैठक प्रधान कार्यालय, कोलकाता में आयोजित की जाती है। इसके एजेंडा और अन्य कागजात पहले भेज दिए जाते हैं ताकि प्रभावी चर्चा हो सके और निर्णय लिए जा सके। बोर्ड की बैठक में निदेशकगण चर्चा करने और निर्णय लेने में समुचित समय लेते हैं।

बोर्ड के सचिव के रूप में कंपनी सचिव कार्य करते हैं और बोर्ड तथा समिति की बैठक के संचालन, रिपोर्ट के समेकन, प्रस्तुति और एजेंडा के वितरण के लिए वे जिम्मेदार होते हैं। बोर्ड तथा बोर्ड समिति की सभी बैठकों में कंपनी सचिव उपस्थित रहते हैं और कंपनी अभिशासन सिद्धांत का अनुपालन में मदद करते हैं तथा कार्यवृत्त की रेकॉर्डिंग सुनिश्चित करते हैं।

औपचारिक बोर्ड की बैठक के अलावा, बोर्ड की बैठक के बाहर भी प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा अन्य गैरकार्यपालक निदेशकों के बीच पारस्परिक चर्चा होती है।

3.5. निदेशक अधिष्ठापन प्रक्रिया:

निदेशकों को अपेक्षित ब्रोशर, दस्तावेज, रिपोर्ट, आंतरिक नीतियां, अन्य पठन सामग्रियां उपलब्ध कराई जाती है ताकि वे बैंक के काम के माहौल और परिचालन पद्धित तथा अभ्यास से परिचित हो सके। विभिन्न कार्यक्षेत्र में बैंक के कार्यनिष्पादन को अद्यतन बनाने के लिए बोर्ड को आवधिक रूप से प्रस्तुति की जाती है। सीएएफआरएएल, एनआईबीएम आदि विभिन्न संगठनों द्वारा परिचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निदेशकों को नामित किया जाता है।

वर्ष के दौरान बोर्ड की विभिन्न बैठकों में, बोर्ड के सामने बैंक के परिचालन और कार्यक्षेत्र तथा बैंक की नीतियों, बैंक के लिए प्रयोज्य नियामक परिवेश और संबंधित मामलों के संबंध में प्रस्तुति की जाती है।

3.6. बोर्ड मूल्यांकन प्रक्रिया:

बैंक के बोर्ड में केवल एक स्वतंत्र निदेशक को देखते हुए, स्वतंत्र निदेशकों की एक अलग बैठक आयोजित करने की आवश्यकता बैंक के लिए गैरकार्यान्वयन योग्य हो जाती है। हालांकि, शासन के मानकों में निरंतर सुधार करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 19 में निदेशक मंडल ने आंतरिक मूल्यांकन के माध्यम से बोर्ड मूल्यांकन (समितियों और व्यक्तिगत निदेशकों सहित) की प्रक्रिया को लागू करने और अपनाने के लिए मंजूरी दी है। सूचीकरण विनियमों के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड ने अपने कार्यनिष्पादन और अपनी समितियों के कार्यनिष्पादन के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से निदेशकों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए मूल्यांकन के सभी पहलुओं की जानकारी, अनुभव, कार्य, संरचना, इसकी समितियों का गठन, बैठकें, संस्कृति, शासन, निष्पादन, कार्यनिष्पादन, सांविधिक कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन और संभावना को कवर करते हुए संरचित प्रश्नावली के माध्यम से किया गया। प्रत्येक निदेशक को बोर्ड के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए श्रेणीगत विषयों सहित विस्तृत प्रश्नावली प्रदान की गई। मूल्यांकन और समग्र मूल्यांकन प्रक्रिया के मापदंडों को 5 जनवरी, 2017 के बोर्ड मूल्यांकन पर सूचीकरण विनियम और सेबी मार्गदर्शन नोट के प्रावधानों के साथ सरेखित किया गया। सभी निदेशकों द्वारा प्रश्नावली का उत्तर दिया गया। निदेशकों से प्राप्त उत्तरों को संकलित किया गया और इसके रिपोर्ट को विचार-विमर्श के लिए बोर्ड को प्रस्तुत की गई। बोर्ड ने रिपोर्ट पर चर्चा की और प्रभावशीलता के साथ बोर्ड में सुधार लाने के लिए कार्रवाई पर सहमति व्यक्त की।

4. सूचीकरण विनियमन के अंतर्गत बोर्ड की समितियाँ

विभिन्न सांविधिक और विनियामक दिशानिर्देशों के तहत बोर्ड समितियों का गठन, बोर्ड द्वारा परिभाषित भूमिकाओं को पूरा करने के लिए किया जाता है और इसके तहत अभिशासन प्रथा के एक भाग के रूप में बोर्ड प्रतिनिधित्व करता है। बोर्ड के सदस्यों के बीच बैठक के कार्यवृत्त को परिचालित किया जाता है और नोटिंग करने के लिए बोर्ड की बैठक में उसे प्रस्तुत किया जाता है।

4.1. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति का गठन किया जाता है और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लेखा परीक्षा समिति की भूमिका और जिम्मेदारी निर्धारित की जाती है। बैंक ने मूल रूप से 26 जून, 1995 को अपनी एसीबी का गठन किया है, जो समय-समय पर पुनर्गठित किया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार निर्धारित लेखा परीक्षा समिति की बैठक आमतौर पर एक तिमाही में कम से कम एक बार होनी चाहिए और एक साल में कम से कम छह बार आयोजित की जानी चाहिए। लेखा परीक्षा समिति की संरचना और वर्ष 2018-19 के दौरान बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति इस प्रकार है-

नाम	पदनाम	दिनांक से/ तक सदस्य	आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री दिनेश सिंह	गैरकार्यालयी निदेशक (समिति का अध्यक्ष)	पूरे वर्ष	7	7
श्री अशोक कुमार प्रधान	कार्यपालक निदेशक	30.09.2018 तक	4	4
श्री अजीत कुमार दास	कार्यपालक निदेशक	04.10.2018 से	3	3
श्री अर्णव राय	आरबीआई द्वारा नामित निदेशक	30.06.2018 तक	1	1
श्री समीर कुमार खरे	सरकारा द्वारा नामित निदेशक	पूरे वर्ष	7	7

- वर्ष 2018-19 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की 7 (सात) बैठकें दिनांक 28.05.2018, 25.07.2018, 09.08.2018, 17.09.2018, 13.11.2018, 05.02.2019 और 01.03.2019 को आयोजित की गई।
- श्री संजय कुमार, कार्यपालक निदेशक ने 04.10.2018 से आमंत्रित सदस्य के रूप में लेखा परीक्षा समिति की बैठक में उपस्थित रहे।
- लेखा परीक्षा समितियों की बैठकों में मुख्य वित्तीय अधिकारी, मुख्य अनुपालन अधिकारी, लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग के प्रमुख तथा कंपनी सचिव उपस्थित रहे।
- शेयरधारकों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए बैंक की विगत वार्षिक आम बैठक में लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष उपस्थित थे।

4.1.1. लेखा परीक्षा समिति के कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करना, वित्तीय परिणामों का प्रकटीकरण; एवं वित्तीय सूचनाओं का सही, पर्याप्त एवं विश्वसनीय प्रेषण सुनिश्चित करना।
- प्रबंधन के साथ आवधिक और वित्तीय विवरणियों की समीक्षा तथा अनुमोदन के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुति करने से पूर्व लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा करना।
- आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावोत्पादकता तथा आंतरिक लेखा परीक्षा और निरीक्षण कार्य की समीक्षा करना।
- संदिग्ध जालसाजी अथवा अनियमितता के मामले में संगामी लेखा परीक्षकों, राजस्व लेखा परीक्षकों, आंतरिक निरीक्षकों के निष्कर्षों की समीक्षा करना अथवा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की असफलता दिखने/ होने पर नियंत्रणतंत्र को मजबूत करने हेतु अर्थोपाय सुझाव देना।
- लेखा परीक्षा रिपोर्ट और लेखा परीक्षा अर्हताओं यदि कोई हो, एलएफएआर आदि पर विचार करके लेखांकन नीतियों एवं पद्धितयों में हुए परिवर्तनों को केन्द्र में रखकर, आवधिक खातों और रिपोर्टों के अंतिम रूप दिए जाने से पहले सांविधिक केन्द्रीय लेखा परीक्षकों के साथ बैंक के कार्यनिष्पादन पर विचार-विमर्श एवं विश्लेषण करना।
- लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता और कार्यनिष्पादन की निगरानी करना।
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस), भारतीय रिज़र्व बैंक या उनके द्वारा समनुदेशित अन्य एजेंसी द्वारा संचालित विशेष लेखा परीक्षा, यदि कोई हो, के परिणामों का विस्तृत विश्लेषण करना।
- विभिन्न लेखा परीक्षा और निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा करना।
- जमाकर्ताओं, शेयर धारकों, डिबेंचर धारकों एवं ऋणदाताओं को भुगतान करने के संबंध में अधिक चूक होने के कारणों का पता लगाना।
- प्रबंधन के साथ सांविधिक लेखा परीक्षकों, संगामी एवं राजस्व लेखा परीक्षकों के कार्य निष्पादन तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता की समीक्षा करना, आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ महत्वपूर्ण निष्कर्षों पर चर्चा करना तथा उस पर अनुवर्तन करना।
- समिति मुख्यतः निम्नलिखित मदों के अनुवर्तन पर ध्यान देती है:

  क) अंतर शाखा समायोजन लेखा

  ख) अंतर शाखा खातों एवं नोस्ट्रो खातों में असमायोजित पुरानी प्रविष्टियाँ

  ग) विभिन्न शाखाओं में बहीसंतुलन संबंधी बकाया कार्य

  घ) जालसाजी एवं

  ङ) हाउसकीपिंग के प्रमुख क्षेत्र

4.2. नामांकन समिति:

4.2.1. बैंक के नामांकन समिति का गठन पूरी तरह से अधिनियम की धारा 9(3)(i) के अंतर्गत निदेशकत्व के चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों के नामांकन भरने की उपयुक्त एवं अनुकूल स्थिति निर्धारित करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान इस समिति की 1 (एक) बैठक आयोजित की गई। श्री एस सूर्यनारायण, जो बोर्ड में शेयरधारक निदेशक के एकमात्र पद के लिए चुनाव लड़नेवाले एकमात्र उम्मीदवार थे, उनकी उपयुक्त एवं अनुकूल स्थिति की जांच करने हेतु इस समिति की 1 (एक) बैठक 02.08.2018 को आयोजित की गई थी। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान आयोजित बैठक में नामांकन समिति का गठन और सदस्यों की उपस्थिति निम्नलिखित हैं –

नाम	पदनाम	दिनांक से/ तक सदस्य	आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री समीर कुमार खरे	सरकारा द्वारा नामित निदेशक (समिति का अध्यक्ष)	पूरे वर्ष	1	1
श्री दिनेश सिंह	गैर कार्यालयी निदेशक	पूरे वर्ष	1	1
श्री सिद्धार्थ प्रधान	गैर कार्यालयी निदेशक	पूरे वर्ष	1	1

4.3. पारिश्रमिक समिति:

4.3.1. वित्त मंत्रालय से जारी अधिसूचना सं. एफ नं. 20/1/2005 बीओ-आई दिनांक 9 मार्च 2007 के मार्फत प्राप्त निदेशों के अनुरूप बैंक की पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है। यह समिति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पूर्ण कालिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन पर विचार करती है। यह प्रोत्साहन कार्यनिष्पादन आधार के लिए निश्चित किए गए विस्तृत गुणात्मक मानदंडो के अधीन है मुख्य कार्य निष्पादित संकेतकों, गुणात्मक मानदंडो एवं न्यूनतम मानदंडों पर निर्भर करता है जिनका आधार पूर्ववर्ती वर्ष का अनुपालन रिपोर्ट है। पारिश्रमिक समिति के कार्यों में पिछले वर्ष के संबंध में निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के लिए पूर्णकालिक निदेशकों की योग्यता निर्धारित करने के लिए व्यापक मात्रात्मक और गुणात्मक मानकों के संबंध में बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना शामिल है। बोर्ड ने युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया - कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 के प्रशासन और देखरेख की जिम्मेदारी समिति को सौंपा है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, समिति की 1 (एक) बैठक 11.05.2018 को आयोजित की गई थी।

4.3.2. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान आयोजित बैठकों में पारिश्रमिक समिति के सदस्यों की संरचना एवं उपस्थिति निम्नलिखित हैं: –

नाम	पदनाम	दिनांक से/तक सदस्य	आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री समीर कुमार खरे	सरकारा द्वारा नामित निदेशक (समिति का अध्यक्ष)	पूरे वर्ष	1	1
श्री अर्णव राय	आरबीआई द्वारा नामित निदेशक	30.06.2018 तक	1	0
श्री सिद्धार्थ प्रधान	गैर कार्यालयी निदेशक	पूरे वर्ष	1	1
श्री एस.सूर्यनारायण	शेयरधारक निदेशक	10.06.2018 तक	1	1

4.3.3. वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए किसी भी पूर्णकालिक निदेशक को निष्पादन संपर्कित प्रोत्साहन नहीं दिया गया।

4.4. निदेशकों के लिए पारिश्रमिक:

4.4.1. बैंक का अपने गैर कार्यालयीन निदेशकों के साथ बोर्ड की बैठक और समिति की बैठकों में उपस्थित रहने से संबंधित बैठक शुल्क और खर्च की गई व्यय की प्रतिपूर्ति के भुगतान के अलावा किसी प्रकार के आर्थिक लेनदेन का संबंध नहीं है। गैर कार्यालयी निदेशक केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर बैठक शुल्क पाने के हकदार हैं। वर्तमान में, बैठक शुल्क ₹40,000/- प्रति बोर्ड बैठक में उपस्थिति और ₹20,000/- प्रति बोर्ड समिति में उपस्थिति की दर है। बोर्ड और बोर्ड समिति की बैठक में सभागिता के लिए क्रमशः ₹10,000/- और ₹5000/- प्रति बैठक की अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाता है।

4.4.2. पूर्णकालिक निदेशकों को केन्द्र सरकार और बैंक के मौजूदा नियम और विनियमों के अनुसार भारत सरकार के वेतनमान के अनुसरण में वेतन तथा अतिरिक्त सुविधाओं का भुगतान किया जाता है।

4.4.3. दिनांक 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों को भुगतान की गई/ देय पारिश्रमिक / बैठक शुल्क का विवरण और उनके शेयरधारण उक्त तिथि को निम्नलिखित हैं:

निदेशक का नाम	वेतन (₹)	अतिरिक्त सुविधाएं (₹)	सेवानिवृत्ति लाभ (₹)	पीएलआई (₹)	बैठक शुल्क (₹)	कुल (₹)	शेयरधारण (इक्विटी) (सं.)
श्री पवन कुमार बजाज (30.09.18 तक)	1404465	17883	4375110	–	–	5797458	20,000
श्री अशोक कुमार प्रधान (30.09.18 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में और 01.10.18 से एमडी एण्ड सीईओ के रूप में)	2552736	35129	–	–	–	2587865	20,000
श्री संजय कुमार (20.09.18 से प्रभावी)	1242845	16290	–	–	–	1259135	10,300
श्री अजीत कुमार दास (01.10.18 से प्रभावी))	1172184	13889	–	–	–	1186073	शून्य
श्री दिनेश सिंह	–	–	–	–	452700	452700	शून्य
श्री सिद्धार्थ प्रधान	–	–	–	–	530400	530400	शून्य
श्री एस.सूर्यनारायण (10.06.18 तक और 03.08.18 से प्रभावी)	–	–	–	–	520400	520400	200

टिप्पणी :

I. पीएलआई का अर्थ कार्य-निष्पादित प्रोत्साहन

II. सेवा अनुबंध, सूचना की अवधि और वियोजन शुल्क अधिनियम / राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 में प्रासंगिक प्रावधानों द्वारा नियंत्रित होते हैं।

III. गैर कार्यपालक निदेशकों में, पदधारियों अर्थात सरकार और बोर्ड में आरबीआई द्वारा नामित बैठक शुल्क पाने के हकदार नहीं हैं।

IV. युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के अंतर्गत इक्विटी शेयर - कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 को 31 दिसंबर, 2017 को बैंक के पात्र कर्मचारियों और पूर्णकालिक निदेशकों को ₹ 0.54/ प्रति इक्विटी शेयर की प्रभावी छूट पर आवंटित किया गया था।

4.5. हितधारकों की संपर्क समिति:

4.5.1. प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के बाद कंपनी अभिशासन के सिद्धांतों को कायम रखने और बैंक के सभी शेयरधारकों के विविध पहलुओं के हितों की रक्षा के लिए सूचीकरण विनियम 20 के अंतर्गत निर्धारित हितधारकों की संपर्क समिति का गठन किया गया। हितधारक संपर्क समिति के कार्यों में अंतरण के त्वरित निपटान समेत, उपविभाजन, पुनर्मूतीकरण और शेयरों के समेकन और वारंटों के पुनर्मूल्यांकन, निवेशक शिकायत तंत्र की निगरानी और समयबद्ध तरीके से निवारण सुनिश्चित करना शामिल हैं।

4.5.2. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान इस समिति के 5 (पाँच) बैठकें दिनांक 11.05.2018, 25.07.2018, 27.09.2018, 31.10.2018 और 05.02.2019 को आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान आयोजित बैठक में समिति का गठन और हितधारकों की संपर्क समिति के सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत हैं –

नाम	पदनाम	दिनांक से/तक सदस्य	आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री एस.सूर्यनारायण	शेयरधारक निदेशक (समिति का अध्यक्ष)	10.06.2018 तक एवं 03.08.2018 से	4	4
श्री अशोक कुमार प्रधान	कार्यपालक निदेशक	30.09.2018 तक	3	3
श्री संजय कुमार	कार्यपालक निदेशक	04.10.2018 से	2	2
श्री दिनेश सिंह*	गैर-कार्यालयी निदेशक	13.09.2018 से	4	4
श्री सिद्धार्थ प्रधान^	गैर-कार्यालयी निदेशक	12.09.2018 तक	2	2

* श्री दिनेश सिंह, गैर-कार्यालयी निदेशक को दिनांक 28.05.2018 से 03.08.2018 तक समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किए गए और इसके पश्चात दिनांक 13.09.2018 से सदस्य के रूप में पुनः नियुक्त किए गए।

^श्री सिद्धार्थ प्रधान ने दिनांक 25.07.2018 को आयोजित बैठक के लिए अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

*4.5.3. अधिकारी निदेशक मंडल के हितधारकों की संपर्क समिति में श्री बिक्रमजीत सोम, कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी, सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

4.5.4. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, बैंक और/या बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट को शेयरधारकों/निवेशकों से 27 शिकायतें प्राप्त हुई और शेयरधारकों की संतुष्टि के अनुसार उनका निवारण किया गया। निवेशक के शिकायतों को सेंट्रालाइज वेब आधारित शिकायत निवारण प्रणाली, जिसे सेबी शिकायत निवारण प्रणाली (स्कोर्स) कहा जाता है, पर भी संसाधित किया गया है। 31 मार्च, 2019 तक एक भी निवेशक की शिकायत अनसुलझी नहीं थी।

4.6. जोखिम प्रबंधन समिति:

4.6.1. जोखिम प्रबंधन नीति और प्रक्रियाओं को विकसित करने और एकीकृत जोखिम प्रबंधन परिवेश को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आरबीआई के निर्देशों के अनुसार जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया था।

4.6.2. वर्ष 2018-19 के दौरान समिति की 3 (तीन) बैठकें दिनांक 25.07.2018, 31.10.2018 और 15.01.2019 को आयोजित की गईं। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान आयोजित बैठक में समिति का गठन और जोखिम प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत हैं –

नाम	पदनाम	दिनांक से/ तक सदस्य	आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री पवन कुमार बजाज	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ (समिति का अध्यक्ष)	30.09.2018 तक	1	1
श्री अशोक कुमार प्रधान	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ (समिति का अध्यक्ष)	01.10.2018 से	2	2
श्री अशोक कुमार प्रधान	कार्यपालक निदेशक	30.09.2018 तक	1	1
श्री संजय कुमार	कार्यपालक निदेशक	04.10.2018 से	2	2
श्री अजीत कुमार दास	कार्यपालक निदेशक	04.10.2018 से	2	2
श्री समीर कुमार खरे	सरकारा द्वारा नामित निदेशक	पूरे वर्ष	3	3
श्री सिद्धार्थ प्रधान	गैर-कार्यालयी निदेशक	03.08.2018 तक	1	1
श्री एस.सूर्यनारायण	शेयरधारक निदेशक	03.08.2018 से	2	2

5. आचरण संहिता:

5.1.1. सूचीकरण विनियमों के तहत बैंक तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित आचार संहिता के अंतर्गत सभी बोर्ड सदस्य नियंत्रित होते हैं। सूचीकरण विनियमों के तहत बैंक के सभी स्वतंत्र प्रभारवाले स्केल VII, स्केल VI पद के सभी अधिकारी तथा कंपनी सचिव भी सूचीकरण विनियम के अंतर्गत बनाई गई बैंक की आचार संहिता द्वारा नियंत्रित होते हैं। उक्त आचार संहिता बैंक के वेबसाइट – www.unitedbankofindia.com. पर उपलब्ध है।

5.1.2. बैंक के सभी निदेशक और स्वतंत्र प्रभारवाले स्केल VII, स्केल VI पद के सभी अधिकारी तथा कंपनी सचिव ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रयोज्य आचार संहिता का अनुपालन किया है। इस संदर्भ में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा हस्ताक्षरित घोषणापत्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

5.2. प्रतिज्ञान और प्रकटीकरण:

5.2.1. बैंकिंग व्यवसाय के सामान्य स्थिति के अलावा, बैंक अपने प्रवर्तकों, निदेशकों या प्रबंधन आदि के साथ किसी भी तरह के प्रत्यक्ष महत्वपूर्ण वित्तीय या वाणिज्यिक लेनदेन में सम्मिलित नहीं है, जिसमें बड़े पैमाने पर बैंक के हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता है।

5.2.2. वित्तीय और वाणिज्यिक लेनदेन से संबंधित सभी विवरण जहां किसी भी बोर्ड के सदस्य का आर्थिक हित हो सकता है, उसे बोर्ड में प्रस्तुत किया गया और संबंधित निदेशक उसकी विवेचना और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग नहीं लेते हैं।

6. साधारण सभा:

6.1. विगत तीन वार्षिक आम सभा का ब्यौरा (एजीएम) और एजीएम में विशेष संकल्प पारित किया गया है:

वित्तीय वर्ष	स्थान	तारीख एवं समय	विशेष संकल्प
2017-18	भाषा भवन सभागार, राष्ट्रीय पुस्तकालय, बेलवेडियर रोड, अलिपुर, कोलकाता 700027	06.07.2018 पूर्वाह्न 10:00 बजे	1. सेबी-इश्यू ऑफ़ कैपिटल एंड डिसल्कोजर रिक्वायरमेंट विनियम, 2009 (सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन) के अंतर्गत क्यूआईपी या पब्लिक इश्यू, राइट इश्यू, पूंजी मुद्दे के इस तरह के अन्य रूप के माध्यम से एक या अधिक चरणों में 1500 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाना। **वोटिंग पैटर्न:** पक्ष में : 2896375992 विपक्ष में : 5079 2. मार्च, 2018 तक राजस्व आरक्षित खाता (पोस्ट ऑडिट) में नकारात्मक शेष को बट्टे खाते में डालने के लिए शेयर प्रीमियम खाते में शेष राशि के एक हिस्से का उपयोग। **वोटिंग पैटर्न:** पक्ष में : 2896375411 विपक्ष में : 5660
2016-17	भाषा भवन सभागार, राष्ट्रीय पुस्तकालय, बेलवेडियर रोड, अलिपुर, कोलकाता 700027	29.06.2017 पूर्वाह्न 10:00 बजे	सेबी-इश्यू ऑफ़ कैपिटल एंड डिसल्कोजर रिक्वायरमेंट विनियम, 2009 (सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन) के अंतर्गत क्यूआईपी या पब्लिक इश्यू, राइट इश्यू, पूंजी मुद्दे के इस तरह के अन्य रूप के माध्यम से एक या अधिक चरणों में 1000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाना। **वोटिंग पैटर्न:** पक्ष में : 1290165823 विपक्ष में : 76959
2015-16	भाषा भवन सभागार, राष्ट्रीय पुस्तकालय, बेलवेडियर रोड, अलिपुर, कोलकाता 700027	28.06.2016 पूर्वाह्न 10:00 बजे	सेबी-इश्यू ऑफ़ कैपिटल एंड डिसल्कोजर रिक्वायरमेंट विनियम, 2009 (सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन) के अंतर्गत क्यूआईपी या पब्लिक इश्यू, राइट इश्यू, पूंजी मुद्दे के इस तरह के अन्य रूप के माध्यम से एक या अधिक चरणों में 1000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाना। **वोटिंग पैटर्न:** पक्ष में : 1022701933 विपक्ष में : 5877

6.2. पोस्टल बैलट के माध्यम से पिछले वर्ष पारित विशेष संकल्प का ब्यौरा :

वित्तीय वर्ष	नोटिस की तारीख एवं नोटिस युक्तिका	पोस्टल बैलट / ई-वोट	विशेष संकल्प
2018-19	पोस्टल बैलट नोटिस दिनांक 27.12.2018 नोटिस युक्तिका दिनांक 04.01.2019	07.01.2019 को 10:00 बजे (आईएसटी) से 05.02.2019 को 17:00 बजे (आईएसटी) तक	10/ रुपये प्रति के हिसाब से इक्विटी शेयरों का सृजन, पेशकश, जारी और आवंटन, जैसा आवश्यक हो, ऐसी कीमत सेबी (जारी पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2018 (सेबी आईसीडीआर विनियम) के अध्याय V के तहत विनियमन 164 के अनुसार निर्धारित किया जा सकता है, तरजी आधार पर भारत सरकार की ओर से कार्रवाई भारत के राष्ट्रपति, सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय V के अनुसार पूंजी अंशदान के एवज में नकद के रूप में कुल ₹2159/ करोड़, पोस्टल बैलट नोटिस के युक्तिका के अनुसार, जारी मूल्य ₹11.88/ प्रति इक्विटी शेयर पर (₹1.88/ प्रति शेयर प्रीमियम सहित) कुल 1,81,73,40,067 इक्विटी शेयर आवंटित किया जाना प्रस्ताव था।

वोटिंग पैटर्न का ब्यौरा:

विवरण	वैध संख्या			निहित वैध वोटों की संख्या			प्रतिशत (%)
	ई-वोटर्स	पोस्टल बैलट फॉर्म	कुल	ई-वोटर्स	पोस्टल बैलट फॉर्म	कुल	
स्वीकृत	158	263	421	7,70,27,760	280,16,08,921	287,86,36,681	99.99
अस्वीकृत	25	20	45	16,489	3,260	19,749	0.01
कुल	**183**	**283**	**466**	**7,70,44,249**	**280,16,12,181**	**287,86,56,430**	**100.00**

उक्त संकल्प अपेक्षित बहुमत से पारित किया गया।

2018-19	पोस्टल बैलट नोटिस दिनांक 25.02.2019 नोटिस युक्तिका दिनांक 26.02.2019	27.02.2019 को 10:00 बजे (आईएसटी) से 28.03.2019 को 17:00 बजे, (आईएसटी)	10/ रुपये प्रति के हिसाब से इक्विटी शेयरों का सृजन, पेशकश, जारी और आवंटन, जैसा आवश्यक हो, ऐसी कीमत सेबी (जारी पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2018 (सेबी आईसीडीआर विनियम) के अध्याय V के तहत विनियमन 164 के अनुसार निर्धारित किया जा सकता है, तरजी आधार पर भारत सरकार की ओर से कार्रवाई भारत के राष्ट्रपति, सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय V के अनुसार पूंजी अंशदान के एवज में नकद के रूप में कुल ₹2839/ करोड़, पोस्टल बैलट नोटिस के युक्तिका के अनुसार, जारी मूल्य ₹11.03/ प्रति इक्विटी शेयर पर (₹1.03/ प्रति शेयर प्रीमियम सहित) कुल 2,57,38,89,392 इक्विटी शेयर आवंटित किया जाना प्रस्ताव था।

वोटिंग पैटर्न का ब्यौरा:

विवरण	वैध संख्या			निहित वैध वोटों की संख्या			प्रतिशत (%)
	ई-वोटर्स	पोस्टल बैलट फॉर्म	कुल	ई-वोटर्स	पोस्टल बैलट फॉर्म	कुल	
स्वीकृत	170	200	370	9,50,14,817	461,89,30,579	471,39,45,396	99.99
अस्वीकृत	13	14	27	5,873	4,309	10,182	0.01
कुल	**183**	**214**	**397**	**9,50,20,690**	**461,89,34,888**	**471,39,55,578**	**100.00**

उक्त संकल्प अपेक्षित बहुमत से पारित किया गया।

6.3. आम बैठक में मेसर्स एस.एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कंपनी, कंपनी सचिव संवीक्षक द्वारा वोटिंग की संवीक्षा किया गया था। बैठक सभास्थल पर वोटिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए शेयरधारकों के एक प्रतिनिधि भी संवीक्षक के रूप में उपस्थित थे।

6.4. मेसर्स एस.एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कंपनी, कंपनी सचिव संवीक्षक को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया का संचालन करने के लिए पोस्टल बैलेट के दोनों

अवसरों पर संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। प्रत्येक मामले में बैंक ने अपने शेयरधारकों को रिमोट ईवोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) को शामिल किया था।

6.5. पोस्टल बैलेट के माध्यम से कोई संकल्प पारित करने के लिए कोई तत्काल प्रस्ताव नहीं है। बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली ई वोटिंग सुविधाओं के मद्देनजर, जारी होनेवाले एजीएम में लेनदेन किए जानेवाले प्रस्तावित कोई व्यवसाय को पोस्टल बैलेट के माध्यम से संकल्प पारित करने की आवश्यकता नहीं है।

6.6. बैंक ने समय-समय पर (जहाँ तक लागू) संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार पोस्टल बैलेट का आयोजन किया। पोस्टल बैलेट फॉर्म के साथ क्रमशः पोस्टल बैलेट दिनांक 27 दिसंबर, 2018 और 25 फरवरी, 2019 के सूचनाएं शेयरधारकों को पोस्टल बैलट /ईवोटिंग के माध्यम से वोटिंग द्वारा संबंधित विशेष व्यवसाय (ओं) से सहमति प्राप्त करने हेतु ईमेल द्वारा भेजा गया था जिनके ईमेल पते बैंक /आरटीए / डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत थे और अन्य सभी शेयरधारकों को एक स्वसंबोधित व्यावसायिक उत्तर लिफाफे के साथ उनके पंजीकृत पत्राचार पते पर प्रत्यक्ष रूप से कूरियर द्वारा भेजा गया था। केवल उन शेयरधारकों जिनके नाम निर्धारित तिथि (यों) अर्थात क्रमशः 28 दिसंबर, 2018 और 22 फरवरी, 2019 तक सदस्यों / लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में उल्लिखित थे, वे पोस्टल बैलट /ई वोटिंग के माध्यम से वोट देने के हकदार थे। बैंक ने इस इश्यू के अंतर्गत पेश की गई शेयरों की मात्रा और मूल्य प्रति शेयर के मामले में पोस्टल बैलट सूचना की युक्तिका सहित अभिशासित नियमों के तहत अनिवार्य रूप से प्रेषण और अन्य आवश्यक विवरणों को पूरा करने की घोषणा करते हुए समाचार पत्र/पत्रों में भी प्रकाशित किया। सूचीकरण विनियमों के विनियमन 44 के अनुपालन में बैंक ने अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट देने के लिए सक्षम बनाने हेतु ईवोटिंग सुविधा की पेशकश की थी। पोस्टल बैलट के लिए वोटिंग को क्रमशः 07.01.2019 को 10:00 बजे से 05.02.2019 को 17:00 बजे (आईएसटी) तक और 27.02.2019 को 10:00 बजे (आईएसटी) से 28.03.2019 को 17:00 बजे (आईएसटी) तक खुला रखा गया था। बैंक को संवीक्षक द्वारा सौंपी गई प्रत्येक रिपोर्ट के मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ईवोटिंग के माध्यम से डाले गए पोस्टल बैलेट फॉर्म और वोटों की जांच पूरी करना और बैंक द्वारा क्रमशः 6 फरवरी, 2019 और 29 मार्च, 2019 को पोस्टल बैलट के परिणाम घोषित किया गया। वोटिंग परिणामों को स्टॉक एक्सचेंजों को भेजा गया और बैंक के वेबसाइट www.unitedbankofindia.com और सीडीएसएल के वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध कराया गया।

7. संचार माध्यम

7.1. 7.2बैंक ने एक अंग्रेजी, एक बंगाली और एक हिंदी अखबार में तिमाही और वार्षिक परिणामों के सार प्रकाशित किया और परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों को उनके संबंधित इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से दर्ज किया गया और स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों और बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

7.2. वर्ष के दौरान समीक्षाधीन, बैंक के वित्तीय परिणाम निम्नलिखित समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए थे:

विवरण	अंग्रेजी	बंगला	हिंदी	प्रकाशन की तिथि
मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही /वित्तीय वर्ष	फाइनेंशियल एक्सप्रेस	ईसमय	जनसत्ता	29.05.2018
जून, 2018 को समाप्त तिमाही				10.08.2018
सितम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही / अर्धवार्षिक	बिजनेस स्टैंडर्ड (ई)	अजकल	बिजनेस स्टैंडर्ड (एच)	14.11.2018
दिसम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही	फाइनेंशियल एक्सप्रेस		जनसत्ता	06.02.2019

- 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम सूचीकरण विनियम के अनुसार प्रकाशित किया जाएगा।
- "ग्रीन इनिशिएटिव" को बढ़ावा देने के लिए बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक रिपोर्ट को शेयरधारक के ईमेल पर भेजी जाएगी, जिनका ईमेल पता जमाकर्ता प्रतिभागियों (डीपी) या बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के साथ पंजीकृत है, बशर्ते उन्होंने प्रत्यक्ष प्रति के लिए विकल्प नहीं दिया हो। प्रत्यक्ष प्रतियां अन्य शेयरधारकों को भेजी जाएंगी।

7.3. निम्नलिखित वेबसाइटों में परिणाम अपलोड किए गए:

www.unitedbankofindia.com	www.nseindia.com	www.bseindia.com

7.4. समय-समय पर वित्तीय परिणाम की प्रस्तुति विश्लेषकों/संस्थागत निवेशकों, निधि प्रबंधकों और अन्य लोगों के बीच भी की गई है, उक्त प्रस्तुतियों को बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

8. सामान्य शेयरधारकों की सूचना

8.1. आगामी वार्षिक आम बैठक:

गुरुवार 27 जून, 2019	पूर्वाह्न 10:00 बजे	भाषा भवन सभागार, राष्ट्रीय पुस्तकालय, बेलवेडियर रोड, अलिपुर, कोलकाता 700027

बुक क्लोजरः शुक्रवार 21 जून 2019 से गुरुवार 27 जून 2019 तक (दोनों दिन सहित)

8.2. वित्तीय वर्षः निम्नलिखित वर्ष के 1 अप्रैल से 31 मार्च तक।

अनुमानित वित्तीय कैलेण्डरः वित्तीय वर्ष 2019-20:

तिमाही 1	अगस्त, 2019	तिमाही 2	नवम्बर, 2019	तिमाही 3	फरवरी, 2020	तिमाही 4	मई, 2020

8.3. लाभांशः बैंक की लाभांश वितरण नीति और प्रासंगिक नियामक दिशानिर्देशों और परिपत्रों के अनुरूप, निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए किसी प्रकार के लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

8.4. सूचीकरण ब्यौरा और स्टॉक कोडः

नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लि. (एनएसई) एक्सचेंज प्लाजा, प्लॉट सी/1, ब्लॉक जी बांद्रा कुर्ला कम्पलेक्स, बांद्रा (ई) मुंबई-400051	बीएसई लि. (बीएसई) फिरोज जीजीभोय टॉवर्स दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई-400001
स्टॉक कोड : UNITEDBNK	**स्टॉक कोड : 533171**
ISIN: INE695A01019 (इक्विटी शेयर)	
बैंक के ऋण संसाधनों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और /या नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के ऋण खंड पर सूचीबद्ध किया हैं।	


वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बैंक की प्रतिभूतियों से संबंधित वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान बीएसई और एनएसई दोनों को देय तिथि के भीतर किया गया है।

8.5. बाज़ार मूल्य डाटा :


वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बीएसई और एनएसई में बैंक के इक्विटी शेयर का मासिक उच्च और निम्न बाजार मूल्य-

क्र.सं	बीएसई				एनएसई			
	उच्च		निम्न		उच्च		निम्न	
1.	6-अप्रैल-18	14.80	23-अप्रैल-18	12.55	10-अप्रैल-18	14.05	23-अप्रैल-18	12.40
2.	2-मई-18	13.45	16-मई-18	10.50	2-मई-18	13.15	16-मई-18 17-मई-18	10.85
3.	13-जून-18	12.30	27-जून -18	10.59	13-जून-18	12.40	27-जून-18 28-जून-18	10.65
4.	9-जुलाई-18	12.00	23-जुलाई-18	10.80	9-जुलाई-18	11.95	5-जुलाई-18	10.50
5.	30-अगस्त-18	12.79	2-अगस्त-18 29-अगस्त-18	11.25	30-अगस्त-18	12.80	2-अगस्त-18	11.00
6.	18-सितम्बर-18	12.83	28-सितम्बर-18	10.21	18-सितम्बर-18	12.90	28-सितम्बर-18	10.10
7.	31-अक्टूबर-18	11.50	8-अक्टूबर-18	09.05	31-अक्टूबर-18	11.70	8-अक्टूबर-18	08.90
8.	13-नवम्बर-18	12.80	30-नवम्बर-18	10.44	13-नवम्बर-18	13.30	29-नवम्बर-18 30-नवम्बर-18	10.45
9.	28-दिसम्बर-18	12.85	11-दिसम्बर-18	09.72	28-दिसम्बर-18	13.20	10-दिसम्बर-18	09.55
10.	1-जनवरी-19	13.25	28-जनवरी-19	11.00	16-जनवरी-19	13.20	29-जनवरी-19	11.20
11.	1-फरवरी-19	11.74	18-फरवरी-19	09.81	1-फरवरी-19	11.75	18-फरवरी-19	09.80
12.	12-मार्च-19	11.49	1-मार्च-19	10.35	12-मार्च-19	11.50	1-मार्च-19	10.30

8.6. बीएसई सेनसेक्स और एनएसई निफ्टी की तुलना में स्टॉक निष्पादनः



सेनसेक्स के साथ



निफ्टी के साथ

8.7. रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंटः

मेसर्स. लिंक इनटाइम इंडिया (प्रा.) लि	
कॉरपोरेट कार्यालयः	**स्थानीय कार्यालयः**
सी 101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग,	59 सी, चौरंगी रोड, 3रा तल
विक्रोली वेस्ट, मुंबई 400 083	कोलकाता 700020
दूरभाष : (022) 4918 6000	दूरभाषः (033) 2289 0540
फैक्स : (022) 4918 6060	फैक्सः (033) 2289 0539
ईमेलः mumbai@linkintime.co.in	ई मेलः kolkata@linkintime.co.in

8.8. **शेयर अंतरण प्रणाली :**

शेयर अंतरण, हस्तांतरण, अमूर्तीकरण और पुर्नमूर्तीकरण के संबंध में सभी अनुरोधों पर प्रत्यायोजित प्राधिकार के अनुसार 15 दिनों के निर्धारित समय सीमा के भीतर बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट द्वारा कार्रवाई की जाती है। उक्त सभी अंतरण, हस्तांतरण, अमूर्तीकरण और पुर्नमूर्तीकरण के संबंध में बोर्ड/हितधारक संपर्क समिति को रिपोर्ट की जाती है।

8.9. 31 मार्च, 2019 को शेयरधारण का वितरण :

शेयरधारकों के शेयर		शेयरधारकों की संख्या	शेयरधारकों का %	शेयर	शेयर पूँजी का %
से	**तक**				
1	500	73827	71.3553	11673035	0.1572
501	1000	10737	10.3775	9276242	0.1249
1001	2000	6560	6.3404	10580123	0.1424
2001	3000	2402	2.3216	6223853	0.0838
3001	4000	3513	3.3954	13644708	0.1837
4001	5000	2860	2.7642	13959264	0.1879
5001	10000	2372	2.2926	17164024	0.2311
10001	इससे अधिक	1193	1.1530	7345398435	98.8890
	कुल	**103464**	**100.0000**	**7427919684**	**100.0000**

8.9.1. स्वामित्व का वितरण :

	श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	शेयरधारण का प्रतिशत
क.	**प्रमोटर की धारिता**		
	प्रमोटर (भारत सरकार)	7,19,27,25,543	96.83
	उपयोग	**7,19,27,25,543**	**96.83**
ख.	**गैर-प्रमोटरों की धारिता**		
	संस्थागत निवेशक		
	क) म्यूचुअल फंड एवं यूटीआई	118	0.00
	ख) वेंचर पूंजी निधि	1,07,66,581	0.15
	घ) बैंकों/वित्तीय संस्थानों	74,49,217	0.10
	ड.) बीमा कंपनियों	9,47,78,585	1.28
	उपयोग	**11,29,94,501**	**1.53**

	श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	शेयरधारण का प्रतिशत
ग.	**अन्य**		
	क) आरबीआई के पास पंजीकृत एनबीएफसी	51,811	0.00
	ख) भारतीय जनता / एचयूएफ	7,96,17,498	1.07
	ग) कॉरपोरेट निकाय	77,13,230	0.10
	घ) समाशोधन सदस्य	19,17,881	0.03
	ङ) एनआरआई	32,19,119	0.04
	च) ट्रस्टी	47,161	0.00
	छ) कर्मचारी	2,96,32,940	0.40
	उपयोग	**12,21,99,640**	**1.64**
	कुल योग (क)+(ख)+(ग)	**7,42,79,19,684**	**100.00**

8.9.2. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान पूंजी संरचना में परिवर्तन :

- 15 मई, 2018 को बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में केंद्र सरकार द्वारा ₹2634 करोड़ की इक्विटी पूंजी जुटाने के उद्देश्य से भारत के राष्ट्रपति, कृते भारत सरकार को आवंटित करने के लिए प्रस्तावित कुल 1,44,56,64,105 इक्विटी शेयरों में से 74,87,637 इक्विटी शेयरों को आवंटित किया, जो प्राधिकृत पूंजी में हेडरूम की अपर्याप्तता के कारण आवंटित नहीं की जा सकी थी। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बैंक की प्राधिकृत पूंजी को ₹3000 करोड़ से बढ़ाकर ₹5000 करोड़ कर दिया गया।
- 13 सितंबर, 2018 को बैंक ने युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी शेयर खरीद योजना, 2018 ("युबीआई-ईएसपीएस 2018") के तहत बैंक के पात्र कर्मचारियों को 2,92,02,589 इक्विटी शेयर आवंटित किया।
- 11 फरवरी, 2019 को बैंक ने केंद्र सरकार से ₹2159 करोड़ की इक्विटी पूंजी जुटाने के उद्देश्य से भारत के राष्ट्रपति, कृते भारत सरकार को 1,81,73,40,067 इक्विटी शेयर आवंटित किया।
- 29 मार्च, 2019 को बैंक ने केंद्र सरकार से ₹2839 करोड़ की इक्विटी पूंजी जुटाने के उद्देश्य से भारत के राष्ट्रपति, कृते भारत सरकार को 2,57,38,89,392 इक्विटी शेयर आवंटित किया, जो 31 मार्च, 2019 तक भारत के राष्ट्रपति के डीमैट खाते में क्रेडिट हेतु लंबित थे।

  अधिनियम की धारा 3(2ए) के तहत बैंक के आवेदन (नों) के अनुसरण में, बैंक की प्राधिकृत पूंजी को अधिसूचना द्वारा आधिकारिक राजपत्र में क्रमशः ₹3000 करोड़ से बढ़ाकर ₹5000 करोड़ और इसके पश्चात ₹5000 करोड़ से बढ़ाकर ₹8500 करोड़ कर दिया गया।

8.10. शेयर एवं चलनिधि का अमूर्तीकरण:

बैंक के इक्विटी शेयरों को केवल अमूर्त (डीमैट) रूप में कारोबार करने की अनुमति है और भारत में निक्षेपागार नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के तहत डीमैट के लिए उपलब्ध हैं। बैंक के सभी प्रमोटर की शेयरधारिता अमूर्त (डीमैट) रूप में है। युबीआई-ईएसपीएस 2018 के तहत जारी इक्विटी शेयर केवल अमूर्त (डीमैट) रूप में आवंटित किए गए थे।

31 मार्च, 2019 तक कुल इक्विटी शेयर पूंजी के लगभग 99.99% का प्रतिनिधित्व करने वाले बैंक के कुल 7,42,78,96,238 इक्विटी शेयरों को अमूर्त (डीमैट) रूप में रखा गया था। 31 मार्च, 2019 तक शेयरधारकों द्वारा धारित प्रत्यक्ष और डीमैट रूप में शेयरों का विवरण निम्नानुसार हैं:

विवरण	शेयरों की सं.	शेयरधारण %
सीडीएसएल*	7255064461	97.67
एनएसडीएल	172831777	2.33
प्रत्यक्ष	23446	0.00
कुल	**7427919684**	**100.00**

*2,57,38,89,392 इक्विटी शेयर 29 मार्च 2019 को अमूर्त (डीमैट) रूप में भारत के राष्ट्रपति को आवंटित किया गया, जो 31 मार्च, 2019 तक आवंटितकर्ता के डीमैट खाते केडिट के लिए लंबित था।

8.11. बकाया जीडीआर /एडीआर /वारंट /परिवर्तनीय उपकरणों, रूपांतरण की तारीख और संभावित प्रभाव:

बैंक ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई जीडीआर /एडीआर/वारंट या परिवर्तनीय उपकरणों को जारी नहीं किया है।

8.12. बैंक वस्तु के साथ सौदा नहीं करता इसलिए वस्तुओं के मूल्य जोखिम से संबंधित प्रकटीकरण और वस्तु की बचाव व्यवस्था कार्यकलाप की आवश्यकता नहीं है। सामान्य व्यवसाय के दौरान विदेशी विनिमय निवेश को बैक के द्वारा बचाव किया गया है। वृद्धिशील प्रावधान बनाया गया है तथा अरक्षित विदेशी विनिमय निवेश के लिए दिनांक 31.03.2019 तक पूंजी उपलब्ध करायी गयी है।

8.13. संयन्त्र स्थानः

बैंक एक विनिर्माण संस्था नहीं है, इसलिए यह किसी भी संयन्त्र का संचालन नहीं करता है।

8.14. बैंक के साथ पत्राचार हेतु पताः

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
युनाइटेड टावर, 11 हेमंत बसु सरणी,
कोलकाता 700001
ईमेल : investors@unitedbank.co.in

8.15. इसके अलावा संशोधन सहित बैंक द्वारा प्राप्त क्रेडिट रेटिंग की सूची:

क्र. सं.	बॉण्ड का विवरण	जारी राशि (₹/करोड़)	तक रेटिंग 01.04.2018	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान केडिट रेटिंग में परिवर्तन, यदि कोई हो	तक रेटिंग 31.03.2019	टिप्पणी
1.	9.30% लॉवर टियर-II (सीरिज-VI) बेसल I	250.00	केयर द्वारा ए + एवं इक्रा द्वारा ए +	--	अप्रयोज्य	25.03.2019 को परिपक्व
2.	9.20% लॉवर टियर-II (सीरिज-VII) बेसल II	200.00	केयर द्वारा ए + एवं क्रिसिल द्वारा एए -	रेटिंग को क्रिसिल एए से क्रिसिल ए+/स्थायी डाउनग्रेड करना, दिनांक 26.02.2019	केयर द्वारा ए + एवं इक्रा द्वारा ए +	--
3.	9.27% आईपीडीआए-टियर I (सीरिज-I) बेसल II	300.00	केयर द्वारा ए - एवं क्रिसिल द्वारा ए	रेटिंग को क्रिसिल ए से क्रिसिल ए-/स्थायी डाउनग्रेड करना, दिनांक 26.02.2019	केयर द्वारा ए - एवं क्रिसिल द्वारा ए -	--
4.	8.75% लॉवर टियर-II (सीरिज-VIII) बेसल III	500.00	ब्रिकवर्क द्वारा ए + एवं क्रिसिल द्वारा ए एए -	रेटिंग को क्रिसिल एए- से क्रिसिल ए+/स्थायी डाउनग्रेड करना, दिनांक 26.02.2019	ब्रिकवर्क द्वारा ए + एवं क्रिसिल द्वारा ए +	--
5.	11.95% एटी-1 (सीरिज-I) बेसल III	150.00	इंडिया रेटिंग द्वारा बीबीबी	--	अप्रयोज्य	11.04.2018 को अपील
6.	12.00% एटी-1 (सीरिज-II) बेसल III	200.00	ब्रिकवर्क द्वारा ए-	--	अप्रयोज्य	11.04.2018 को अपील
7.	9.00% लॉवर टियर-II (सीरिज-IX) बेसल III	500.00	ब्रिकवर्क द्वारा ए + एवं क्रिसिल द्वारा एए -	रेटिंग को क्रिसिल एए- से क्रिसिल ए+/स्थायी डाउनग्रेड करना, दिनांक 26.02.2019	ब्रिकवर्क द्वारा ए + एवं क्रिसिल द्वारा ए +	--
8.	10.50% लॉवर टियर-II (सीरिज-X) बेसल III	150.00	क्रिसिल द्वारा एए -	रेटिंग को क्रिसिल एए- से क्रिसिल ए+/स्थायी डाउनग्रेड करना, दिनांक 26.02.2019	क्रिसिल द्वारा ए +	--
9.	9.05% लॉवर टियर-II (सीरिज-XI) बेसल III	340.00	क्रिसिल द्वारा एए -	रेटिंग को क्रिसिल एए- से क्रिसिल ए+/स्थायी डाउनग्रेड करना, दिनांक 26.02.2019	क्रिसिल द्वारा ए +	--

क्र. सं.	बॉण्ड का विवरण	जारी राशि (₹/करोड़)	01.04.2018 तक रेटिंग	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान केडिट रेटिंग में परिवर्तन, यदि कोई हो	31.03.2019 तक रेटिंग	टिप्पणी
10.	10.95% एटी-1 (सीरिज-III) बेसल III	490.00	क्रिसिल द्वारा बीबीबी +	--	अप्रयोज्य	11.04.2018 को अपील
11.	11.00% एटी-1 (सीरिज-IV) बेसल III	100.00	क्रिसिल द्वारा बीबीबी +	--	अप्रयोज्य	11.04.2018 को अपील
12.	दीर्घकालिक जारीकर्ता की रेटिंग	--	इंडिया रेटिंग एवं रिसर्च द्वारा एए -	इंडिया रेटिंग एवं रिसर्च द्वारा एए, दिनांक 07.12.2018	इंडिया रेटिंग एवं रिसर्च द्वारा एए-	--

9. अन्य प्रकटीकरण:

9.1. संभावित विवाद के साथ वास्तव में महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेन देन का प्रकटीकरण:

किसी भी महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेन देन में संभावित विवाद नहीं हुआ है। बैंक में संबंधित पार्टी लेन देन भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसरण में नियंत्रित किया जाता है। सूचीकरण विनियमन के अनुसार बैंक ने संबंधित पक्ष के लेन देन के बारे में नीति बनायी है जो समुचित रिपोर्टिंग, उक्त लेन देन के अनुमोदन एवं प्रकटीकरण को भी सुनिश्चित करेगा।

9.2. लंबित मामलों का प्रकटीकरण/गैर- अनुपालन की घटनाएं:

धारा 47(ए)(1)(सी) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(i) के साथ पढ़ी जाए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने गैर-अनुपालन और नियत समय पर कार्यान्वयन एवं स्विफ्ट संबंधित परिचालन नियंत्रणों को मजबूत करने हेतु दिनांक 20 फरवरी, 2018 के आरबीआई के परिपत्र में निहित निर्देशों का उल्लघंन के लिए बैंक को कुल ₹30 मिलियन का जुर्माना लगाया है।

उपर्युक्त के अलावा, पिछले तीन (3) वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी मामले पर किसी स्टॉक एक्सचेंज या सेबी या किसी सांविधिक या नियामक प्राधिकरण द्वारा बैंक पर कोई जुर्माना या रोक नहीं लगाई।

9.3. सतर्कता तंत्र/ व्हिसल ब्लोअर नीति का विवरण:

बैंक की एक उत्कृष्ट व्हिसेल ब्लोअर नीति है और इस संबंध में सभी कर्मचारियों को व्हिसेल ब्लोइंग द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है। बैंक के कर्मचारियों को लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष से मिलने के लिए यथोचित पहुँच है।

9.4. अनिवार्य /गैर-अनिवार्य (विवेकाधीन) अपेक्षाओं का अनुपालन:

बैंक ने सूचीकरण विनियम में प्रदत्त सभी लागू अनिवार्य अपेक्षाओं का अनुपालन किया है। इस रिपोर्ट के खंड 11 के अंतर्गत विवेकाधीन अपेक्षाओं के कार्यान्वयन की सीमा प्रदान की गई है।

9.5. वेब लिंक:

9.5.1. बैंक की कोई सहायक कंपनी नहीं है इसलिए इस संबंध में किसी भी नीति निर्माण की आवश्यकता नहीं है।

9.5.2. संबंधित पक्ष लेन-देन नीति के लिए वेब लिंक है –

http://www.unitedbankofindia.com/uploads/Related_Party_Transactions_Policy.pdf

9.6. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान जुटायी गई निधि के सदुपयोग का ब्यौरा:

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक ने ₹5028.81 करोड़ की इक्विटी पूंजी जुटाया है जिसमें अर्थात कर्मचारी शेयर खरीद योजना द्वारा ₹30.81 करोड़ और तरजी आधारित आवंटन के माध्यम से ₹2159 करोड़ और ₹2839 करोड़ है। फंडों को बेसल व्यवस्था के तहत बैंक की पूंजी स्थिति को बढ़ाने और इसके दीर्घकालिक कारोबार योजनाओं के अनुरूप व्यवसाय विस्तार के लिए जुटाया गया। उसका उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया गया जिसके लिए वह जुटाया गया था।

9.7. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ऐसा कोई घटना रिपोर्ट नहीं की गई है जहां बोर्ड ने बोर्ड की मंजूरी के लिए प्रस्तुत की गई किसी बोर्ड समिति की कोई सिफारिश को स्वीकार नहीं किया है।

9.8. मेसर्स टी चटर्जी एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेकेटरीज़ ने पुष्टि की है कि बोर्ड /कॉरपोरेट मामले मंत्रालय या किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखने के लिए बैंक के निदेशक मंडल के किसी निदेशक को विमुक्त या अयोग्य घोषित नहीं किया है।

9.9. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान प्रदत्त सभी सेवाओं के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों (सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों सहित) को भुगतान की गई कुल शुल्क /देय की कुल राशि ₹12.31 करोड़ होगी।

9.10. आंतरिक शिकायत समिति के माध्यम से बैंक ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायतों के निवारण के लिए एक उपयुक्त तंत्र स्थापित किया है। बैंक ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत आंतरिक शिकायत समिति के गठन से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन किया है। ऐसी समिति बैंक के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रधान कार्यालय में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन की देखरेख करती हैं। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान इन समिति द्वारा प्राप्त शिकायतों की स्थिति निम्नलिखित हैं:

क्र.सं.	विवरण	स्थिति
(क)	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	2
(ख)	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान निपटान की गई शिकायतों की संख्या	1
(ग)	वित्तीय वर्ष 2018-19 के समाप्ति पर लंबित शिकायतों की संख्या	1

*वित्तीय वर्ष 2018-19 के समाप्ति पर लंबित एक शिकायत 31 मार्च, 2019 तक प्रक्रियाधीन था।

9.11. सूचीकरण विनियम की अनुसूची V के भाग ग के उप पैरा (2) से (10) तक कंपनी अभिशासन रिपोर्ट के लिए किसी आवश्यकता का गैर-अनुपालन नहीं हुआ है।

9.12. बैंक एक निगमित निकाय होने के नाते सेबी के सूचीकरण विनियम 46 में विनिर्दिष्ट उप विनियमन (2) के विनियमन के 15 (2) (बी), और खंड (बी) से (i) उप विनियमन (2) को 1727 के संबंध में कंपनी अभिशासन आवश्यकताओं का पालन किया है।

10. डिमैट उचंत खाता/ अदावी उचंत खाते के तहत धारित शेयर

वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारकों की सं.	वर्ष के प्रारंभ में शेयरों की सं.	अंतरण के लिए प्रस्ताव देने वाले शेयरधारकों की सं.	शेयर अंतरित किए गए धारकों की सं	वर्ष के अंत में शेयर धारकों की सं	वर्ष के अंत में शेयरों की सं.
39	4762	0	0	39	4762

10.1. उचंत खाते के शेयर के संबंध में वोट डालने के अधिकार को अवरोधित किया गया है।

11. गैर-जरूरी आवश्यकताएं:

11.1. बोर्ड:

सरकार द्वारा गैर कार्यपालक अध्यक्ष की नियुक्ति बाकी है। बोर्ड के बैठकों की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा की जाती है।

11.2. शेयरधारकों का अधिकार:

तिमाही और वार्षिक परिणाम समाचारपत्रों में प्रकाशित की गयी है, बैंक की वेबसाइट और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है।

11.3. लेखा परीक्षा रिपोर्ट में संशोधन विकल्प:

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए लेखा परीक्षा रिपोर्ट में संशोधन विकल्प निहित नहीं है।

11.4. आंतरिक लेखा परीक्षक की रिपोर्टिंग:

बैंक के पास आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य को चलाने, देखरेख और निगरानी करने के लिए एक स्वतंत्र लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग है। बैंक अपने आंतरिक निरीक्षकों, समवर्ती और राजस्व लेखा परीक्षकों के माध्यम से वर्ष के दौरान आंतरिक लेखा परीक्षा करता है। आंतरिक लेखा परीक्षा और निरीक्षण संबंधी सभी प्रमुख निष्कर्ष बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति को सूचित किया जाता है।

कृते निदेशक मंडल

ह/

अशोक कुमार प्रधान
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
डीआईएन: 07748272

दिनांक: 13 मई, 2019, कोलकाता

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया
प्रधान कार्यालय
11, हेमंत बसु सरणी
कोलकाता - 700 001

आचार संहिता की घोषणा

यह पुष्टि की जाती है कि बैंक ने बोर्ड के सदस्यों तथा स्केल VII, स्केल VI जिनके पास स्वतंत्र प्रभार है एवं कंपनी सचिव रैंक के वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए आचार संहिता अपनाई है और यह बैंक के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल और उपर्युक्त रैंक के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि उनके द्वारा उक्त संहिता का अनुपालन किया जाता है। एतदद्वारा यह घोषित किया जाता है कि बैंक ने बोर्ड के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों से पुष्टि प्राप्त की है कि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए उक्त संहिता का अनुपालन किया है।

ह/-
अशोक कुमार प्रधान
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
डीआईएन: 07748272

दिनांक : 13 मई, 2019, कोलकाता

निदेशकों की गैर-अयोग्यता प्रमाण-पत्र

[सेबी के (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 34 (3) और अनुसूची V के अनुच्छेद सी के खंड (10) (i) के अनुसरण में]

सेवा में
सदस्यगण, **युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया**

हमने युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया जिसका प्रधान कार्यालय **"युनाइटेड टावर्स" 11 हेमंत बसु सरणी, कोलकाता 700001 में है एवं बीएसई लिमिटेड., स्क्रिप कोड: 533171 एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड स्क्रिप कोड: UNITEDBNK** (इसके बाद "बैंक" के रूप में संदर्भित), निदेशकों द्वारा दिए गए अद्यतन कार्यवृत्तों, बहियों, अभिलेखों, उद्घोषणाओं एवं प्रकटीकरण का परीक्षण किया है। जिसे बैंक द्वारा हमारे समक्ष **भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूची निर्धारण और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (समय-समय पर संशोधित)** नियमन 34 (3) के साथ पठित अनुसूची V अनुच्छेद-सी उप खंड 10 (i) के अनुसार प्रमाण पत्र जारी करने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है।

